सुप्रभात
रांची, बुधवार
03.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 259 | 12
प्रियंका चोपड़ा की फिल्म टाइगर 22 को होगी रिलीज

इफ्तार : शाम 6.02 (3 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.19 (4 अप्रैल)
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

HIND
INDUSTRIAL TECHNICAL INSTITUTE
देश विदेश में नौकरी के लिए सम्पर्क करें
Safety Officer, Nebosh & IOSH
J.C.B., Excavator, Mobile Crane
Forklift, Q.C. Arc Argon,
Instrumentation, Fitter, B.M.S
Electrician, HVAC, PLC, etc...
Hostel and Mess Facility
Dr. Md. Tahir Hussain Director
NISHA APARTMENT, JAWAHAR NAGAR
इफ्तार : शाम 6.02 (3 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.19 (4 अप्रैल)

# चंपई ने दिये बड़े संकेत, कल्पना हो सकती हैं सीएम

## भाभी के खिलाफ लड़ सकते हैं हेमंत, पार्टी में चर्चा जारी, फैसला शीघ्र

**खबर मन्त्र टीम**





**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पूर्व सीएम हेमंत और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को लेकर बड़ी बात कही है। एक तरफ उन्होंने जहां कल्पना को मुख्यमंत्री बनाये जाने का संकेत दिया तो दूसरी तरफ पहली बार सोरेन परिवार के दो सदस्यों के एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने का इशारा किया है। झारखंड के चुनावी माहौल में चल रही तमाम तरह की अटकलों के बीच खुद सीएम चंपाई सोरेन ने एक समाचार एजेंसी को दिये इंटरव्यू में यह बड़ा संकेत दिये।

**पार्टी में चर्चा जारी, फैसला शीघ्र**

साक्षात्कार में सीएम ने जेल में बंद हेमंत सोरेन बागी होकर भाजपा में गयी भाभी सीता सोरेन के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसको लेकर जल्द फैसला किया जायेगा। उन्होंने हेमंत की पत्नी कल्पना को सीएम बनाये जाने की बात भी कही है। चंपाई ने कहा कि गांडेय विधानसभा सीट से हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना की उम्मीदवारी के बारे में झामुमो पार्टी एक सप्ताह में फैसला करेगी। उन्होंने कहा, 'अगर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव लड़ती हैं और जीतती हैं, तो झामुमो तय करेगा कि क्या वह मुख्यमंत्री बनेंगी। साक्षात्कार के दौरान कल्पना के सीएम बनने और हेमंत सोरेन के भाभी सीता के खिलाफ चुनाव लड़ने की अटकलों की बीच चंपाई ने इनका खंडन नहीं किया है, बल्कि कहा है कि इस पर जल्द फैसला हो सकता है। उन्होंने ऐसा कहकर इस बात की पुष्टि कर दी है कि झामुमो में दोनों ही बातों पर विचार चल रहा है। झारखंड के सीएम ने कहा जल्द उम्मीदवारी पर होगा फैसला।

**दिलचस्प हो रहा माहौल**

झारखंड में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव बेहद दिलचस्प होने जा रहा है। पहली बार सोरेन परिवरा के दो सदस्य एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं। गांडेय विधानसभा सीट पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान होने जा रहा है। गिरिडीह जिले की गांडेय सीट से झामुमो के विधायक सरफराज अहमद ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की अटकलों के बीच इस्तीफा दे दिया था।

(शेष पेज 11 पर)

### राजनीति में सक्रिय हैं कल्पना सोरेन

4 मार्च को गिरिडीह में ही झामुमो के स्थापना दिवस पर कल्पना ने राजनीति में प्रवेश किया। पति की गिरफ्तारी के बाद राजनीति में उतरीं कल्पना ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित विपक्ष की रैली को भी संबोधित किया। यह पूछे जाने पर कि क्या जेएमएम हेमंत सोरेन को दुमका सीट से सीता सोरेन के खिलाफ उतार सकती है। चंपाई ने कहा कि पार्टी जल्द ही इस पर फैसला लेने जा रही है।

## संजय सिंह की जमानत पर बोलीं कल्पना

# तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त



**आप नेता** संजय सिंह की जमानत पर खुशी जताते हुए झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने एक्स पर लिखा, 'तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है। आप नेता और राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह जी ने अन्यायपूर्ण कारावास के खिलाफ एक बड़ी जंग जीती है।' श्री सिंह को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। पिछले साल अक्टूबर में ईडी ने उन्हें कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था। रविवार को ही कल्पना सोरेन ने दिल्ली में गठबंधन की महारैली को संबोधित भी किया था। 'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से कल्पना ने दिल्ली जाकर भेंट की थी और उन्हें सांत्वना दी थी।

## न्यूज डायरी

### अर्जुन मुंडा ने दिउड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना



रांची। केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को तमाड़ स्थित सुप्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। उनके साथ पत्नी मीरा मुंडा और परिजनों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री मुंडा ने माता का आशीर्वाद लेकर सभी की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस दौरान वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

### आग से गढ़वा डीसी ऑफिस का सामान खाक

मेदिनीनगर। पलामू से सटे गढ़वा समाहरणालय में मंगलवार की दोपहर आग लग गयी। घटना में डीसी कार्यालय का सारा सामान जलकर राख हो गया है। अफरा-तफरी का माहौल हो गया। दमकल की गाड़ी ने दो घंटों की मशक्कत के बाद आग बुझाई। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

### धनबाद बुक फेयर में लगी आग, लाखों की क्षति

धनबाद। जिला परिषद मैदान में लगे पुस्तक मेला के एक बुक स्टॉल में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गयी। स्टॉल धारक ने बताया कि कुछ किताबें जली हैं जबकि आग बुझाने के दौरान पानी से भींगने से दो स्टॉल की महंगी महंगी लाखों रुपये की किताबें बर्बाद हो गयी है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

सिमडेगा । जलडेगा थाना के ओड़गा ओपी अंतर्गत तेलंगा नाला के समीप बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गयी और पहाड़ी से टकरा गई। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। मृत एक युवक की पहचान बानो के रामजोल निवासी महेश प्रसाद के रूप में की गयी। दूसरे की पहचान नहीं हो सकी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 64100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# एनडीए की बैठक में संयुक्त चुनाव अभियान पर जोर

## सभी 14 लोकसभा सीट जीतेंगे : वाजपेयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** एनडीए की बैठक में मंगलवार को भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि लोकसभा चुनाव में दोनो पक्षों का एजेंडा स्पष्ट है। एक तरफ इंडी ठगबंधन घोटालेबाजों का गठबंधन है, जो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा है। साथ ही, भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए अनर्गल प्रलाप कर रहा है। उन्होंने कहा कि वहीं एनडीए पीएम मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने को संकल्पित है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में सभी 14 सीटें हमलोग जीतेंगे। बैठक में शामिल भाजपा और आजसू नेताओं ने संयुक्त चुनाव प्रचार अभियान चलाने पर जोर दिया।श्री वाजपेयी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों व परिवारवादी पार्टियों ने मिल कर गटबंधन बनाया है। वे मोदी को सिर्फ इसलिये हटाना चाहते हैं, ताकि भ्रष्टाचार से पर्दा नहीं उठे। उन्होंने कहा कि जनता के लूटे पैसे को पाई पाई वापस कराना यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्यकर्ता, जनता के बीच मोदी सरकार की अपार उपलब्धियां और राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर घर घर जायें। वहीं बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान में हमे संपर्क, संवाद और समन्वय से कार्य करना है। जनता से अधिक से अधिक संपर्क करें।

कोई घर छूटे नहीं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प को तेजी से पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। देश का स्वाभिमान सम्मान दुनिया में बढ़ा है। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि प्रदेश में एनडीए पूरी तरह एकजुट है। जमीनी स्तर पर दोनो दलों के कार्यकताओं में समन्वय स्थापित कर प्रचार अभियान को सफल बनाने की परंपरा अच्छी पहल है। बैठक में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी समेत नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, संजय सेठ, विद्युत वरण महतो, ढुल्लू महतो, सीता सोरेन, मनीष जायसवाल, ताला मरांडी, समीर उरांव, लंबोदर महतो, उमाकांत रजक, प्रदीप वर्मा, डॉ रविंद्र राय, दीपक प्रकाश सहित अन्य नेता उपस्थित थे। बैठक का संचालन सांसद आदित्य साहू और धन्यवाद ज्ञापन बालमुकुंद सहाय ने किया।

# बिल्ली के गले में घंटी जरूर बांधूंगा : सरयू

### धनबाद के मतदाता कोई चिंता न करें



**जमशेदपुर (विशेष संवाददाता)।** विधायक सरयू राय ने धनबाद के मतदाताओं को आश्वस्त किया है कि अगर विपक्ष से कोई हिम्मत नहीं करता तो वह उनके लिए बिल्ली के गले में घंटी अवश्य बांधेंगे। उनका इशारा धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की ओर था। उन्होंने कहा चार दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों के अभियुक्त है भाजपा प्रत्याशी। श्री राय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने मेरे ऊपर कमेंट किया है कि मैं कोई जज थोड़े हूं जो भाजपा प्रत्याशी पर फैसला सुनाऊं। मैं बड़े ही आदर के साथ उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं तो जज नहीं हूं और नहीं आप जज हैं, लेकिन आपकी पार्टी ने जिसे धनबाद सीट पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया है, उस पर दर्ज आपराधिक मामलों पर चार जज अपना फैसला सुना चुके हैं। तीन जजों ने एक-एक वर्ष की सजा सुनायी है जबकि एक जज ने डेढ़ साल की। सरयू राय ने बाबूलाल को याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार 2 साल अथवा उससे ज्यादा सजा पाने वाले व्यक्ति को भारतीय लोकतांत्रिक चुनाव में भाग लेने का हक नहीं है। ऐसे में श्री महतो को साढ़े चार साल की सजा हो चुकी है। वह चुनाव लड़ने के योग्य नहीं है। श्री राय ने कहा कि व खुद या पार्टी ढुलू महतो के खिलाफ चुनाव आयोग के पास शिकायत करेंगी। हम इसकी शुरूआत धनबाद जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत करके शुरू करेंगे। नामांकन को खारिज करने का अधिकार निश्चित रूप से चुनाव आयोग के पास होगा। श्री राय ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेताओं से फोन पर बात की है। झामुमो के लोग भी संपर्क में हैं। हमने कहा है कि आप लोग एक मजबूत प्रत्याशी दीजिए ,अगर प्रत्याशी नहीं है तब आप मुझसे संपर्क कर सकते हैं क्योंकि धनबाद सेट को गुंडागर्दी से मुक्ति दिलाने का यह सही अवसर है।

# पांच राज्यों में 12 एसपी आठ डीएम बदले गये

## देवघर एसपी हटाये गये, चार पदों को शीघ्र भरने का निर्देश

### लोकसभा चुनाव से पूर्व आयोग का बड़ा एक्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची, नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए चुनाव आयोग ने अपने एक बड़े फैसले में देवघर (झारखंड) के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग समेत पांच राज्यों असम, बिहार, ओड़िशा और आंध्रप्रदेश में 12 पुलिस अधीक्षकों (एसपी) और आठ जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) को उनकी जगह से हटा दिया है। आयोग ने मंगलवार को ट्रांसफर ऑर्डर जारी कर दिया। आयोग की ओर से संबंधित राज्यों को इन अफसरों को हटाये जाने का आदेश भेज दिया गया है। साथ ही चुनाव आयोग ने दुमका आइजी ,पलामू डीआइजी, देवघर एसपी और रांची ग्रामीण एसपी का पद शीघ्र भरने का निर्देश दिया है। साथ ही देवघर एसपी के लिए राज्य सरकार से पैनल मांगा है। नये एसपी पर निर्वाचन आयोग ही मुहर लगायेगा।

**खाली पदों को भरने का निर्देश**

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखंड के देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग का न सिर्फ ट्रांसफर किया है, बल्कि खाली पड़े रांची के ग्रामीण एसपी, पलामू के डीआइजी, दुमका आईजी के पदों को भरने का भी निर्देश दिया है। इसके लिए अधिकारियों के नाम भी मांगे हैं, ताकि जल्द से जल्द इन पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति की जा सके।

(शेष पेज 11 पर)

### क्यों बदले एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग



जानकारी के अनुसार तीन मामलों में फरार चल रहे आरोपी शिवदत्त शर्मा ने 28 मार्च को सांसद निशिकांत दुबे पर जसीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग तक पहुंची थी कि एक फरार आरोपी कैसे थाना पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज करवा सकता है। एक दिव्यांग को भी जेल भेजने सहित कई अन्य आरोप देवघर एसपी पर हैं। इन शिकायतों को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने कड़ा कदम उठाते हुए देवघर एसपी को पद से हटा दिया।

### पुलिस मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस के संयुक्त दल के साथ मुठभेड़ में मंगलवार को नौ नक्सली मारे गये। कई अन्य के घायल होने की आशंका है। एसपी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर अनेक आधुनिक हथियार भी मिले हैं। पुलिस सूत्रों ने नौ के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि यह संख्या और भी बढ़ सकती है। एक अप्रैल की रात को बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्र में पुलिस की संयुक्त पार्टी तलाशी के लिए निकली थी। अभियान के दौरान मंगलवार को सुबह लेंड्रा गांव के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में अब तक नौ नक्सलियों के शव और अनेक आधुनिक हथियार मिले हैं। क्षेत्र में पुलिस और सघन तलाशी अभियान चला रही है।

## मीरा सिंह व शशिभूषण ने पूछताछ में खोले कई राज

# कई आइपीएस को भी इडी समन संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धनबाद के गोविंदपुर सीओ शशि भूषण और सब इंस्पेक्टर मीरा सिंह से मंगलवार को इडी अधिकारियों ने कई मामलों में लंबी पूछताछ की। दोनों को अलग-अलग मामलों में पूछताछ के लिए इडी ने समन जारी कर मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। कुछ दिनों पहले इनके ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। पूछताछ में सब- इंस्पेक्टर मीरा सिंह ने आइपीएस के स्थानांतरण-पदस्थापन को लेकर की गयी चैट के बारे में जबाब दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मीरा सिंह के बयान पर कई आइपीएस भी राडार पर आ गये हैं। इडी उन सभी को समन भेज कर पूछताछ के लिये बुला सकती है।

**मीरा और मोहित के यहां भी रेड**

तुपुदाना ओपी की तत्कालीन प्रभारी मीरा सिंह और उनके करीबी लाल मोहित नाथ शाहदेव के यहां इडी ने 21 मार्च को छापेमारी की थी। छापामारी के बाद मीरा सिंह को ओपी प्रभारी से हटा दिया गया था। उनके मोबाइल और डायरी की जांच से खुलासा हुआ था कि रोजाना कई ट्रक बालू की तस्करी होती थी।

(शेष पेज 11 पर)


### दोनों ने पूछताछ में कई राज उगले

पूछताछ के दौरान इडी अफसरों के समक्ष शशिभूषण और मीरा ने ट्रांसफर पोस्टिंग में गठजोड़ को ले कर कई राज खोले। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के करीबी शशि भूषण मंगलवार को सबसे पहले इडी दफ्तर पहुंचे। थोड़ी देर बाद झारखंड पुलिस की सब इंस्पेक्टर मीरा सिंह भी स्कूटी से इडी दफ्तर पहुंची। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालू तस्करी, जमीन घोटाला से लेकर कई मामलों में एजेंसी के अधिकारियों ने दोनों से पूछताछ की। शशि भूषण का अंबा प्रसाद के पूरे परिवार से गहरा नाता रहा है। कई जमीन पर कब्जे के लिए शशि भूषण ने अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र प्रसाद की मदद की थी। इसी वजह से अंबा के करीबी शशिभूषण के साथ साथ दूसरे करीबियों के यहां भी इडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान कुल 35 लाख से अधिक बरामद किया गया था। शशिभूषण सिंह के यहां से 15 लाख रुपये मिले थे। शशिभूषण की भी 100 से अधिक संपत्तियों की जानकारी इडी को मिला है।

# तीसरे कार्यकाल में हर भ्रष्ट पर होगी कार्रवाई : मोदी

### इंडिया गठबंधन परिवारवादियों व भ्रष्टाचारियों का झुंड

**एजेंसी**



**रूद्रपुर/नैनीताल।** पीएम मोदी ने मंगलवार को भ्रष्टाचारियों को साफ-साफ संदेश दिया और कहा कि तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार किया जायेगा। रूद्रपुर के ऐतिहासिक मोदी मैदान से चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि हर भ्रष्ट पर कार्रवाई होगी। हम गरीबों और मध्यम वर्ग का हक किसी को भी छीनने नहीं देंगे। उन्होंने साफ-साफ कहा कि हर भ्रष्टाचारी को जेल जाना होगा और उसे सजा होगी। बाद में उन्होंने राजस्थान में भी चुनावी सभा की। उन्होंने कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियों पर जोरदार हमला बोला। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस का मतलब है, देश की हर बीमारी की जड़।

**पूरी फिल्म तो अभी बाकी है :** नैनीताल की सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि दस साल में उनके कार्यकाल में जो हुआ है वह तो सिर्फ टेलर है। तीसरे टर्म में उनकी सरकार बड़े फैसले लेगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अभी तो बहुत कुछ करना है। बड़े फैसले लेने बाकी हैं और बिना रूके एवं थके देश को बहुत आगे ले जाना है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी) लोगों को भड़काने में जुटे हैं कि यदि तीसरी बार मोदी सरकार आ गयी तो देश में आग लग जायेगी। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की भाषा नहीं हो सकती है। (शेष पेज 11 पर)

### अभी तो टेलर है, हर भ्रष्टाचारी को जेल जाना होगा

पीएम ने इंडिया समूह और कांग्रेस पर भी जोरदार प्रहार किये और गठबंधन को भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बताया। आपातकाल की मानसिकता वाली कांग्रेस दस साल सत्ता से बाहर रह कर बौखला गयी है। देश को अस्थिरता की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का तुष्टिकरण का इतिहास रहा है। कर्नाटक के जिस नेता ने देश के टुकड़े-टुकड़े करने की बात कही, पार्टी ने उसे सजा देने के बजाय चुनाव में टिकट दे दिया। इससे साफ है कि कांग्रेस का देश को तोड़ने का इतिहास रहा है। जनता को याद दिलाया कि इसी कांग्रेस ने उत्तराखंड के सपूत और तीनों सेनाओं के प्रमुख विपिन रावत का भी अपमान किया था।

## रांची में सड़क जाम और ट्रैफिक पर कोर्ट खफा

# ट्रैफिक एसपी को किया तलब, आज मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में सड़क जाम और ट्रैफिक के खराब सिस्टम पर नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को एक पीआईएल पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पुलिस और रांची नगर निगम की भूमिका पर सवाल खड़े किये। साथ ही इस मामले में जवाब देने के लिए रांची के ट्रैफिक एसपी को बुधवार को सशरीर उपस्थित होने को कहा है। अदालत ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से जानना चाहा कि शहर में जाम की समस्या क्यों बनी रहती है। ट्रैफिक सिग्नल खराब क्यों हैं। मेन रोड, कोकर एवं अन्य जगहों पर मल्टी स्टोरी पार्किंग की व्यवस्था अब तक क्यों नहीं की गयी। ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस क्यों नहीं सस्पेंड किये जाते हैं।

**नगर निगम के जवाब से असंतुष्ट**

अदालत में रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि पहले की तुलना में ट्रैफिक सिस्टम बेहतर हुआ है।

(शेष पेज 11 पर)

# भ्रष्टाचार के मुद्दे पर झामुमो और भाजपा आमने-सामने

## आदिवासी लोग रहेंगे जेल में और जो नेता भ्रष्टाचारी, वे रहेंगे राजभवन में

### लोकसभा चुनाव में बीजेपी की शर्त सुन कर लोग अचंभित, जेएमएम ने कहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आगामी लोकसभा के लिए एनडीए चुनावी मैदान में उतर चुका है, चुनाव को लेकर एनडीए तैयारी कर रही है। मंगलवार को एनडीए की हुई बैठक में तमाम बड़े नेता और उम्मीदवार के शामिल होने के बाद जेएमएम केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने तंज कसते हुए कहा कि एनडीए की बैठक में बीजेपी प्रभारी द्वारा यह कहना कि लोकसभा चुनाव भ्रष्टाचारियों के खिलाफ होगा, यह सुन लोग चौंक गये कि चुनाव लड़ने की शर्त ही है कि जो भी भ्रष्टाचारी है वह बीजेपी में आये और चुनाव लड़े, पूरी गारंटी मोदी दे देंगे, क्योंकि पीएम की ओर से जो सेटिस्फाइड भ्रष्टाचारी है, अगर बीजेपी में आ जाये तो उसकी जीत की गारंटी है। झारखंड में भी देखा गया है, जो सीबीआइ के आरोपी और कनविक्टेड लोग हैं। उन्हें भी टिकट दिया जा रहा है। दो दिन पूर्व प्रधानमंत्री तमिलनाडू गये। वहां के एक निजी चैनल को दिये इंटरव्यू में चुनावी बांड पर सवाल किया गया तो उन्होंने अपने भ्रष्टाचार पर किस प्रकार से बचाव किया, यह सभी ने देखा।



#### भ्रष्टाचार की परिभाषा गढ़ रही बीजेपी : जेएमएम

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज भ्रष्टाचार की नयी परिभाषा गढ़ने का काम बीजेपी कर रही हैं। हेमंत सोरेन आदिवासी हैं वह जेल में रहेंगे और जिनके खिलाफ असख्य एविडेंस है, वह राजभवन में बैठे रहेंगे। यही खेल चलता रहेगा। महंगाई, भ्रष्टाचार और शिक्षा का पूर्णतः व्यवसायीकरण कर दिया गया इन सभी चीजों पर भाजपा नहीं बोलेगी।

#### राष्ट्रपति को सिंबल तरह यूज कर रही है बीजेपी

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को एक सिंबल के तौर पर यूज किया जा रहा है। जहां राष्ट्रपति महोदया दोनों हाथ बांध के खड़ी हैं, आडवाणी बैठे हुए हैं, मोदी बैठ कर मुस्कुरा रहे हैं। राष्ट्रपति का बंधा हुआ हाथ चुनाव आयोग को देखना चाहिए। जेएमएम ने चुनाव आयोग को कार्रवाई के मामले में अंधा बताया। आखिर उन्हें यह तस्वीर क्यों नहीं मिलती, आखिर चुनाव आयोग की क्या मजबूरी है। आडवाणी स्वस्थ नहीं हैं तो क्या उनके परिवार में और लोग नहीं हैं कि वह राष्ट्रपति भवन जायें। आडवाणी कुर्सी पर बैठ सकते हैं तो व्हीलचेयर पर जाते, राष्ट्रपति को बुलाया गया। एक आदिवासी महिला( राष्ट्रपति), इससे पहले दलित थी उनके साथ इस प्रकार से व्यवहार किया जायेगा।

## झामुमो सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल : प्रतुल

### झामुमो के बयान पर भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने किया पलटवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अनगिनत बड़े कार्यों को गिनाया। उन्होंने झामुमो से पूछा कि उसकी सरकार में भ्रष्टाचार व ट्रांसफर-पोस्टिंग के खेल के सिवा क्या उपलब्धि है। श्री शाहदेव झामुमो के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष में देश की दिशा और दशा बदल गई। 10 वर्ष पूर्व भारत विश्व का 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। आज भारत पांचवी सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था हो गयी है और अगले 3 वर्षों में तीसरे स्थान तक पहुंचाने का लक्ष्य है।



उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में उज्ज्वला योजना ने बहनों की आंखों से आंसू को पोछा। पीएम योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। आवास योजना ने चार करोड़ गरीबों को आवास उपलब्ध कराया। आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब को भी बेहतर अस्पताल में इलाज कराने की सुविधा मिली। जन धन योजना के अंतर्गत आदिम जनजातियों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए 24000 करोड़ का बजट का प्रावधान हुआ। अपने देश में 200 करोड़ कोरोना के वैक्सीन के टीके लोगों को मुफ्त लगवाया गया। बल्कि 100 से ज्यादा देशों में स्वदेशी टीके भेजे गये। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 14 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत 11 करोड़ किसानों को 2.6 लाख करोड़ की सहायता राशि उपलब्ध कराई गयी।

उन्होंने कहा कि इसके उलट हेमंत सरकार पार्ट वन और पार्ट 2 सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार के कारण देश में जानी गई। 70000 करोड़ का घपला, घोटाले का आरोप लगा। उन्होंने कहा अगर हेमंत सोरेन निर्दोष हैं तो पिछले दो महीना से इन्होंने अपने बेल के लिए किसी न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया। आदिवासी राष्ट्रपति का अपमान करने वाले कांग्रेस के साथ सरकार चला रहे झामुमो को इस मुद्दे पर नैतिकता की बात करना बेमानी है।

उन्होंने कहा की कुछ दिन पहले झामुमो ने राष्ट्रपति भवन पर भी समय नहीं देने को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि आडवाणी जी को भारत रत्न देते समय किसी प्रकार का प्रोटोकॉल नहीं तोड़ा गया। उलटे व्योवृद्ध हो चुके 96 वर्ष के आडवाणी जी को व्हीलचेयर से राष्ट्रपति भवन ले जाने की बात कर झामुमो ने अपनी ओछी मानसिकता दिखा दी है।

## मोबाइल लैब एवं फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति पर जवाब तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में मंगलवार को मिलावटी खाद्य पदार्थों से संबंधित मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से पूछा है कि खाद्य पदार्थों की जांच के लिए बने मोबाइल लैब काम कर रहे हैं या नहीं। अदालत ने यह भी पूछा है कि फूड सेफ्टी आफिसर की नियुक्ति को लेकर क्या किया जा रहा है। जेपीएससी की ओर से पूछे गए प्रश्न पर अब तक जवाब क्यों नहीं दिया गया है। अदालत ने दोनों मामले में शपथ पत्र के माध्यम से जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। पिछली सुनवाई में कहा गया कि सरकार की ओर से खाद्य पदार्थों की जांच के लिए मोबाइल लैब बनाया गया है, लेकिन यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गया है।

### सीइओ ने राज्य में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम की समीक्षा की

## चुनाव अवधि में अवैध शराब और मादक पदार्थों के मामलों में सख्ती से करें कार्रवाई : के. रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव के लिए अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए पूरी सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वे मंगलवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम से संबंधी विषयों पर वीसी के माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उत्पाद अधीक्षक द्वारा की गई कार्रवाई की जिलावार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर सख्ती बरतें और इसमें संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। शराब एवं मादक पदार्थों में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर्स एवं अन्य आरोपितों का प्रोफाइल के साथ डाटाबेस तैयार कर इसकी तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने पर जोर दिया।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शराब एवं मादक पदार्थ चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित न करें। इसके लिए चिन्हित एवं संभावित स्थानों पर छापेमारी तेज कर दें और आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने रिटेलर के पास अधिक मात्रा में प्रारंभिक स्टॉक, खरीद-बिक्री एवं अंतिम स्टॉक की जांच करने, चेक पोस्टों द्वारा अधिक मात्रा में जब्त की गई, अवैध शराब की मात्रा, मूल्य आदि का आकलन करने का निर्देश दिया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के पश्चात दर्ज मामलों एवं गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाईयों की भी समीक्षा की। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में विषाक्त शराब से हुई मौतों के मामलों को देखते हुए पूरी संजीदगी से कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण एवं बिक्री के नियंत्रण के दौरान दायर किए गए मामलों एवं आरोपितों के विरुद्ध चल रही कार्रवाइयों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की।

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी. होमकर ने शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सख्त-से-सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतते हुए शराब एवं मादक पदार्थों के भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस झारखंड में जनसंख्या के आधार पर दे राजनीतिक भागीदारी : राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस पार्टी के पास अभी भी ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में राजनीतिक भागीदारी देने का मौका है। झारखंड में कांग्रेस ओबीसी को चार लोकसभा, झामुमो दो और एक सीट राजद भी दे। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आज प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करता है कि पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ओबीसी के जनसंख्या अनुपात में हक अधिकार की आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसलिए झारखंड में कांग्रेस को मिली 7 सीटों में से ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 4 लोकसभा का टिकट मिले। श्री गुप्ता ने कहा की कांग्रेस पार्टी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने एससी, एसटी व ओबीसी के हक अधिकार जनसंख्या अनुपात में मिलने की वकालत करते रहे हैं। अब मौका है राजनीतिक भागीदारी देने की है।

निर्दलीय विधायक सरयू राय के एक सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह घोर जातिवादी, सामंतवादी और पिछड़ा विरोधी हैं। इसलिए कांग्रेस पार्टी उन्हें टिकट नहीं दे, नहीं तो इसका मोर्चा विरोध करेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि वह दलित आदिवासी पिछड़ा के नेता, अधिकारी और ठेकेदार के पीछे पड़े होते हैं और उनकी संपत्ति जांच की मांग करते हैं। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा विधायक सरयू राय के वर्चुअल संपत्ति की जांच की मांग करता है। प्रेस वार्ता में मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के अलावे प्रदेश महासचिव अजय मेहता, उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह, दिलीप वर्मा,वसीम अकरम, शुभम विश्वकर्मा, महेंद्र शर्मा, गुड्डू कुमार आदि उपस्थित थे।

## डीएसपी शिवेंद्र कुमार के आइपीएस बनने का रास्ता साफ

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय बैच की सेवा संपुष्टि के लिए शिवेंद्र कुमार द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल रिट याचिका दायर पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की खंडपीठ ने झारखंड सरकार को आदेश दिया है कि शिवेंद्र की सेवा 6 सप्ताह के अंदर संपुष्ट करते हुए उन्हें सभी तरह का लाभ प्रदान करें। उन्होंने याचिका में गुहार लगाई थी कि जेपीएससी द्वितीय बैच के सभी अधिकारियों की सेवा संपुष्ट हो गई है लेकिन उनकी सेवा संपुष्ट नहीं की गई है। शिवेंद्र की नियुक्ति वर्ष 2008 में डीएसपी के पद पर हुई थी। शिवेंद्र का अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वर्ष 2008 में सेकेंड जेपीएससी परीक्षा पास कर शिवेंद्र डीएसपी बने थे। बाद में द्वितीय झारखंड पब्लिक सर्विस नियुक्ति को सीबीआई के द्वारा जांच किया गया था।

## रामटहल चौधरी के बाद गिरिनाथ सिंह ने भी भाजपा को दिया झटका

**उदय चौहान**



**झारखंड भाजपा के असंतुष्ट नेता दूसरे दलों की ओर कर रहे हैं रूख, चुनाव की गर्माहट बढ़ने पर भाजपा को अपने खैर ख्वाहों को समेट के रखना नहीं होगा आसान, चतरा से टिकट कटने के बाद सुनील सिंह और लोहरदगा से टिकट कटने के बाद सुदर्शन भगत एवं दुमका से टिकट कटने के बाद सुनील सोरेन भी नहीं बताये जा रहे खुश...**

**रांची।** झारखंड भाजपा के लिये पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का पार्टी छोड़कर राजद ज्वाइन करना झटका के समान है। श्री सिंह पलामू प्रमंडल में अच्छी राजनीतिक पैठ रखते हैं और संभावना है कि इस बार राजद की टिकट पर चतरा से चुनाव लड़े। भाजपा नेतृत्व को अपने असंतुष्टों को बांध कर रखना मुश्किल हो रहा है। यही कारण है कि सप्ताह भर पहले भाजपा के पांच बार के सांसद रहे रामटहल चौधरी ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया। ये दोनों उदाहरण मात्र हैं कि भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं है। वैसे, चतरा से टिकट कटने के बाद सुनील सिंह अंदर ही अंदर खार खाये बैठे हैं। वही हाल, लोहरदगा से टिकट कटने के बाद सुदर्शन भगत की भी बतायी जा रही है। दुमका से उम्मीदवार बनाये जाने के बाद टिकट कटने से सुनील सोरेन भी असंतुष्ट हैं।

जैसे-जैसे चुनावी तपिश बढ़ रही है कि दलों के भीतर खदबदाहट बढ़ रही है। इसमें भाजपा भी अछूता नहीं है। भाजपा के भीतरखाने में विभिन्न गुट पनपने लगे हैं। एक पुराने कार्यकर्ता का दावा है कि अब यहां परिक्रमावीरों की ही पूछ है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की टीम पर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है। बताया जाता है कि पुराने कार्यकर्ताओं को चुन-चुन का हाशिये पर धकेला जा रहा है। हालांकि, भाजपा के पास कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज है और बूथ लेबल पर उसके कार्यकर्ता मुस्तैदी से जनसंपर्क अभियान चलाने को सक्षम है। बावजूद चुनावी समर में किसी दल को कमतर आंकना भाजपा के सेहत के लिये मुफीद नहीं रहेगा।


### अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग

**-:: आम सूचना ::-**

**"जल ही जीवन है"** **"जल है तो कल है"**

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आगत ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग कार्यालय सहित प्रमण्डलों में नियंत्रण कक्ष का गठन किया जाता है। कार्यालयवार सूचना निम्नांकित है:-

| क्र0 | नियंत्रण कक्ष / कार्यालय का नाम | नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी / कर्मचारी का नाम | मोबईल नं0 | नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | श्री विजय प्रसाद (नोडल पदाधिकारी) | 9304933309 | 06546-262811 |
| | | श्री कृष्णा कुमार (नि0व0लि0) | 6299638350 | |
| | | श्री संजोग बेदिया (नि0व0लि0) | 6200368272 | |
| | | श्री राजेष कुमार (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 8709418857 | |
| | | श्री शाहिद अख्तर अंसारी, अनुसेवक | 9546615526 | |
| 2 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता | 8002093156 | 06546-296105 |
| 3 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ | ई0 अनिल कुमार गुप्ता, कार्यपालक अभियंता, | 9973461837 | 06553-223193 |
| 4 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया | ई0 अभय टोप्पो, कार्यपालक अभियंता, | 8987463859 | |
| 5 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, | 9431325479 | 06541-253273 |

आम जनता से अपील है कि अपने आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप मरम्मति / जलापूर्ति संबंधित शिकायत उपर्युक्त अंकित मोबाईल (व्हाट्सअप) / दूरभाष / शिकायत पंजी एवं विभागीय टोल फ्री दूरभाष संख्या -18003456502 तथा ई-मेल sedwsd.hazaribagh@gmail.com पर भी संपर्क स्थापित कर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे, ताकि आम जनता को नियमित रूप से पेयजलापूर्ति की जा सके।

(ई0 विजय कुमार एडविन)
अधीक्षण अभियंता

PR.NO.323524 Drinking Water and Sanitation(24-25):D


## झारखंड में शेष कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा छह अप्रैल के बाद संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस पार्टी झारखंड में लोकसभा उम्मीदवारों को लेकर शेष बचे सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा छह अप्रैल के बाद कभी और किसी भी दिन हो सकती है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री राकेश सिन्हा की मानें तो छह अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी (सीईसी) की बैठक होने की संभावना है। जिसके बाद कांग्रेस और राज्य में इंडी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रहे दलों के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा हो सकती है। जानकारी के मुताबिक राज्य में कांग्रेस सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिनमें से अब तक सिर्फ तीन सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा हो पायी है। कांग्रेस के हिस्से की बची सीटों पर पार्टी सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक छह अप्रैल को होने के बाद या अगले दिन सुबह उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। जिसके बाद राज्य में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से चुनावी मैदान में उतर जायेगी।

**तीन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस कर चुकी है उम्मीदवारों की घोषणा :** कांग्रेस सीईसी की 28 मार्च को हुई बैठक के बाद पार्टी ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। जिसमें लोहरदगा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा और हजारीबाग से जयप्रकाश पटेल को पार्टी ने लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। फिलहाल इंडी गठबंधन को कुल 11 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करनी है। **राज्य में सीट शेयारिंग का फॉमूर्ला तय** : झारखंड में इंडी गठबंधन के तहत चार दल राज्य में चुनाव लड़ रहे हैं। जिनमें कांग्रेस, जेएमएम, आरजेडी और भाकपा माले शामिल हैं। कांग्रेस लोकसभा की सात सीट रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, धनबाद, गोड्डा और पलामू पर उम्मीदवार देगी। वहीं जेएमएम राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेदपुर और सिंहभूम (चाईबासा) लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देगा। इसके साथ भाकपा माले कोडरमा और चतरा लोकसभा सीट से आरजेडी चुनाव लड़ेगा।

## 5 अप्रैल तक लू चलने का अनुमान,रेड अलर्ट

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से पांच अप्रैल तक पूरे राज्य में लू चलने की संभावना जतायी है। विभाग ने इसके लिए रेड अलर्ट जारी किया है। बता दें कि पाकुड़, गोड्डा, प. सिंहभूम, साहेबगंज और जमशेदपुर का तापमान 40 डिग्री से. के पार पहुंच चुका है वहीं, रांची का तापमान भी 35 डिग्री से. पार है। मौसम विज्ञान के अनुसार ऐसा पहली बार हुआ कि अप्रैल में इतनी गर्मी पड़ रही है। राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। यह स्थिति राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में 5 अप्रैल तक रहेगी, इसके बाद 6 और 7 अप्रैल को कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

**हीट वेव का देखा जायेगा असर**

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि अप्रैल माह में 4 और 5 तारीख को राज्य के दक्षिणी पूर्वी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां के अलावे देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा और साहिबगंज में हीट-वेव का असर देखने को मिलेगा। इसे लेकर विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है।

## व्याख्याता नियुक्ति मामले में सीबीआइ और विश्वविद्यालयों ने जवाब के लिए लिया समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने 2008 में हुई 750 व्याख्याताओं की नियुक्ति में बड़े पैमाने पर बरती गयी अनियमितता को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के दौरान प्रतिवादी सीबीआइ और विश्वविद्यालयों की ओर से जवाब दायर करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने सीबीआइ के अधिवक्ता को अगली सुनवाई के दौरान पूरी रिपोर्ट के साथ आने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान राज्य के विश्वविद्यालयों से पूछा था कि जब व्याख्याता नियुक्ति में गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट सीबीआइ द्वारा दी गयी है, तो उस पर क्या कार्रवाई की गयी है।



उल्लेखनीय है कि प्रार्थी नेट-बेट एसोसिएशन, डॉ मीरा कुमारी, डॉ अमिताभ कुमार व अन्य की ओर से अलग-अलग याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया है कि जेपीएससी ने 2007 में जेट का आयोजन किया था, जिसका रिजल्ट एजेंसी ग्लोबल इंफ्रोमेटक्सि ने जारी किया था। इसके आधार पर 2008 में 27 विषयों में 750 व्याख्याताओं की नियुक्ति की गयी थी। नियुक्ति में भारी गड़बड़ी हुई थी। चहेते लोगों को नियुक्त किया गया है।

जेपीएससी के तत्कालीन सचिव रतिकांत झा की ओर से 18 नवंबर 2011 को हाइकोर्ट में शपथ पत्र दायर कर बताया था कि बंगाली, उड़िया, मैथिली, भूगर्भशास्त्र, गृहविज्ञान, सांख्यिकी व पर्शियन भाषा के रिजल्ट पर परीक्षा नियंत्रक सह सचिव ने हस्ताक्षर किया था, लेकिन 21 विषयों के रिजल्ट पर परीक्षा नियंत्रक सह सचिव ने हस्ताक्षर नहीं किया। आयोग की सहमति भी नहीं थी। संयुक्त मेरिट लिस्ट भी जारी नहीं किया गया था। हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ नियुक्ति गड़बड़ी की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट भी दी जा चुकी है।

### वामदलों की एकता बरकरार रखने के लिए माकपा ने भाकपा को चतरा सीट छोड़ने की दी सलाह

## इंडिया गठबंधन से दूरी बढ़ने के बाद वामदलों के बीच चतरा लोकसभा सीट को लेकर टसल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इंडिया गठबंधन के तहत झारखंड की 14 लोकसभा सीट में से एक भी सीट नहीं मिलने की स्थिति में वामदलों ने गठबंधन की शर्तों को नजरअंदाज कर राज्य की आठ लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दी है। इसके बावजूद वामदलों के बीच चतरा सीट को लेकर आपस में ही तनातनी बरकरार है। चतरा लोस सीट पर सीपीआई ने अपना उम्मीदवार देने की घोषणा कर दी है जो सीपीआईएम को मंजूर नही है।

मालूम हो कि वामदलों की ओर से पहले इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की घोषणा की गयी थी। वहीं सीट नहीं मिलने पर नाराज सीपीआई नेताओं ने सभी आठ लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। ऐसे में वामदलों की एकजुटता बनाये रखने के लिये सीपीआईएम की ओर से सीपीआई नेताओं को पत्राचार किया गया है। जिसमें भाजपा को लोकसभा चुनाव में हराने के लिए वामदलों की एकजुटता की बात कही गयी है।

पत्राचार की जानकारी देते हुए सीपीआईएम नेता प्रकाश विप्लव ने कहा है कि मार्च में संयुक्त वामदलों की बैठक में सीपीआईएम की ओर से राज्य की दो सीटों राजमहल और चतरा में प्रत्याशी दिए जाने का आग्रह सीपीआई से किया गया था। लेकिन इस अनुरोध को सीपीआई ने नजरअंदाज किया था। साथ ही सीपीआई ने चतरा संसदीय सीट पर भी अपना उम्मीदवार दिए जाने की घोषणा कर दी। इस घोषणा से वाम दलों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी है।

पत्र में कहा गया है कि सीपीआईएम की स्पष्ट समझ है कि अब तक के घटना के अनुसार झारखंड में इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग की संभावना नजर नहीं आ रही है। इसलिए वामदलों विशेष कर सीपीआई और सीपीआईएम की एकता अत्यावश्यक है। इस स्थिति में वक्त को देखते हुए झारखंड में भाजपा की हार सुनिश्चित किए जाने के लिए कम से कम वामदलों की एकता सुनिश्चित होनी चाहिये। इस पृष्ठभूमि में अनुरोध है कि सीट शेयरिंग के मुद्दे पर आपसी बातचीत जारी रखा जाये और चतरा संसदीय सीट पर सीपीआई पुनर्विचार कर सीपीआईएम को दें।

# महागठबंधन के उम्मीदवारों की रेस में ददई दुबे आगे

## धनबाद लोकसभा सीट

**● कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की आज की बैठक में स्थिति हो सकती है साफ**

मिथिलेश/राममूर्ति



**धनबाद।** धनबाद संसदीय क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को लेकर कौतूहल बना हुआ है। कांग्रेस के खाते में आई इस सीट पर दावेदार तो कई हैं, लेकिन पार्टी हाई कमान किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सका है। जानकारों का मानना है कि इस रेस में धनबाद के पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे सबसे आगे चल रहे हैं। कोयला क्षेत्र में मजदरों पर उनकी मजबूत पकड़ और जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर पार्टी उनके नाम पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि दिल्ली में 3 अप्रैल को कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी (सीईसी) की बैठक होगी, जिसमें झारखंड की शेष चार सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। अब तक कांग्रेस ने हजारीबाग, लोहरदगा और खुंटी में ही अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। बैठक के बाद 3 या 4 को रांची, धनबाद, गोड्डा और पलामू के उम्मीदवारों की घोषणा हो सकती है। ज्ञात हो कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस का झारखंड की 14 लोकसभा सीट के लिए झामुमो, वामदल और आरजेडी के साथ गठबंधन है, जिसमें कांग्रेस को 7, झामुमो के 5, वामदल और आरजेडी को 1-1 सीट मिली है। परंतु अब तक 10 सीट पर महागठबंधन के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है।

### धनबाद सीट पर ये भी दावेदार

धनबाद लोकसभा सीट पर ददई दुबे के अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह और जयमंगल के छोटे भाई कुमार गौरव रेस में शामिल है। ये सभी दिल्ली दरबार में अपनी अपनी अर्जी लगा चुके हैं। लेकिन पूर्णिमा और ददई को छोड़ सभी चेहरे धनबाद के लिए नये हैं। ददई दुबे की चर्चा इसलिए भी है क्योंकि वर्ष 2004 में वह भाजपा की चार बार सांसद रह चुकी प्रो रीता वर्मा को पटखनी दे चुके हैं। मजदूरों के साथ पिछड़ों और सवर्णों को साधाने में भी माहिर माने जाते हैं। लेकिन अधिक उम्र के कारण पार्टी अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। पूर्णिमा नीरज सिंह वर्तमान में विधायक हैं और पति नीरज सिंह को असमय खोने के कारण जनता में भी उनके प्रति सहानुभूति है। कुमार गौरव झारखंड युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ वर्तमान में राहुल गांधी के यूथ ब्रिगेड में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### रेस में भाजपा के दो बागी भी हैं शामिल

कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट में भाजपा के दो बागी चेहरे भी शामिल हैं। गिरिडीह लोकसभा सीट से पांच दफा सांसद रह चुके रवींद्र कुमार पांडेय भी कांग्रेस का टिकट पाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। अगर टिकट मिला तो ठीक, वरना गिरिडीह से झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो को मना का प्रयास किया जा सकता है, अगर वह मान जाएं तो उनकी जगह रवींद्र पांडेय को खड़ा किया जा सकता है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शायद मथुरा महतो अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर मान भी जाएं और अपनी उम्मीदवारी का दावा वापस ले लें तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। दूसरी तरफ भाजपा छोड़ 2019 में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जमशेदपुर पूर्वी सीट के विधायक बने सरयू राय भी इंडिया गठबंधन से समर्थन की आस में हैं। वर्तमान में वह भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं और धनबाद से चुनाव लड़ने का मन भी बना रहे हैं। कांग्रेस व झामुमो की नजर उनपर बनी हुई है। झामुमो ने तो घोषणा भी कर दी है कि यदि सरयू धनबाद से चुनाव लड़ते हैं तो वे उनका समर्थन करने के लिए तैयार हैं। यदि यह सच हुआ तो महागठबंधन के अन्य उम्मीदवारों के मंसूबों पर पानी फिर सकता है।

## स्पीड न्यूज

### हर्षित हत्याकांड नबालिग को तीन वर्ष की कैद

**धनबाद।** महुदा निवासी हर्षित की हत्या कर देने के एक मामले में मे आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की प्रधान दंडाधिकारी प्रतिमा उरांव की अदालत ने मामले के नामजद नाबालिग को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। प्राथमिकी मृतक के पिता विन्ध्याचल यादव की शिकायत पर महुदा थाने में दर्ज की गई थी प्राथमिकी के मुतबिक नीतीश एवं नाबालिक ने मृतक हर्षित को घुमने की बात कह कर 22 सितंबर 22 अपने साथ ले गया आरोप था कि जमुनिया कोलडंप में दोनों ने मिलकर हर्षित की गमछे से गर्दन दबा कर व पत्थर से कूच कर हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को पत्थर के नीचे दबा दिया । काफी खोजबीन के बाद भी जब हर्षित का पता नहीं चला दोनों आरोपियों ने भी इस विषय में कुछ नहीं बताया तो हर्षित के पिता ने दोनों के विरुद्ध 23 सितंबर 22 को प्राथमिकी दर्ज कराई जब पुलिस ने सख्ति दिखाई तो दोनों ने अपना दोष स्वीकार किया दोनों के निशानदेही पर शव व हत्या में प्रयुक्त गमछा को पुलिस ने बरामद किया था । 16 दिसंबर 22 को पुलिस ने दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। सुनवाई के दौरान सहायक लोक अभियोजक गौरव कुमार गोंड ने कुल ग्यारह गवाहों का परीक्षण कराया था।

### पूर्वी टुंडी के बीडीओ ने बैठक में की चुनाव तैयारियों की समीक्षा



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीडीओ अमृता सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सभी बीएलओ, ग्राम रोजगार सेवक एवं प्रखंड कर्मी आदि के साथ बैठक हुई। बैठक में 85+ और दिव्यांग वोटर को पोस्टल बैलट के माध्यम से होम वोटिंग कराने का निर्देश दिया गया। इस बीच बूथ संख्या 118,121, 126 में होम वोटिंग करने के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुआ। बैठक में बताया गया कि किसी भी बूथ में अगर 400 से अधिक मतदाता है तो वहां चार वॉलिंटियर्स एवं 400 से कम मतदाता जहां होंगे वहां दो वॉलिंटियर्स का प्रावधान होगा। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप एक्टिविटी बढ़ाने के लिए कहा गया।

### चिरकुंडा के मुंडा धौड़ा में मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

**चिरकुंडा।** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर मंगलवार को चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा स्वीप अभियान के तहत वार्ड संख्या 2 के मुंडा धौड़ा स्थित सामुदायिक भवन में मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। मौके पर विभाग के सहायक अभियंता अंकित पराशर मौजूद थे। शपथ लेने वालों में कनीय अभियंता उत्तम कुमार,प्रो अरूण साव, सुपरवाइजर अमर दास,चिनमय बनर्जी,अनिल साव,ओंकार नाथ श्रीवास्तव,बैजू साव,अनुप कुमार आदि मौजूद थे।

### निरसा में पुलिस का फ्लैग मार्च

**निरसा।** लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन चौकस ही नही पूरी तरह से कृत संकल्पित भी है । पुलिस अपराधियों पर नजर भी रखी जा रही है। मंगलवार की शाम निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनजीत कुमार के नेतृत्व में निरसा के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस का फ्लैग मार्च निकला। थाना प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है। पुलिस एवं सीआरपीएफ के साथ निरसा थाना क्षेत्र के गोपालगंज पीठाक्यारी एभलजोरिया रोड ए बिरसिंहपुर निरसा बाजार जामताड़ा रोड में फ्लैग मार्च निकाला गया।

## युवक को मार कर बंद खदान में फेंके जाने की आशंका, रेस्क्यू टीम को बुलाया

**केंदुआडीह थाना की पुलिस कर रही है जांच-पड़ताल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**केंदुआ।** बीसीसीएल की बंद गोपालचक कोलियरी दो नंबर मेरिन पिट की खदान में एक युवक के गिरने की सूचना है। स्थानीय लक्ष्मण तुरी ने बताया कि उसका 26 वर्षीय भाई बजरंगी तुरी केंदुआ बाबू बसा खेरा स्थित अपने घर से 24 मार्च को निकला, जो अब तके लापता है। अपने स्तर से काफी खोजबीन की, मगर कहीं पता नहीं चला तो स्थानीय थाना में एक दिन पहले सोमवार 1 अप्रैल को लिखित शिकायत की है। उन्होंने कहा कि भाई के एक दोस्त शेरू खान ने पूछ ताछ के बाद बताया कि उनका भाई अब नहीं रहा और उसे खदान में फेंक दिया गया है। स्थानीय थाना प्रभारी आर एन ठाकुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शेरू खान को केंदुआ मेरिन से हिरासत में लिा और उससे पूछ ताछ कर रही है। बंद खदान में भी जांच पड़ताल की गई। मगर खदान की गहराई चार सौ फीट है, जिसमें 150 फीट पानी भरा है। सूचना मिलने पर पुटकी अंचलाधिकारी विकास कुमार भी पहुंचे। राहत बचाव कार्य के लिए रेस्क्यू टीम को सूचना दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि रेस्क्यू टीम के आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। खबर लिखें जाने तक रेस्क्यू टीम नहीं पहुंची थी।

## पचंबा में होटल से अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**होटल मालिक फरार**

**● होटल में छुपाकर 12 पेटी विदेशी शराब और 12 पेटी बियर रखा हुआ था**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को पुलिस ने बुढ़वा तालाब टोल टैक्स के पास स न्यू सुमित होटल में छापामार कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया है ।इस सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि होटल संचालक सुमित साहू भागने में सफल रहा। छापेमारी के बाद अंचल पुलिस निरीक्षक मन्टु कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की बुढ़वा तालाब टोल टैक्स के पास संचालित यु सुमित नामक होटल में अवैध शराब की बिक्री की जाती हैण सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर टीम का गठन कर होटल में छापेमारी की गई और होटल के पीछे के रुम से छुपा कर रखे गए 12 पेटी विदेशी शराब और 12 पेटी बियर छुपाकर रखी गई थीण जिसे पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गयाण इस दौरान पुलिस ने होटल के स्टाफ पचंबा मनिकलालो के रहने वाले राजदेव दास व पीरटांड़ के रहने वाले लखन कुमार को गिरफ्तार कर लियाण्छापेमारी टीम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गणेश रजकए पचंबा अंचल पुलिस निरीक्षक मन्टु कुमारए मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक श्याम किशोर महतोए नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक शैलेश प्रसादए पचम्बा थाना प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक नरेन्द्र कुमार यादवए पचम्बा थाना पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार वर्माए प्रशांत कुमार सिंहए मुफ्फसिल थाना सहायक अवर निरीक्षक राहुल रंजन सिंहए हवलदार रामदेव यादवए आरक्षी सुरजीत कुमार सिंह शामिल थे।

## झरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति रही ठप, हुई मरम्मत

**अधीक्षक आशुतोष राणा को लोगों ने खदेड़ा, थाना में मामला दर्ज**



**जोड़ापोखर।** जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा स्थित 30 इंची एवं 18 इंची पाइप लाइन में चार जगहों पर लीकेज से झरिया सहितआस पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो गई है। हालांकि झमाडा कर्मियों ने मंगलवार को लीकेज की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया है, जिससे हालत सुधरने के आसार हैं। झमाडा कर्मियों ने बताया कि प्लांट के निकट झरिया जल मीनार को जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन में 3 जगहों पर और 18 इंची भौरा लाइन में एक जगह पर लीकेज हो गया था, जिससे लाखों लीटर पानी बह जाता है। मंगलवार की सुबह पानी की सप्लाई बंद कर मरम्मत कार्य किया गया है। मरम्मत परी होने पर झरिया एवं आस पास के क्षेत्रों में सप्लाई की जाएगी।

### पानी बंद होने से रोजेदारों को हुई मुश्किल

रमजान के दिनों में सभी जगहों पर शांति समिति की बैठक में तय किया गया है कि पानी की सप्लाई बंद नहीं होगी। पानी की सप्लाई बंद होने से रोजेदारों को दिक्कत हुई है। जल कार्य अधीक्षक आशुतोष राणा ने बताया कि पाइप लाइन में चार जगहों पर लीकेज होने से पानी बेकार बह जाता है। मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। मंगलवार की रात में सभी जगहों पर पानी की सप्लाई की जाएगी। हालांकि जब वह बनियाहीर 7 नम्बर एवं पाथरबंगला में मरम्मत कार्य देखने गए तो स्थानीय लोगों ने उन्हें खदेड़ दिया तथा अभद्रता की। श्री राणा ने झरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

## वर्ल्ड ऑटिज्म डे : दिव्यांग बच्चों ने निकाली रैली

**● 'मैं भी भारत का भाग्य विधाता, अब तो मैं भी मतदाता का दिया संदेश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जवजीवन नगर स्थित रिहैबिलिटेशन सेंटर में । मंगलवार को वर्ल्ड ऑटिज्म डे के अवसर पर जागरुकता रैली निकाली गई। रैली पहला कदम स्कूल से निकली और जगजीवन नगर होती हुई पुनः स्कूल पहुंची। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों के बारे में लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाने के लिए बच्चों ने रंग-बिरंगे कलर से अपने हाथों की हथेली से दीवाल पर कलर लगाए। उसे देखकर उनके चेहरे पर जो हंसी आई वह देखते बन रही थी। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताता की यह एक विकास विकार है। ऑटिज्म के विकार को धीरे धीरे दूर किया जा सकता है। इसके लिए माता पिता के साथ आसपास के लोगों का जागरूक होना आवश्यक है। आज की रैली का एक अन्य उद्देश्य था 18 वर्ष की उम्र के दिव्यांगजनों का यह संदेश कि लोकसभा चुनाव में वह भी भारत का भाग्य विधाता हैं अब तो मैं भी मतदाता हूं। सभी को समझाना है कि दिव्यांग भी मतदान में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी तय करे।

## रामराज की बात करने वाली भाजपा धनबाद में रावणराज लाना चाहती है : संतोष सिंह

**मैथन।** एग्यारकुंड एवं केलियासोल प्रखंड कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक मंगलवार को कुमारधुबी स्थित मैरिज हाल में एग्यारकुण्ड प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में कांग्रेस के धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित थे। बैठक में चर्चा व विचार विमर्श करने के बाद धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तरीय चुनाव समिति का गठन हुआ। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा धनबाद जिला में आतंक राज कायम करना चाहती है। रामराज की बात करने वाली भाजपा धनबाद में रावण राज लाना चाहती है। श्री सिंह ने कहा भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। माफिया एवं रंगदारों को टिकट देकर सभ्य समाज और व्यापारियों के अंदर खौफ पैदा करना चाहती है। बैठक में वकील बाउरीए संतोष कुमार रायए के के सिंहए अर्जुन भुईयांए नकुल मोदीए रामपति शर्माए आस्तिक बाउरीए रामकृपाल गोस्वामीए उमेश दासए श्यामल भण्डारीए सपन बाउरीए सिराज मास्टरए देवेन्द्र बाउरीए समीर बाउरीए नेपाल बाउरीए संजीव मण्डलए तपन बाउरीए घनश्याम बाउरीए मिथुन बाउरीए नितिश दुबेए दिलीप मण्डलए श्रीराम चौहानए लिलू बाउरीए महेन्द्र साहनी आदि थे।

## एक नजर में

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में रामायण पाठ से शुरू हुआ सत्र



**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में मंगलवार को नये सत्र की शुरुआत हो गई। इसके पहले सोमवार से जारी अखंड रामायण पाठ एवं हवन संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सचिव शशिभूषण गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रदेश कार्यवाह संजय कुमार, प्रभारी प्राचार्य डॉ भास्कर झा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य, कई बुद्धिजीवी व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### हवन-पूजन के साथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा का सत्रारंभ



**बाघमारा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में हवन.पूजन के साथ सत्र 2024-25 का सत्रारंभ हुआण इस मौके पर आचार्य कृष्ण कुमार पांडे व विवेक तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर पूजन कार्य सम्पन्न कराया गयाण इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडेए कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवालए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धनबाद विभाग ग्रामीण के संघचालक विशु रवानीए प्राचार्य संतोष कुमार झा सहित समस्त आचार्य . दीदीजीए भैया .बहनों द्वारा भक्ति पूर्ण वातावरण में सुंदर कांड व हनुमान चालीसा पाठ कर विद्यालय के सफल संचालन की मंगल कामना कीण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षाविद व भैया .बहनें भी मंत्रोच्चारण के साथ हवन में शामिल हुए। मौके पर प्राचार्य संतोष कुमार झा ने कहा कि विद्या भारती योजनानुसार सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यालयों में हवन पूजन के साथ ही नवीन सत्र का आरंभ किया जाता है।

### पुस्तक मेला की एक दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान



**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के जिला परिषद मैदान में इन दिनों पुस्तक मेला चल रहा है। मंगलवार की सुबह इसी पुस्तक मेले की एक दुकान में आग लग गई। आग का भयावह रूप देख आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। हालांकि सभी लोग आग बुझाने में लग गए और देर तक प्रयास करते रहे। लोगों के प्रयास से अन्य दुकानें बच गई। लोगों ने बताया कि कमेटी और बिजली वायरिंग में लापरवाही के कारण आग लगी है। पुस्तक मेला में मौजूद लोगों ने बताया कि आग से लाखों रुपये की पुस्तकें जल गई। अन्य संपत्ति का नुकसान हुआ है, जिसका आकलन किया जा रहा है। समय पर अगर आग बुझाने में सफलता नहीं मिलती तो भारी नुकसान उठाना पड़ता।

## शीतला माता सभी की मनोकामनाएं करतीं है पूरा

**200 वर्ष पुराने निरसा के शीतला मंदिर में हुई पूजा-अर्चना**

खबर मन्त्र संवाददाता



**निरसा।** शीतला अष्टमी के अवसर पर मंगलवार को निरसा के विरसिंहपुर एवं खुशरी गांव स्थित शीतला मंदिर में मां शीतला की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। उक्त अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर माता शीतला की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। साथ ही भक्तों ने मां का चरणामृत ग्रहण किया तथा घर के सदस्यों के लिए चरणामृत लेकर गए। पूजा अर्चना के बाद जिनकी मन्नते पूरी हो गई उन भक्तों ने मां को बकरे की बलि दी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिरसिंहपुर शीतला मंदिर के पुजारी सनत भट्टाचार्य ने बताया कि यह मंदिर लगभग 200 सौ वर्ष पुराना है। इस मंदिर में आकर जो भी भक्त सच्चे मन से मां से जो भी मनोकामनाएं मांगते हैं। मां उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। मां शीतला स्वच्छता की देवी हैं। इसलिए वह अपने भक्तों से भी चाहती हैं कि वह स्वच्छ एवं पवित्र विचार अपने अंदर जगाएं। पुजारी सनत भट्टाचार्य ने बताया कि मां का चरणामृत ग्रहण करने से भक्तों को चेचक नहीं होता। यदि किसी को चेचक हो गया है तो मां का चरणामृत सेवन करने से चेचक रोग के प्रकोप से मुक्ति मिलती है। वैसे तो सालों भर चेचक रोग ग्रसित लोग मां के दरबार में मथ्था टेकते हैं तथा मां का चरणामृत का सेवन कर रोक से मुक्त हो जाते हैं। दूर.दूर से भक्त मां का चरणामृत ग्रहण करने आते हैं। शीतला अष्टमी के दिन मां का वार्षिक पूजा होता है तथा उसे दिन हजारों भक्त मां की पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। उक्त अवसर पर मंदिर परिसर के बगल के मैदान में पांच दिवसीय मेले का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मां शीतला पूजा कमेटी के सदस्यों की भूमिका रही।

### मैथन में धूमधाम से मनी शीतला अष्टमी

**मैथन।** शीतला अष्टमी के अवसर पर मैथन एरिया नंबर 5 स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलवार को धूमधाम एवं पूरे हर्षोल्लास के साथ मां शीतला की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगीए देखते ही देखते पूरा मंदिर परिसर महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं से भर गया। मैथन एवं आसपास के कॉलोनियों व गांव.मुहल्ला से बड़ी संख्या श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और शीतला माता की विधिवत पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मुख्य रूप से प्रसाद स्वरूप डाभ मां शीतला को चढ़ाई। मंदिर के पूजारी शुभेंदु भट्टाचार्य ने सभी श्रद्धालुओं को विधिवत पूजा अर्चना कराया। पुजारी ने कहा कि समर्पित भाव से मां की किया गया पूजा अर्चना का फल अवश्य ही प्राप्त होता है। पुजारी ने मौके पर जुटे श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना कराने के बाद सभी से पुष्पांजलि कराया और प्रसाद दिया। इस मौके पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। शाम में खिचड़ी भोग का प्रसाद वितरण किया गयाए जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। इस दौरान मैथन एकता संघ ने शर्बत का स्टाल लगाकर नि:शुल्क सभी लोगों ने शर्बत भी पीलाया। मौके पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जीए यशवंत सिंहए सरोज प्रसादए सत्यनारायण कुशवाहाए रंजीत झाए गौतम मित्राए शेखर कुमारए तापस मंडलए मनोज सिंहए नरेश रामए तापस मंडलए राजू प्रसादए अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू ओझाडीह गांव से गिरफ्तार

गिरिडीह। एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की सुबह पुलिस ने 16 साल से फरार हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू को गांडेय थाना इलाके ओझाडीह गांव से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार सनातन टुडू पिछले 16 साल से फरार चल रहा था और इसी क्रम में एसपी को जब गुप्त सूचना मिली की सनातन टुडू अपने गांव आया हुआ है तो एसपी के निर्देश पर डीएसपी कौसर अली के नेतृत्व में पीरटांड़ थाना प्रभारी ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू को दबोचाण्जानकारी के अनुसार गांडेय से गिरफ्तार इस हार्डकोर नक्सली के पास से कोई हथियार तो बरामद नही हुआ हैए लेकिन इसके खिलाफ पीरटांड़ में आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज हैण

## सरिया में वाहन जांच में साढ़े 4 लाख रुपया जब्त

गिरिडीह। जिले की सरिया पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए वाहन जांच अभियान के क्रम में इलाके के शिव मंदिर के समीप झड़ी मंडल नामक व्यक्ति से चार लाख 45 हजार जब्त किया हैण जब्त की गई राशि किस लिए लेकर जाया जा रहा थाए फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया हैण इधर एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश के बाद सरिया थाना प्रभारी रुपए से जुड़े मामले की जांच में जुट गए हैण जिसमें सरिया से 4 लाख 45 हजारए बगोदर से 2व0 लाखए मुफस्सिल से 2 लाख 5 हजारए देवरी से 1लाख 75 हजार रुपए जब्त हुआ है।

## नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

धनबाद। नाबालिक के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के एक मामले में अदालत ने आज अपना फैसला सुनाया । धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरपी टुंडी निवासी सीताराम मुरमुर को दोषी करार दिया है । अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 3 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के शिकायत पर टुंडी थाने में 9 जुलाई 23 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सीताराम मुरमुर ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया जिस कारण वह गर्भवती हो गई। वर्ष 2020 में उसने एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद आरोपी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया । ग्राम प्रधान के घर में इस कारण बैठक हुई जिसमें सीताराम ने अपना दोष स्वीकार किया और शादी करने की बात कही परंतु फिर वह अपने वादे सु मुकर गया और शादी से इंकार कर दिया। 6 जुलाई 23 को आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट किया। अनुसंधान के बाद पुलिस में 4 सितंबर 23 को आरोप पत्र दायर किया था ण 26सितंबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी ण इस दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था।

## श्री श्री 1008 मारुति नंदन महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

बेरमो/गोमिया। गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के कोठीटांड में नवनिर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्रारंभ होने वाले पांच दिवसीय श्री श्री 1008 मारुति नंदन महायज्ञ सह पंचमुखी हनुमान जी की मुर्ति का प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार को विधिवत रूप से ध्वजारोहण किया गया। मुख्य यजमान मोहन पासवान एवं रीता देवी ने पूजन किया। आचार्य सच्चिदानंद पांडेयए आचार्य शिवम पांडेयएआचार्य रूपेश शास्त्री व अभिषेक पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन कराया। इस दौरान काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे। यहां आगामी 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक भव्य महोत्सव का आयोजन होगा। 11 अप्रैल को कलश यात्रा 12 अप्रैल को वैदिक पूजन संध्या आरती सहित अन्य कार्यक्रमों का ञआयोजन किया जाएगा।

# सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी देकर बनें मतदाता प्रहरी : उपायुक्त

लोकसभा चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। लोकसभा चुनाव में हर नागरिक को मतदाता प्रहरी बनाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने सी- विजिल एप विकसित किया है। इसके जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत वीडियो, फोटो, ऑडियो व लाइव लोकेशन के साथ अपने मोबाइल फोन से कर सकता है। शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन 100 मिनट में उस पर कार्रवाई कर शिकायत का निष्पादन करेगा। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि सी-विजिल एप पर कोई नागरिक चुनाव से जुड़ी रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमति के समय से अधिक देर तक लाउडस्पीकर बजाने आदि की शिकायत कर सकता है। प्रमाण के तौर पर लाइव फोटो या वीडियो बनाकर भेजना है। यह एप अपने मोबाइल के प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। स्वच्छ और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए आयोग ने इस एप का निर्माण कराया है। इसके लिए जनभागिदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि अब तक सी विजिल एप पर एमसीसी उल्लंघन की 13 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें 10 का निष्पादन कर शेष 3 शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है।

## मतदान के लिए आईआईटी आईएसएम के छात्रों को दिलाई शपथ



धनबाद। युवा वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आईआईटी आईएसएम के पेनमैन ऑडिटोरियम में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को वोट के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा और अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने वोटर हेल्पलाइन एप तथा मतदाता सूची में शामिल होने के लिए फॉर्म 6 की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को मतदान के लिए शपथ भी दिलायी। संस्थान के निदेशक प्रो जेके पटनायक ने वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों से वोट डालने और अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने किया एग्यारकुंड प्रखंड स्तरीय चुनाव समन्वय समिति का गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। एग्यारकुंड प्रखंड एवं कलियासोल प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक कामिनी मैरिज में आज मंगलवार को हुई। अध्यक्षता एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन ने की। मुख्य अतिथि धनबाद कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह थे। बैठक में प्रखंड स्तरीय चुनाव समन्वय समिति का गठन किया गया। बैठक को संबोधन करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा भाजपा धनबाद में आतंक राज कायम करना चाहती है। रामराज की परिकल्पना करने वाली भाजपा धनबाद में रावण राज बनाना चाह रही है। उन्होंने कहा भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। भाजपा ने माफिया रंगदारों को टिकट देकर सर्व समाज में और व्यापारियों के अंदर खौफ पैदा करने का काम किया है। श्री सिंह ने कहा भाजपा प्रत्याशी विरोधियों का वध करने की बात कर रहे हैं। हम कांग्रेस के लोग उनकी चुनौती को स्वीकार कर रहे हैं। हम लोग गांधी के अनुयायी हैं।

**बैठक में थे शामिल**

बैठक में वकील बाउरी, संतोष कुमार राय, कौके सिंह, अर्जुन भुईयां, नकुल मोदी, राम पति शर्मा, आस्तिक बाउरी, राम कृपाल गोस्वामी, उमेश दास, श्यामल भण्डारी, सपन बाउरी, सिराज मासटर, एग्यारकुंड प्रखंड कांग्रेस समन्वय समिति में सुधांशु शेखर झा, जियाउल हुसैन, नेपाल बाउरी, लोकमान्य प्रसाद, आफताब आलम, रामवृक्ष यादव, नागेंद्र सिंह, हरदेव मंडल सहित आदि मौजूद थे।

# अतिक्रमण के खिलाफ दूसरे दिन भी चला अभियान

## नगर निगम की टीम ने 35 से अधिक अवैध दुकानें हटाई



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान दूसरे दिन यानी मंगलवार को भीजारी रहा। टीम ने हीरापुर हटिया मोड से विवेकानंद चौक तक सड़क के दोनों ओर स्थायी रूप से बनाई गई 20 से अधिक झोपड़ीनुमा दुकानों को हटाया। इसके अलावा टीम ने जिला परिषद की ओर से आंवटित किताब दुकान व होटलों के आगे से छह फीट तक अतिक्रमित स्थल को खाली कराया। इसके अलावा पेयजल व स्वच्छता विभाग के आगे लगाई गई गुमटी और स्थायी दुकानों को भी खाली कराया गया। टीम का नेतृत्व कर रहे निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि आज करीब 35 अवैध दुकानों को खाली कराया गया है। उन लोगों ने स्थायी दुकान बनाने के साथ बिजली का कनेक्शन और दुकान में सीसीटीवी कैमरे भी लगा रखे थे। खुले तार होने के कारण आए दिन शॉर्ट सर्किट से आग लगने की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि दुबारा ऐसा करने पर जेल भेजने का काम भी किया जाएगा। इसके अलावा कई लोगों ने नाली का अतिक्रण कर भी दुकान बना ली थी। जेसीबी लगाकर उसे ध्वस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि स्थायी दुकान लगाने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी। ठेले-खोमचे लगाकर दुकानदार सामान बेच सकते हैं। यह अभियान अगे भी जारी रहेगा।

# महुदा में भव्य 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में जुटे आसपास के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

महुदा। अखिल विश्व गायत्री परिवार के 20 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मंगलवार को गायत्री ज्ञान मंदिर हाथुडीह कालोनी में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में पूरे बाघमारा प्रखण्ड के विभिन्न भागों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान बाघमारा विधायक ढुलु महतो की पत्नी सावित्री देवीए जिप अध्यक्ष शारदा सिंह जिप सदस्य आशा देवी भी महायज्ञ में शामिल हुई। मंदिर प्रांगण में गायत्री मंत्र के साथ महायज्ञ का शुभारम्भ किया गया। सभी श्रद्धालुओ ने अग्नी कुण्ड में मंत्रोच्चार के साथ धुप दीप घी से हवन किया। महायज्ञ समापन के बाद सभी भक्तों के बीच खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण किया गया। इस सम्बन्ध में प्रोण्दीपनारायण शर्मा ने कहा कि हमे अपने पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए भी यज्ञ हवन करना जरूरी है। जिससे पर्यावरण में फैले दुष्कारक जिवाणु नष्ट हो जाते है।उन्होंने कहा कि संसार में वृद्ध वृद्धाओ की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। सृष्टी के नियम के अनुसार अपने माता पिता का सेवा करने के साथ साथ संसार के सभी जीवो का सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। आगे भी माँ गायत्री की कृपा से ऐसा कार्य करते रहेंगे। गायत्री महायज्ञ का संचालन प्रखण्ड संयोजक मनोहर लाल महतो ने किया। कार्यक्रम में शांतिपुंज केंद्रिय प्रतिनिधि लखनलाल शर्माए प्रोण्श्यामलाल महतोए प्रोण्सीएल रवानीए राजेश मिश्राए जीतन रवानीए अमित

एक नजर में

## धनसार में झारखंड आर्ट को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी 5 अप्रैल से



धनबाद। नवबन्धु परिषद धनबाद चैप्टर एकल महिला समिति द्वारा 5 एवं 6 अप्रैल को धनसार में एकल एक्सपोजिशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न शहर से डिजाइनर अलग-अलग तरह के विशेष उत्पाद लेकर आएंगे। प्रदर्शनी में साड़ी, सूट, चादर, ज्वेलरी, कटलरी, सजावट की सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। झारखंड आर्ट को बढ़ावा देने के लिए डोगरा और मधुबनी आर्ट की भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके अलावा एकल उत्पाद के तहत किसानों द्वारा उत्पादित हल्दी महत्वपूर्ण है। अर्जित धनराशि बच्ची की पंचमुखी शिक्षा और कल्याण के लिए खर्च की जाएगी। आरती मितल, अनुराधा अडवाला, उर्मिला अपमान, चादनी मितल ,चांदनी मितल, रिता अग्रवाल, सिमा सरिया, नूतन अग्रवाल, दीपा, अनामिका, नूपुर, सीमा जलान, पायल, मंजारी, श्वेता, सुनीता, स्वाति, सोनल, अनिता, वर्षा, शिल्पा, ईशा, डोली आदि ने यह जानकारी दी।

## आरोपियों ने कहा देनी है गवाही बुलाया जाये

धनबाद । नीरज हत्याकांड में बीते 8 वर्षों से जेल में बंद आरोपी कुर्बान अलीए डबलू मिश्राए सागर सिंह एवं चंदन सिंह ने कोर्ट में आवेदन देकर गवाही देने की बात कही है । मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में आवेदन दाखिल कर सभी आरोपियों ने कहा है कि उन्हें इस मामले में सफाई साक्ष्य देना है इसलिए उन्हें सशरीर अदालत में बुलाया जाए। आरोपी कुर्बान अली गुमला जेलए सागर सिंह कोडरमा जेल एचंदन सिंह राजमहल जेल डब्ल्यू मिश्रा साहेबगंज जेल में बंद है जबकि पंकज सिंह जामताड़ा जेल में बंद है। अधिवक्ता जावेद ने बताया कि अदालत ने आरोपियों को सशरीर पेश करने का आदेश दिया है।

# धनबाद के बाहर का उम्मीदवार किसी भी हालत में मंजूर नहीं

## झामुमो के बयान का धनबाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि धनबाद लोकसभा सीट से अगर कांग्रेस निर्दलीय विधायक सरयू राय को टिकट देती है तो हम समर्थन करेंगे। झामुमो के इस बयान का धनबाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुरजोर विरोध किया है। प्रेस वार्ता में मौजूद धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव, योगेंद्र सिंह जोगी, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार पासवान, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी, कामता पासवान, महेंद्र पासवान, मोईन अंसारी, हरेंद्र शाही, राहुल राज, सुखदेव हांसदा, गंगा वाल्मीकि, अजय कुमार चौधरी, गोपाल धारी, विक्की कुमार,अरविंद सैनी, आकिब जावेद आदि नेताओं ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को यह समझना चाहिए कि धनबाद सीट कांग्रेस के खाते में आई है। यहां से कांग्रेस चुनाव लड़ती आई है। हम धनबाद के बाहर के किसी भी उम्मीदवार को किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेंगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सरयू राय का नाम उछालकर कांग्रेस का मनोबल तोड़ने का काम कर रहा है। लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। धनबाद के स्थानीय और निर्विवाद व्यक्ति को ही लोकसभा का टिकट दिया जाए। अगर ऐसा हुआ तो धनबाद लोकसभा की सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। हम कार्यकर्ता उम्मीदवार को जिताने के लिए की जान लगा देंगे, लेकिन अगर उम्मीदवार के चयन में सतर्कता नहीं बरती गई तो अनर्थ हो जाएगा और हाथ में आई धनबाद सीट निकल जा सकती है।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में हवन पूजन के साथ नया सत्र शुरू



कतरास। सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सुंदरकांड पाठ हवन- पूजन के साथ नए सत्र की शुरूआत की गई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। इस सत्र के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने रामचरितमानस एवं हवन पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि सनातन धर्म की परंपरा रही है कि जब भी हम कोई मांगलिक कार्य प्रारंभ करते हैं तो सर्वप्रथम हवन- पूजन से शुरूआत करते हैं। अतः इस सत्र की शुरूआत भी मानस पाठ एवं हवन-पूजन के साथ की गई है। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को प्रसाद देकर विदा किया गया। आज के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए।

# बीबीएमकेयू की टीम ने 6 इवेंट्स में जीता पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। एआइयू नेशनल यूथ फेस्टिवल हुनर का आयोजन पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना में 28 मार्च से 1अप्रैल तका हुआ, जिसमें बी बी एम के यू की कल्चरल टीम ने 6 इवेंट्स में प्राइज जीता। इस टीम में गुरु नानक कॉलेज धनबाद से प्रतिभागियों ने तीन इवेंट्स में प्राइज पर कब्जा किया। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में पूरे देश के अलग-अलग जोन से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी की इस टीम में गुरु नानक कॉलेज धनबाद से 5 छात्र छात्राओं को जगह मिली। टीम में गुरु नानक कॉलेज के छात्रों में तनुश्री को रंगोली में द्वितीय स्थान, अफशा को एलोक्यूशन में तृतीय स्थान, अंकित कुमार को ऑन स्पॉट पेंटिंग में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद ने पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों की लगन और कड़ी



मेहनत की वजह से ही यह उपलब्धि हासिल हुई। कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल ने पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सरकारी राशि घोटाले में दो को सजा

धनबाद। मेसर्स कुमारदुबी इंटरप्राइजेज के नाम पर फर्जी चेक बना लेने और राजस्थान सरकार को 36 लाख 70 हजार रुपए का चुना लगाने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राकेश रोशन की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी चिरकुंडा निवासी मनी प्रसाद एवं उनके पुत्र राकेश कुमार को दोषी करार दिया है। सहायक लोक अभियोजक की दलील सुनने के बाद दोनों को सजा दी गई।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन गोविंदपुर शाखा को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



गोविंदपुर। मारवाड़ी महिला सम्मेलन की गोविंदपुर शाखा को बाल विकास एवं स्थायी प्रकल्प के लिए राष्ट्रीय अवार्ड दिया गया। पारसनाथ में 29 एवं 30 मार्च को राष्ट्रीय अधिवेशन में गोविंदपुर शाखा की भागीदारी रही । इस शाखा की संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रेणु दुदानी को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समिति सशक्तीकरण प्रमुख तथा पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुनीता बंसल को चलो गांव की ओर खुशियों का दीपक जलाएं कार्यक्रम का प्रमुख बनाया। दोनों को राष्ट्रीय समिति में जिम्मेदारी मिलने पर गोविंदपुर शाखा की सदस्यों ने कहा कि यह शाखा के लिए गौरव की बात है। गोविंदपुर शाखा को राष्ट्र से बाल विकास और स्थाई प्रकल्प के लिए के लिए अवार्ड प्राप्त होने पर प्रसन्नता जताई गई। शाखा अध्यक्ष सीमा सरिया ने बताया कि गोविंदपुर शाखा की स्थापना 2006 में 30 सदस्यों के साथ की गई थी और अभी 60 सदस्य समिति में है। मौके पर शाखा अध्यक्ष सीमा सरिया, सचिव विजया सरिया, कोषाध्यक्ष मीनू अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रेणु दुदानी, सुनीता बंसल, पदमा बुबना, सरोज सरिया, रीता संघी, मीना बंसल, विमला बंसल आदि मौजूद थी।

# कतरास में धूमधाम से मना मां मथुरासिनी महोत्सव

## पूजा अर्चना और आरती के बाद महा प्रसाद भोग का हुआ प्रसाद वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। माहुरी समाज ने राजगंज रोड कतरास में पंडित शुभेंद्र शास्त्री और उमानाथ पाठक के सान्निध्य में मंगलवार को मां मथुरासिनी का पूजन किया गया। मुख्य यजमान अरविंद प्रसाद सेठ धर्मपत्नी मीरा देवी, सुधीर कन्धवे धर्मपत्नी सोनी कन्धवे पूजा में बैठे। पूजा अर्चना और आरती के बाद महा प्रसाद का भोग लगाया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया । विशेष आकर्षण के रूप में मां का अलौकिक दरबार सजाया गया। दोपहर में भंडारे का भी आयोजन किया गया और संध्या में नवीन झांकी वाले के आमंत्रित कलाकारों द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ है। निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, शालिनी सेठ, नीरज गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संजय गुप्ता, रजनीश सेठ, संदीप गुप्ता, सौरभ भदानी, बीनू गुप्ता, कविता गुप्ता, रुचि गुप्ता, शिखा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, रौनक गुप्ता, रोहित गुप्ता, राजेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, दीपांशु गुप्ता, रजनी गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज राम गुप्ता, रमीत गुप्ता, शत्रुघन राम गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, अवधेश गुप्ता, बाल गोविंद राम गुप्ता, उमेश गुप्ता विकास गुप्ता, सोनू गुप्ता, मधुकर गुप्ता एवं समाज के समस्त स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

## कुलदेवी मां मथुरासिनी की हुई पूजा

राजगंज। राजगंज गल्लीकुल्ही स्थित स्व जगन्नाथ माहुरी के आवास परिसर में मंगलवार को माहुरी मंडल समाज की ओर से कुलदेवी मां मथुरासिनी का वार्षिक पूजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समाज के लोगों ने श्रद्धा व भक्ति के साथ पूजा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। आचार्य गंगेश व संजय पांडे के सान्निध्य में यजमान उपेंद्र कुटरीयार गुप्ता व उनकी पत्नी ज्योति देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कुलदेवी की पूजा अर्चना की। इस दौरान जय माँ मथुरासिनी,जय माता दी के जयकारे से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। पूजा अर्चना के पश्चात हवन और महाआरती कराई गई। महिलाओं ने आज मईया मथुरासिनी का सजा है दरबार,आज बड़ा प्यारा लागे गाकर आरती की। इसके बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुरेंद्र



राम भदानी,उपाध्यक्ष दिनेश कुटरीयार, सचिव मोहन राम कंधवे ,भगवान राम कुटरीयार,,केदारनाथ राम,पीताम्बर कुटरीयार अभिनित कुटरीयार, संजय राम माहुरी,अरुण गुप्ता आदि मौजूद थे।

# दो मोसेरे भाई ने अपनी ही बहन की इज्जत लेने की कोशिश में ले ली जान

**डॉ दिलीप कुमार झा**



**गोड्डा।** जिले के बसंत राय थाने में दर्ज कांड संख्या 19/24 के एक प्राथमिकी के आधार पर एक युवती की हत्या का मामला सामने आया। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने तेज तर्रार एसडीपीओ गोड्डा जय प्रकाश नारायण चौधरी जो केस के अनुसंधान में विशेषज्ञ भी हैं और राष्ट्रपति पुरस्कार से हाल ही में सम्मानित भी हुए हैं उनके नेतृत्व में एक जांच कमिटी का गठन कर इस गंभीर और अद्भुत रहस्यमई मामले को सुलझाने की जिम्मेदारी दी। पुलिस की जांच टीम में पत्थर गामा, बसंत राय, महिला थाना प्रभारी गोड्डा सहित टेक्निकल सेल के तकनीकी कुशल पुलिस के जवानों को भी इसमें शामिल किया गया। अनुमंडल पुलिस अधीक्षक गोड्डा और एस आई टी टीम के नेतृत्व कर्ता एसडीपीओ ने आज इस कांड का उद्भेदन करते हुए एक प्रेस वार्ता जारी कर इसकी सूचना प्रेस और मीडिया कर्मियों को देते हुए बताया। गोड्डा पुलिस के कुशल तकनीकी पुलिस जवानों की सहायता से आरोपियों तक पहुंचने में सफलता दिलाई और पुलिस टीम ने आरोपियों को धर दबोचा। आरोपी निकले मृतका युवती के दो मौसेरे भाई जो बिहार के स्वरूप चक और छोटी जमीन थाना गोरा डीह भागलपुर से इनके ग्राम गोरगामा थाना बसंत राय जिला गोड्डा इनके घर आए थे। होली की मस्ती और उसपर अगर नशा हो तो काम देव की गहरी वासना की तीर सबसे पहले इनके हृदय को ही बेधती है और हुआ भी यही। मृतका के भाई के साथ कुछ नशा पानी हुई और चढ़ गई बोतल से निकल कर नशा इनके दिमाग पर और फिर कहां रहती है होशो हवास और इनके स्वीकारोक्ति बयान के मुताबिक इन दोनो ने रिश्ते में लगने वाली मोसेरी बहन को ही अपना निशाना बनाते हुए काम वासना का शिकार बनाया या कोशिश की और उसे बहला फुसला खलिहान की ओर ले गए थे और विरोध करते देख मृतका का गला दबाकर अपने ही मोसेरी बहन की हत्या कर दी और उसकी लाश को वहीं पुआल के ढेर में छिपा कर दोनो घर आकर सो जाएं और सुबह वहां से भाग गए। मृतका के पिता योगी मंडल ने थाने में आवेदन देकर इस घटना के जांच की मांग की थी। पुलिस की जांच टीम ने कम समय में मामले को निपटा दिया और बधाई के पात्र हैं।

# श्री रामनवमी के आयोजन को ले बजरंग विजय समिति ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** नगर के सेक्टर 1 स्थित श्री राम मंदिर गोलंबर पर रामनवमी महोत्सव की तैयारी को लेकर श्री बजरंग विजय समिति बोकारो के सदस्यों की शंभू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में रामनवमी जुलूस के सफल आयोजन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। रेलवे फाटक रितुडीह झोपड़ी कालोनी एलएच मोड़ माराफारी एरिया चास एवं बोकारो के सभी क्षेत्रों से झांकियां एवं रामनवमी जुलूस रात्रि 7 बजे तक सेक्टर वन राम मंदिर नंबर पर पहुंचेगी। सफल आयोजन को लेकर कुमार राकेश रंजन को मंच व्यवस्था गंगेश कुमार पाठक को मीडिया प्रभारी अन्नू सिंह को बोकारो स्टील सिटी संयोजक रामाधार सिंह यादव को माराफारी संयोजक विजय कुमार चौधरी को चास का संयोजक बनाया गया। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश कुमार ने किया। उपस्थित सदस्यों में राजेश्वर सिंह शंकर वर्मा आरएन सिंह रवि शंकर देव कुमार तिवारी सुनील कुमार संजय कुमार पन्नू लाल समीर सेठी विष्णु भगवान शाव बबलू पांडे डॉक्टर सुशील कुमार डॉक्टर अशोक कुमार अमर सिंह हरिशंकर सिंह विमल स्वर्णकार संदीप सिंह अजय कुमार सुदर्शन शर्मा पंकज कुमार कुंदन कालिंदी राहुल कुमार संतोष कुमार अमित कुमार सौदागर साव उत्सव कुमार गोपाल पांडे बृजभूषण सिंह जयशरण मिलन अशोक कुमार सुदर्शन सिंह पिंटू कुमार सुबोध कुमार बी साहू मंटू सिंह अजय सिंह बनेश्वर बम बम आदि शामिल रहे।

## एक नजर में

### साहिबगंज डीसी ने जनता दरबार में सुनी समस्या



साहेबगंज। उपायुक्त हेमन्त सती नागरिकों के साथ सीधे जुड़े। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से हर समय जुड़ने का प्रयास किया जा रहा है। साहिबगंज जिले के विभिन्न प्रखंड से आये राम लखन रविदास रफीकुल इस्लाम, माधव चौधरी, शंकर उरांव आम जनों से सीधा संवाद कर समस्याओं को सुने और समझे। प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित और आश्वासन दिया गया जल्द से जल्द समस्याओं को दूर करेंगे।

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिला के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा



साहिबगंज। 28 से लेकर 30 मार्च तक नोएडा में आयोजित पुरुष फ्रीस्टाइल/ ग्रीको रोमन एवं महिला फ्रीस्टाइल राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता अंडर 15 वह अंडर 20 राष्ट्रीय कुश्ती में खेलो इंडिया सेंटर साहेबगंज के तीन और अंडर 20 के खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसमें साहेबगंज के सोनू कुमार 62 किलोग्राम पब्लिक एस कुणाल कुमार 62 किलोग्राम जी/आर, राजू कुमार यादव 75 किलोग्राम एफ ऑब्लिक एस मनीष कुमार यादव 79 किलोग्राम एफ पब्लिक एस आदित्य कुमार यादव 74 किलोग्राम एफ पब्लिक ह जो नोएडा में आयोजित खेलो इंडिया सेंटर में भाग लिया जिसमें सोनू कुमार ने मध्य प्रदेश और बिहार के पहलवान को हराकर मॉडल राउंड तक पहुंचे बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा। कुश्ती प्रतियोगिता में कोच प्रकाश सिंह बादल भी सम्मिलित थे।

### फुसरो युवा व्यवसायी संघ ने क्षतिग्रस्त डिवाइडर की करवाई मरम्मत



बेरमो। युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया एवं सचिव बैजू मालाकार के द्वारा फुसरो मुख्य सड़क के क्षतिग्रस्त डिवाइडर को मरम्मत करवाया गया। डिवाइडेड के टूटने के कारण आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती थी इसके बनने से अब कहीं ना कहीं दुर्घटनाएं में एक रोक लगेगी। इस कार्य को सफल बनाने में विशेष सहयोग ललित अग्रवाल, रोनी सोनी, गोपी दे, विश्वजीत पॉल, अमित आढ्य, गुड्डू सोनी, मिक्कु अड्डी, नीलकंठ दत्ता, अमित मुखर्जी, राजेश अड्डी का सहयोग रहा।

### प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का पिछरी मे आयोजन



बेरमो। पिछरी दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार रात को पिछरी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सर्किल नाईट मैच का आयोजन किया गया। पूर्व मुखिया छत्रधारी मिश्रा ने फीता काट कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र के कुल16 टीम ने भाग लिया। उद्घाटन मैच तांतरी x। और करगली x। के बीच 10 ओभर का क्रिकेट खेला गया। जिसमे तांतरी 8 रन से करगली को हराकर विजयी रहा। क्रिकेट मैच को प्रोत्साहित करने में आरएसएस के अर्जुन सिंह, व्यवसाई कृष्ण कुमार, व्यवसाई अंकित मित्तल, जेएमएम नेता दीपक महतो, भोलू खान, शंकर रजक, रौशन सिंह, आर के सोनी, अनिल रजवार, अंकित मित्तल, कारू मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयोजक में मनीष मिश्रा, ऋषभ मिश्रा, मुकेश पाल, परमजीत मिश्रा, लव मिश्रा, कुश मिश्रा, आर्यन मिश्रा, देव मिश्रा, सौरव मिश्रा आदि शामिल रहे।

### डीपीएस चास में विशेष कार्यक्रम का आयोजन



बोकारो/चास। डीपीएस चास में नया सत्र के शुभारम्भ पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रार्थना करवाई। बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से विद्यालय गीत आज के विचार व समाचार की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने समूह गान व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात प्रभारी प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को कक्षा अध्यापक व पोर्टफोलियो धारक शिक्षकों से परिचय भी करवाया। मौके पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि सीखने का जज्बा हर विद्यार्थी के अंदर होता है। संवेदनशील और सचेत रहते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन के अनुसार खुद को ढालने का प्रयास करें। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई प्रधानाचार्या ने नव नामांकित विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं उपलब्धि अनुशासन आदि की जानकारी देते हुए कहा कि डीपीएस चास शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पूर्णरूपेण संकल्पित है। मंच संचालन कक्षा नवीं ब की सारिका सुमन तथा वंशिका राउत ने की।

### श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल में एक नये सत्र की गतिशील शुरूआत



बोकारो। श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 में एक नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत निदेशक डॉ एसएस महापात्रा प्रिंसिपल पी शैलजा जयकुमार और वाइस प्रिंसिपल राजलक्ष्मी और लेफ्टिनेंट सुरेश बाबू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई और कार्यक्रम के बाद सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रिंसिपल पी शैलजा जयकुमार ने आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए विशिष्ट जिम्मेदारियों के साथ नामित शिक्षकों की घोषणा की। इसके अलावा हाउस वार्डन और समन्वयकों की सूची की घोषणा की गई। निदेशक डॉ एसएस महापात्रा ने छात्रों और शिक्षकों को उनकी उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी और छात्रों के जीवन में अधिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी का सम्मान करने खासकर माता पिता का आशीर्वाद लेने पर जोर दिया।

### साहिबगंज : स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया



साहिबगंज। लोकसभा चुनाव मतदाता जागरूकता को लेकर उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में साहेबगंज, महाविद्यालय साहेबगंज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान एवं जागरूकता को लेकर जानकारी साझा किए। उन्होंने बताया कि जो नवयुवक मतदाता 18 वर्ष के हैं व 1 अप्रैल, 2024 के बाद 18 वर्ष के हो चुके हैं। उन्हें अपने क्षेत्र की बीएलओ से मिलकर मतदाता वोटर कार्ड फार्म 6 को भरकर अपना मतदाता कार्ड बनवाएं। यह बातअपने माता-पिता आस- पड़ोस को यह बातें बताएं ताकि जिसका नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है वह अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने पास- पड़ोस के लोगों को वोट देने के लिए जागरूक करें ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर सके। इस मौके पर उपयुक्त ने छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण कराए। मतदाता जागरूकता को लेकर लोकसभा चुनाव सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के तहत छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। वही राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त कर स्वयंसेवक को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, डॉ रंजीत कुमार, शोभा मुर्मू एवं अन्य उपस्थित रहे।

### माहुरी परिवार फुसरो द्वारा दो दिवसीय मां मथुरासिनी वार्षिक पूजनोत्सव हुआ प्रारंभ



बेरमो/फुसरों। श्री अग्रसेन भवन फुसरों में माहुरी परिवार फुसरो द्वारा दो दिवसीय मां मधुरासिनी वार्षिक पूजनोत्सव मंगलवार से शुरू हुआ। यहॉ कलश यात्रा श्री अग्रसेन भवन फुसरों से निकली जो मेन रोड फुसरो, नया रोड फुसरो होते हुए हिंदुस्तान पुल फुसरो स्थित दामोदर नदी तट पहुंची। यहां पंडित पंकज पांडेय ने विधिवत पूजा करावाकर कलशों में जल भरवाकर पुनः वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। मुख्य यजमान दयानंद तर्वे व उनकी मंजू देवी पत्नी थे। कलश यात्रा में पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश कुमार गुप्ता, सचिव अमित वैसखयार, कोषाध्यक्ष मिंटु तर्वे, सुधीर गुप्ता, सूरज तर्वे, सहदेव प्रसाद, रितेश वैसखयार, राज कुमार, मंजीत कुमार, अनूप कुमार, राकेश तवें, विकास तर्वे, पिंटु तर्वे, अजय सेठ, अनुज भदानी, शंकर भदानी, गणेश, सोनू तर्वे, सोनम गुप्ता, अंजली गुप्ता, बीनिता कुमारी, राखी गुप्ता, सेजल, शीतल, रूपा तर्वे, शिवानी वैसखयार, किरण देवी आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो में दुंदीबाद माड़ीपट्टी के पास हथियारों के साथ चार धराये



बोकारो। प्राप्त सूचना के आधार पर नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में गठित एक विशेष छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुंदीबाद के माड़ीपट्टी से चार अपराधकर्मियों को एक लोडेड देशी रिवाल्वर एवं एक लोडेड देशी कट्टा तथा कुल चार जिंदा गोली के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये लोगों में दुंदीबाद माड़ी पट्टी निवासी 25 वर्षीय शिवा कुमार पिता स्व अजय राम तथा 19 वर्षीय पर्मेन्द्र यादव पिता कृष्णा राय एवं दानापुर गोला रोड टी प्वाइंट जिला पटना के पास रहने वाले 19 वर्षीय पंकज कुमार पिता रमानन्द पाल और देव थाना औरंगाबाद के रहने वाले 27 वर्षीय आनंद कुमार पिता लाल बाबू यादव दुंदीबाद कोऑपरेटिव ऊपर खटाल शामिल हैं। इन लोगों के खिलाफ बोकारो स्टील सिटी थाने में पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज बताये जाते हैं। छापामारी दल में बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास पुलिस निरीक्षक व सेक्टर12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक व सेक्टर6 थाना प्रभारी देना किस्कू पुलिस अवर निरीक्षक व थाना प्रभारी पिंड्राजोरा रविन्द्र कुमार पुअनि प्रभात कुमार पुअनि गुलटन मिस्त्री पुअनि माहती बोयपाई पुअनि कुलदीप कुमार राम पुअनि शैलेन्द्र पासवान आरक्षी सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह केदार दास विजय कुमार सिंह राजीव कुमार योगेन्द्र कुमार रजक प्रफुल्ल कुमार मंडल व सुधीर हेम्ब्रम शामिल थे। उक्त जानकारी बोकारो के नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन ने दी है।

### चिन्मय में पूजन के साथ नवीन सत्र का शुभारंभ



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में नव सत्र का शुभारंभ हनुमानजी के 108 नामों के उच्चारण के साथ किया गया। चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के द्वारा श्री हनुमानजी की पूजा अर्चना के बाद उनके 108 नामों मन्त्र का अर्थ बताते हुए जाप करवाया गया। इसमें विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। स्वामिनीजी ने कहा कि जीवन में हर पल हमारे साथ रहने वाले हमारे रक्षक परम पूज्य हनुमानजी हैं। हमारे हर दुख सुख में हमारे साथ रहते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि आने वाले समय मे हमे नई शिक्षा पद्धति पर आधारित शिक्षा को और अधिक प्रयोग में लाना है। नए सत्र में नई उम्मीद नई उर्जा एवं नई उमंग के साथ तैयारी करते हुए हमें सफलता की नई ऊचाइयों को छूना है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तरगण उपस्थित थे।

### जारीडीह बाजार में धूमधाम से पूजी गई कुलदेवी मां मथुरासिनी



बेरमो। जरीडीह बाजार स्थित अग्रसेन भवन धर्मशाला में मां मथुरासानी देवी की वार्षिक पूजा उत्सव धूम धाम से मनाया गया, पुजारी के रूप में विश्वनाथ शर्मा तथा यजमान के रूप में रिंकू भदानी सह पत्नी विधि विधान से पूजन अर्चन किया इस मौके पर समाज के आसपास के क्षेत्र से सैकड़ो लोग इस पूजा में सम्मिलित हुए।

# दुमका : चुनाव जागरूकता अभियान को लेकर ई-भाई का उपायुक्त ने किया लोकार्पण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से चुनाव जागरूकता अभियान के मस्कट 'ई-भाई' का मंगलवार को लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के लिए स्टीकर का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा कि 1 जून का दिन सभी को याद रहे। उक्त तिथि को मतदाता पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करें, उसके बाद ही कोई दूसरा कार्य करें। उन्होंने कहा कि हर एक मतदाता को मतदान दिवस की तिथि याद रहे। इस उद्देश्य के साथ स्वीप के तहत स्टीकर का विमोचन किया गया है। इस दौरान समाहरणालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के वाहन एक आमजनों के वाहनों पर स्वीप कोषांग के कर्मियों द्वारा स्टीकर चिपकाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों के क्रमवार मंगलवार को दुमका प्रखंड के रानीबहाल पंचायत के सुदूर ग्राम कुलंगो के मध्य विद्यालय में बने वल्नरेबल मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग ने निर्धारित की गई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस क्रम में उपायुक्त ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर लोकसभा आम निर्वाचन की पूरी जानकारी दी। मतदाताओं को उनके मताधिकार के सही उपयोग के बारे में बताया। कहा कि जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान करवाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। संबंधित अधिकारी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सुविधाजनक तरीके से मतदान करवाने के लिए सभी आवश्यक कार्य पूरे करवाने के निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि मतदान केंद्र के बाहर मतदान केंद्र से संबंधित जानकारी व मतदान केंद्र संख्या नंबर आदि व अन्य जानकारी लिखी होनी चाहिए। मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए उचित व्यवस्था हो। मतदान केंद्र पर पेयजल, बिजली का प्रबंध व सफाई व्यवस्था आदि कर लेंने का अपील किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड के बीडीओ व अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

दुमका। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को मंगलवार को मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण सदर प्रखंड के रानीबहाल पंचायत के सुदूर गांव कुलंगो के मध्य विद्यालय में बने वल्नरेबल मतदान केंद्र का किया। उपायुक्त ने वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर लोकसभा आम निर्वाचन की पूरी जानकारी दी। मतदाताओं को उनके मताधिकार के सही उपयोग के बारे में बताया। कहा कि जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान करवाने के लिए मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होंगे। संबंधित अधिकारी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सुविधाजनक तरीके से मतदान करवाने के लिए सभी आवश्यक कार्य पूरे करवाने के निर्देश दिया है।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर इस्पातकर्मियों को ईडी ने मिठाई खिलाकर दी बधाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में बीएसएल ने प्रोडक्शन डिस्पैच तथा टेक्नो इकोनॉमिक पैरामीटर में कई नए कीर्तिमान बनाकर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वित्तीय वर्ष 2023 -24 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ ओवन पुशिंग ग्रॉस सिंटर उत्पादन हॉट मेटल एसएमएस न्यू से क्रूड स्टील टोटल क्रूड स्टील तथा सीआर सेलेबल के उत्पादन में कीर्तिमान बने हैं साथ ही समग्र ऊर्जा खपत कोक रेट सीडीआई रेट तथा अन्य टेक्नो इकोनॉमिक पैरामीटर एवं ग्रेन्यूलेटेड स्लैग के डिस्पैच में भी नए रिकॉर्ड बने। बोकारो स्टील प्लांट ने इस वित्तीय वर्ष में प्रमुख उत्पादों में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की है। इस कड़ी में चार फर्नेस परिचालन से 4725529 टन हॉट मेटल उत्पादन 4309143 टन क्रूड स्टील उत्पादन 3989921 टन सेलेबल स्टील का उत्पादन तथा 4006700 टन सेलेबल स्टील का डिस्पैच शामिल है जो बोकारो स्टील प्लांट की स्थापना काल से अब तक सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। इसके अलावा इस वित्तीय वर्ष में बोकारो स्टील प्लांट ने कई दैनिक मासिक त्रैमासिक तथा अर्ध वार्षिक कीर्तिमान भी बनाया है। ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी ने बीएसएल की इस शानदार उपलब्धि पर संयंत्र के विभिन्न विभागों का दौरा कर अधिकारियों कर्मियों एवं संविदा कर्मियों समेत पूरे टीम बीएसएल को बधाई दी।

# गोड्डा : ईंट भट्टा लगाने के क्रम में बिजली की करंट लगने से दो मजदूरों की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के महुआरा ग्राम मैदान के निकट ईंट भट्ठा लगा रहे अरुण मंडल 58 और कार्तिक यादव 45 बिजली तार की चपेट में आ गए। जिसके चलते की दोनों की मृत्यु हो गई। दोनों व्यक्ति ईंट भट्ठा लग रहे थे साथ ही साथ भट्टे के दीवार में बाहर की ओर से प्लास्टर तबके का पुताई करने के लिए मिट्टी का गारा बना रहे थे। बगल के नदी से पानी लाकर मिट्टी में डाला करते थे और फिर गारा बनाकर भट्ठे की लिपाई पुताई करने वाले थे। इसी दौरान अचानक दोनों व्यक्ति बिजली तार की चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। करंट लगने के साथ ही आनन फानन में स्वजनों और ग्रामीणों द्वारा दोनों व्यक्ति को हरि देवी रेफरल अस्पताल लाया जा रहा था। तब तक सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह पुलिस बल और एक गश्ती वाहन के साथ थाना के सहायक अशोक शर्मा पहुंचे और दोनों पीड़ित को दोनों पोलिस गाड़ी में हरि देवी रेफरल अस्पताल लाया। जहां देखने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुभाष चंद्र शर्मा ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बीडीओ सह सीओ विजय कुमार मंडल, पुलिस निरीक्षक हरीकिशोर मंडल, मुखिया अवधेश ठाकुर, मनोरंजन कुमार, मनोज कुमार यादव, समाजसेवी संतोष आनंद, सुबोध यादव, महागामा के समाजसेवी रामदेव यादव,सुभाष मंडल, जवाहरलाल यादव सहित इलाके के सैकड़ो ग्रामीण पहुंचे। सभी लोग इस प्रकार की दर्दनाक घटना से अर्चंभित हो गए और पूरे इलाके में मातम छा गया।दोनों मृतक के स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक अरुण मंडल के एक पुत्री की शादी हो गई है दो पुत्र चंदन कुमार मंडल 28 और रुपेश कुमार मंडल 25 है। पत्नी शिवानी देवी दोनों पुत्र भाई और उसके संबंधियों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं दूसरे मृतक कार्तिक यादव का पुत्र चंदन यादव 19, सोनू यादव 12 और पुत्री रेशम 20, पत्नी रंभा देवी सहित भाई, संबंधियों और पड़ोस के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। दोनों मृतक की पत्नी, पुत्री,पुत्र रो रोकर बेहोश हो जा रहे थे। सभी लोग सदमे में है और इस दर्दनाक घटना को याद कर सबों का रुह कांप उठ रहा है।

# 1008 महारुद्र यज्ञ, नौ कुंडीय हवन के साथ यज्ञ मंडप का निर्माण को लेकर सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड के प्रचलित बड़ा मोरडीहा ग्राम शिव मंदिर परिसर में सोमवार को यज्ञाचार्ज स्वामी अभयानंद उर्फ अभिषेक शास्त्री जी महाराज की उपस्थिति में मोरडीहा पंचायत के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में इस मोरडीहा गांव के शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, बजरंगबली मंदिर, काली मंदिर और प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरडीहा परिसर के निकट ग्यारह दिवसीय भव्य श्री श्री 1008 महा रूद्र यज्ञ करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंचायत स्तरीय यज्ञ समिति का भी गठन किया गया। जिसमें जयकांत यादव को अध्यक्ष, सुबोध चौधरी, राजाराम कापरी, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, मिथलेश शाह, राजकुमार चौधरी को उपाध्यक्ष, प्रीतम कुमार झा उर्फ निक्कू, पंकज कुमार मंडल, प्रवीण कुमार शाह, चंद्रशेखर शाह,ज्योति शाह को सचिव, अरविंद पासवान, गोपाल मंडल, फूलचंद कुमार, रवि पासवान, रंजीत मंडल, को संयुक्त सचिव, पूणानंद पंडित, बालेंदु शेखर, अजय कुमार शाह, अमरेंद्र कुमार आजाद, अंकित कुमार साह, सोनू कुमार पोद्दार, चंदन जायसवाल कोषाध्यक्ष। फूलचंद कुमार, मुकेश शाह, अमरेंद्र कुमार झा उर्फ चीकू, सोनू कुमार पोद्दार, पवन मंडल को मीडिया प्रभारी एवं सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में चयनित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अभी इसके आगे भी प्रखंड स्तरीय यज्ञ समिति का चयन किया जाएगा। यह नव कुंडीय श्री श्री 1008 महायज्ञ यज्ञ होगा।सात मंजिल का यज्ञ मंडप का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही साथ नए आकर्षक डिजाइन में निमार्णाधीन भव्य शिव मंदिर को भी पूर्ण करने के लिए जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यज्ञ के दौरान हरि नाम संकीर्तन, प्रवचन आदि धार्मिक कार्यक्रम भी होगा।

# जीएम के निर्देश पर जारंगडीह के विभिन्न ठिकानों पर छापे





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/कथारा।** मंगलवार को अहले सुबह सीसीएल कथारा महाप्रबंधक के आदेशानुसार, क्षेत्रीय गस्ती दल एवं जरांगड़ीह गस्ती दल संयुक्त रूप से जरांगडीह साइडिंग मनसा नगर बायपास रोड के किनारे, कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी किया गया। छापेमारी में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। जिसमे 5 मोटरसाइकिल को जप्त कर पूर्ण रूप से छतिग्रस्त कर दिया गया। ततपश्चात लगभग 25 से 30 अवैध कोयला से भरा बोरा को पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया, साथ ही बरामद कोयला को जरांगडीह कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया, जिसका वजन लगभग 3 टन बताया गया है। इस छापेमारी अभियान में इबरार हुसैन क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी नागेश्वर नोनिया एएसएसआइ हेलेरियस कुजूर जरांगडीह सुरक्षा प्रभारी देवांसु कुमार, एचएसजी संजय कुमार दास एसआर/एसजी मुकेश कुमार सिंह, जेएचजी ललिता कुमारी, जेएचजी सरस्वती हंसदा जेएचजी एवं अन्य जवान भी मौजूद थे।

खबर मन्त्र
रांची .बुधवार.03 अप्रैल 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# प्रकृति की मार

दुनिया भर में विगत वर्ष 398 प्राकृतिक आपदाएं आईं, जिससे 380 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। ग्लोबल कंजल्टिंग फर्म एओएन के अनुसार, 2023 में भूकंप, तूफान, बाढ़, चक्रवात और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण एशिया प्रशांत क्षेत्र में 65 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। एओएन-लिस्टेड ने एक हालिया रिपोर्ट में कहा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बाढ़ और सूखे से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। चीन में बाढ़ और भारत में सूखे से हुए नुकसान का अनुमान $65 बिलियन (करीब 5.20 लाख करोड़ रुपये) लगाया गया है, जो 21वीं सदी के औसत से 48% कम है। चीन में, बाढ़ ने जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया है, जबकि भारत में सूखे ने कृषि और जल संसाधनों को नुकसान पहुंचाया है।इस क्षेत्र में बीमा कवरेज बहुत कम है। 91% नुकसान का बीमा नहीं था, जिसका अर्थ है कि बीमा कंपनियों ने सिर्फ $6 बिलियन (करीब 48,000 करोड़ रुपये) का भुगतान किया। यह 21वीं सदी के औसत $15 बिलियन (करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये) से भी कम है रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में दुनिया भर में 398 प्राकृतिक आपदाएं आईं, जिससे 380 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। यह 2022 में हुए नुकसान से 7% अधिक है और 21वीं सदी के औसत से 22% अधिक है। इन आपदाओं में भूकंप, सुनामी, बाढ़, तूफान और सूखा शामिल थे। अमेरिका और यूरोप में लगातार गंभीर संवहनी तूफान आए, जिससे भारी नुकसान हुआ। विकसित और विकासशील के साथ ही निर्धन देशों की आर्थिक स्थिति पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ा है। आने वाले समय में इस प्रकार के प्राकृतिक आपदाओं के और अधिक बढ़ने की आशंका है। इसके लिये विश्व को बहुत संवेदनशीलता से तैयार होना होगा।

# गेहूं खरीद पर रोक

भारत सरकार ने वैश्विक और घरेलू व्यापारियों से कहा है कि वे स्थानीय किसानों से नए सीजन के गेहूं की खरीदारी करने से बचें। अगर व्यापारी ऐसा करते हैं तो सरकारी एंजेंसी भारतीय खाद्य निगम को अपने घटते भंडार को बढ़ाने के लिए बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदने में मदद मिलेगी। भारत चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं उपभोक्ता और उत्पादक देश है। सरकार ने 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था और वह 2022 और 2023 में शुष्क मौसम के कारण उत्पादन प्रभावित होने के बाद अब स्टॉक बढ़ाने और कीमतों में बढ़ोतरी करना चाहती है। गेहूं की बढ़ती कीमतों ने सरकार को स्थानीय आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए रिकॉर्ड मात्रा में बेचने के लिए मजबूर किया, जिससे दुनिया के सबसे बड़े खाद्य कल्याण कार्यक्रम के लिए जरूरी भंडार में कमी आई, जिसके तहत लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है। सरकार ने निजी व्यापारियों को थोक बाजारों से दूर रहने के लिए कहा है, कम से कम अप्रैल में गेहूं खरीदने से बचने के लिए कहा है। सरकार की तरफ से 2007 के बाद यह इस तरह का पहला गाइडेंस है। गौरतलब है कि मई के मध्य के बाद से गेहूं की खरीद कम होने लगती है। भारत के अनाज बाजारों में सक्रिय व्यापारियों में कारगिल इंक हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड लुइस ड्रेफस कंपनी और औलम ग्रुप शामिल हैं सूत्रों ने कहा एफसीआई की योजना 30 मिलियन टन गेहूं खरीदने की है ऐसे में सरकार ने सबसे ज्यादा गेहूं उत्पादक राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि निजी व्यापारी इस साल कम से कम 30 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं खरीदने की एफसीआई की योजना के रास्ते में न आएं। निश्चित ही यह एक बड़ी खाद्य असुरक्षा की समस्या खड़ी हो रही है जिससे किसानों को नुकसान होगा।

# हैवानियत का सिलसिला जारी है...

देश में बेटियों की सुरक्षा और सलामती के सैकड़ों कानून हैं, पुलिस प्रशासन तैनात है और त्वरित अदालतों का गठन हो रहा है, बावजूद इसके बेटियों पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा! हैदराबाद, बक्सर, रांची, उन्नाव सहित देश के कोने-कोने से हो रही घटना से देश स्तब्ध, उद्वेलित और मर्माहत है। इस घटना ने 2012 के उस निर्भया कांड की याद दिला दी है जब देश उबल पड़ा था। तब केंद्र सरकार ने लोगों के गुस्से को देखते हुए यौन शोषण से जुड़े कानून में बदलाव के लिए जस्टिस जेएस वर्मा की अध्यक्षता में समिति गठित की और उनकी सिफारिशों पर कानून में बदलाव किया। उसके बाद बारह साल से कम उम्र की बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले में फांसी की सजा तय की गई। मगर देखा जा रहा है कि इसके बावजूद बेटियां दिन के उजाले में भी महफूज नहीं हैं। कड़े कानून के बावजूद बेटियों की अस्मत के लुटेरे हैवान आजाद हैं।




आंकड़ों पर गौर करें तो दुष्कर्म के मामलों में सजा की दर बेहद कम है। चिल्ड्रेन फाउंडेशन की ओर से बाल यौन उत्पीड़न पर जारी रिपोर्ट में राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार विगत कुछ वर्षों में बच्चों के खिलाफ अपराध की घटनाओं में चौरासी प्रतिशत वृद्धि हुई है। जाहिर है कि कानून और पुलिस तंत्र अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है। आंकड़े बताते हैं कि पुलिस को 2017 में 46,965 मामलों की जांच करनी थी। इनमें 14,406 मामले पहले से लंबित थे और 32,559 नए दर्ज हुए। पुलिस ने इनमें से 4364 केस बंद कर दिए और 28750 में चार्टशीट लगाई। बाकी 13,765 मामले लंबित छोड़ दिए। दुष्कर्म के बाद हत्या के मामलों में भी 2016 में एक सौ आठ मामले लंबित थे। 2017 में दो सौ तेईस नए मामले दर्ज हुए।



-ए जयतिलक

> आंकड़े बताते हैं कि पुलिस को 2017 में 46,965 मामलों की जांच करनी थी। इनमें 14,406 मामले पहले से लंबित थे और 32,559 नए दर्ज हुए। पुलिस ने इनमें से 4364 केस बंद कर दिए और 28750 में चार्टशीट लगाई। बाकी 13,765 मामले लंबित छोड़ दिए। दुष्कर्म के बाद हत्या के मामलों में भी 2016 में एक सौ आठ मामले लंबित थे। 2017 में दो सौ तेईस नए मामले दर्ज हुए।

अदालतों की बात करें, तो 2017 में निचली अदालतों में दुष्कर्म के 1,46,201 मामले थे, जिनमें से 1,17,451 मामले लंबित थे। इनमें ट्रायल कोर्ट में सिर्फ 18099 मामलों में सुनवाई हो सकी। 5,822 यानी 32.2 प्रतिशत मामलों में ही दोष सिद्ध हुए। वर्ष 2016 में यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण संबंधी कानून पोस्को के तहत 48060 मामले जांच के लिए दर्ज किए गए, जिनमें से सिर्फ 30851 मामले सुनवाई के लिए अदालत भेजे गए। यानी छत्तीस प्रतिशत मामले जांच के लिए लंबित रह गए। वर्ष 2014-16 के दौरान पोस्को के तहत सिर्फ तीस प्रतिशत दोष सिद्ध हुए। हालांकि राहत की बात यह है कि 2015 के मुकाबले छह प्रतिशत की वृद्धि हुई।

आंकड़ों पर गौर करें तो 2006 में यौन उत्पीड़न के मामले में सजा की दर 51.8 प्रतिशत, 2007 में 49.9, 2008 में 50.5 और 2009 में 49.2 प्रतिशत रही। यह रेखांकित करता है कि अदालतों में यौन शोषण से जुड़े मामलों की सुनवाई की गति बेहद सुस्त है और सजा की दर भी कम है। ऐसे में अपराधियों के मन में स्वाभाविक ही कानून को लेकर भय नहीं है। इन आंकड़ों से साफ है कि बलात्कार के अधिकतर मामलों में अपराधी सजा से बच निकल जा रहे हैं। महिलाओं पर होने वाले समग्र अत्याचारों में केवल तीस प्रतिशत गुनहगारों को सजा मिल पाती है। एनसीआरबी के रिपोर्ट के मुताबिक बाल यौन उत्पीड़न के लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अगर इसकी सुनवाई इसी गति से चलती रही तो 2018 तक के लंबित मामलों को ही निपटाने में तीन दशक लग जाएंगे।

राज्यवार आंकड़ों पर गौर करें तो पंजाब में लंबित मामलों को निपटाने में दो वर्ष, जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरल, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में इनका निपटारा होने में साठ वर्ष से भी ज्यादा समय लग सकता है। वर्ष 2015 और 2016 में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मात्र दस प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी हो सकी है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार इस समय देश में डेढ़ लाख से अधिक बलात्कार के मुकदमे अदालतों में लंबित हैं। जब तक यौन उत्पीड़न मामले में सजा की दर में वृद्धि नहीं होगी अपराधियों के मन में खौफ पैदा नहीं होगा। यहां यह भी गौरतलब है कि बेटियां सिर्फ सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर नहीं, बल्कि अपने घर-परिवार और रिश्ते-नातेदारों की जद में भी असुरक्षित हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो रिश्तेदारों द्वारा बलात्कार की घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। दुष्कर्म की घटनाओं में तकरीबन पंचानबे प्रतिशत मामलों में बेटियां दुष्कर्मी को अच्छी तरह जानती-पहचानती हैं, लेकिन उसके खिलाफ अपना मुंह खोलने से डरती हैं।

यूनिसेफ की रिपोर्ट 'हिडेन इन प्लेन साइट' से उजागर हो चुका है कि भारत में पंद्रह से उन्नीस साल की उम्र की चौंतीस प्रतिशत बेटियां ऐसी हैं, जो अपने साथी के हाथों शारीरिक या यौन हिंसा झेलती हैं। इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि पंद्रह से उन्नीस साल तक की उम्र वाली सतहत्तर प्रतिशत बेटियां यौन हिंसा का शिकार हुई हैं। इसी तरह पंद्रह से उन्नीस साल की उम्र की लगभग इक्कीस प्रतिशत बेटियां पंद्रह साल की उम्र से ही हिंसा झेल चुकी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन लड़कियों की शादी नहीं हुई, उनके साथ शारीरिक हिंसा करने वालों में पारिवारिक सदस्य, मित्र, जान-पहचान के व्यक्ति और शिक्षक होते हैं।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष तथा वाशिंगटन स्थित संस्था 'इंटरनेशनल सेंटर पर रिसर्च ऑन वुमेन' (आईसीआरडब्ल्यू) के आंकड़ों से भी जाहिर हो चुका है कि भारत में दस में से छह पुरुषों ने कभी न कभी अपनी पत्नी या प्रेमिका के साथ हिंसक व्यवहार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक बावन प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया कि उन्हें किसी न किसी तरह की हिंसा का सामना करना पड़ा है।

## खास बात

# मरते किसान

**जग्गी वासुदेव**

हमारे देश ने बहुत सी उल्लेखनीय वैज्ञानिक सफलताएं हासिल की हैं, साथ ही कई बड़े उद्यम लगाने में भी हम सफल रहे हैं। लेकिन इस सब के बीच हमारी सबसे महान उपलब्धि है कि बिना किसी विशेष तकनीक और बुनियादी ढांचे के हमारे किसान 130 करोड़ लोगों को अपने पारंपरिक ज्ञान के सहारे खाना खिला रहे हैं। दुर्भाग्यवश हमें हमारा भोजन प्राप्त कराने वाले किसान के बच्चे भूखे हैं, और वो खुद अपनी जान ले लेना चाहता है। पिछले 10 वर्षों में 3 लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है। इतने लोग तो उन चार युद्धों में भी नहीं मरे जो भारत ने लड़े हैं। यह सोच कर मेरा सिर शर्म से झुक जाता है। हमारे देश को प्रकृति का ऐसा वरदान है कि सारी दुनिया का अन्नदाता बन सकता है क्योंकि हमारे देश में लैटीट्यूड से जुड़ा या अक्षांश-संबंधी फैलाव मौजूद है, जिसमें ऋतुओं की विविधता, अच्छी मिट्टी, जलवायु की उचित स्थिति शामिल हैं। सबसे बढकर हमारे पास ऐसे लोगों की विशाल संख्या है जो मिट्टी को भोजन में बदलने का जादू जानते हैं। हम अकेले देश हैं, जिसे ऐसे वरदान प्राप्त हैं। अगली पीढी के कृषि को अपनाने की उम्मीदें कम हैं। सिर्फ इसी से आबादी ग्रामीण भारत में रु की रहेगी। खेती से आमदनी को हम कुछ गुना नहीं बढाते तो ग्रामीण भारत का आधुनिकीकरण सपना ही रह जाएगा। लेकिन कृषि को फायदे वाले उद्यम की तरह बनाने में हम सफल नहीं हो रहे क्योंकि सबसे बड़ी बाधा जमीनों का बहुत छोटा होना है-लोगों की जमीनें बहुत छोटी हैं। हजारों सालों से इन जमीनों पर खेती हो रही है और जमीनों का बंटवारा होता गया है।

भारतीय किसानों के पास औसतन प्रति किसान 1 हेक्टेयर से कुछ ही ज्यादा जमीन है। तो इतनी छोटी जमीन में किसान जो भी धन लगाता है वो डूब ही जाता है। किसानों को नुकसान पहुंचाने वाले दो मुख्य कारण, जो उन्हें गरीबी और मौत की ओर धकेल रहे हैं-हैं सिंचाई साधनों पर खर्च और बाजार में मोलभाव करने की ताकत न होना। जमीनों का स्तर छोटा होने के कारण ये दोनों बातें हमारे किसानों की पहुंच के बाहर हैं।

# कर्म फल

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

परमात्मा कभी तुमसे यह कहता ही नहीं कि तुम क्या करो और क्या न करो। तुम्हें करने की पूरी स्वतंत्रता है। लेकिन एक बात सदैव ध्यान रखना कि हर कृत्य का परिणाम है और उसे भोगने के लिए भी तुम राजी रहना। कृत्य की पूरी स्वतंत्रता है लेकिन परिणाम बंधन है। तुम पाप करने को स्वतंत्र हो, लेकिन पीड़ा भोगने में परतंत्र हो। तुम पुण्य करने को स्वतंत्र हो, लेकिन सुख लेने में परतंत्र हो। वह तुम्हें लेना ही पड़ेगा। अब तक ऐसा हुआ ही नहीं कि किसी आदमी ने पुण्य किया हो और सुख लेने से छुटकारा पा लिया हो। यह हो ही नहीं सकता। बीज बोने में तुम स्वतंत्र हो, लेकिन फिर फसल भी तुम्हें ही काटनी पड़ेगी। वहां तुम्हारी स्वतंत्रता नहीं है। तुम स्वयं अपने अभ्यास के बारे में गहराई से चिंतन करो। फिर गुरु महाराजी के इवेंट में जाने का अवसर मिला और अभ्यास की सुध आई तो कुछ समय के लिए शुरू कर दिया। लेकिन तुम जानते ही नहीं हो कि बीच में जो अंतराल आया उस दौरान तुमने अभ्यास से स्वयं की जो खुदाई की थी वो तुमने दोबारा मन की वासनाओं के अधीन संसार से भर ली। अब फिर नए सिरे से खुदाई। बस यही चलता रहता है और तुम कहते हो कि इतना समय हो गया अभ्यास करते हुए पर कुछ नहीं हो रहा है। न तो स्वयं को और न ही हृदय में विराजमान परमात्मा को जान पाए। शांति का अनुभव हुआ ही नहीं। क्रियाओं का अभ्यास कुआं खोदने के समान कहा गया है। पहले मिट्टी फिर पत्थर उसके बाद गंदा पानी और अंततः स्वच्छ जल।

यह है झामुमो,कॉग्रेस शासित झारखंड की कहानी,आदिवासी महिलाएँ बलात्कार की लगातार शिकार हो रही है । यह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की विधानसभा की खबर है । पूरा संथालपरगना बांग्लादेशी घुसपैठिया के कंट्रोल में है ।
**-निशिकांत दूबे, सांसद, गोड्डा**

## रोचक ट्वीट

खबर मिली कि बुजुर्ग यात्रियों से छूट वापस लेकर रेलवे को ?5,800 करोड़ का फायदा हुआ है। दूसरी ओर, हमारी झारखंड सरकार ने 36 लाख से अधिक बुजुर्गों को पेंशन का सहारा दिया।
**- चंपई सोरेन, सीएम**





जन-जन का कल्याण ही भाजपा की प्राथमिकता है। पिछले 10 साल के रिपोर्ट कार्ड को देखकर देवभूमि उत्तराखंड के मेरे परिवारजन तीसरी बार हमारी सरकार बनाने जा रहे हैं। रुद्रपुर में उमड़े जनसमूह का उत्साह अभिभूत करने वाला है। **- नरेन्द्र मोदी**

# क्या रेलवे में लाभ के लिए निजीकरण जरूरी है?

**एनके मुरलीधर**

## आर्थिक

भारतीय रेलवे कई स्टेशनों के रखरखाव की जिम्मेदारी निजी हाथों को सौंप रहा है। अर्थव्यवस्था की सुस्ती को लेकर अभी बहसें चल ही रही हैं कि रेलवे की हालत ठीक न होने के आंकड़े ने सरकार के लिए नई चिंता पैदा कर दी है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी सीएजी ने रिपोर्ट दी है कि 2018-19 के दौरान रेलवे की कमाई और परिचालन खर्च में बहुत कम अंतर था। उसे सौ रुपए कमाने के लिए अट्ठानबे रुपए चौवालीस पैसे खर्च करने पड़े। यह पिछले दस सालों में सबसे अधिक परिचालन खर्च है। यह तब है, जब रेलवे ने पिछले सालों में यात्री और माल भाड़े में बढ़ोतरी की है। इस दौरान कई नई गाड़ियां भी चली हैं। यात्रियों की संख्या बढ़ी है। फिर भी उसकी कमाई और परिचालन खर्च में बहुत कम का अंतर रह गया है, तो यह निस्संदेह चिंता का विषय है। जिस वर्ष का रेलवे के परिचालन पर खर्च का लेखाजोखा पेश किया गया है, उस वर्ष उसने अपनी कुछ ग्राहक कंपनियों से अग्रिम शुल्क ले रखा था, वरना उसके लिए अपना खर्च संभालना मुश्किल होता। इसलिए सीएजी ने सुझाव दिया है कि रेलवे को अपनी आंतरिक आय बढ़ाने के उपायों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि सकल बजटीय प्रावधान पर निर्भर न रहना पड़े।

रेलवे की कमाई का सबसे बड़ा स्रोत माल ढुलाई है। उसके बाद यात्री भाड़ा और फिर कुछ आमदनी रेलवे स्टेशनों पर व्यावसायिक गतिविधियों के लिए दी गई जगहों के किराए से हो जाती है। पिछले कई सालों से रेलवे को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का दम भरा जा रहा है।

इसमें रेलवे स्टेशनों की मरम्मत, गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने और उनमें सुरक्षा और यात्री सुविधाएं बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया जाता रहा है। ऐसे में जाहिर है कि परिचालन खर्च बढ़ने से रेलवे के लिए इन पक्षों पर आगे कदम बढ़ाने के लिए काफी सोचना पड़ेगा।

पहले ही नई पटरियां बिछाने, पुराने पुलों की जगह नए पुल बनाने, रेल लाइनों के विद्युतीकरण, गाड़ियों में टक्कररोधी उपकरण लगाने आदि जैसी रेलवे की अनेक परियोजनाएं लंबे समय से लटकी पड़ी हैं। कमाई न हो पाने से नई परियोजनाएं शुरू करना तो दूर, रुकी हुई परियोजनाओं को गति दे पाना ही कठिन होगा।


रेलवे की कमाई घटने की कुछ वजहें समझी जा सकती हैं। इसका सीधा संबंध अर्थव्यवस्था की सुस्ती से है। छिपी बात नहीं है कि औद्योगिक क्षेत्र का उत्पादन काफी घटा है। वाहन और कपड़ा उद्योग जैसे कई क्षेत्रों पर आर्थिक मंदी की बहुत बुरी मार पड़ी है। स्वाभाविक ही इससे रेलवे की माल ढुलाई पर असर पड़ा है, जो कि उसकी कमाई का बड़ा जरिया है। यानी जब तक औद्योगिक क्षेत्र में तेजी नहीं आती, रेल के पहियों में भी सुस्ती बनी रहेगी।

जाहिर है, इस सुस्ती से पार पाने के लिए रेलवे को कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। उनमें से पहला कदम यही हो सकता है कि वह अपने भाड़े और किराए में बढ़ोतरी करे। मगर इसका सीधा असर मुसाफिरों पर पड़ेगा। लोग पहले ही महंगाई से परेशान हैं, रेल भाड़े में बढ़ोतरी उन पर अतिरिक्त बोझ साबित होगी।

यों रेलवे कई स्टेशनों के रखरखाव की जिम्मेदारी निजी हाथों को सौंप रहा है। उससे उसका खर्च कुछ कम हो सकता है। मगर मुसाफिरों की जेब पर उसका भार पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। रेलवे सार्वजनिक परिवहन का बड़ा तंत्र है, अगर उसकी स्थिति सुधारने का प्रयास जल्दी नहीं किया गया, तो यह सरकार की बड़ी विफलता साबित होगी।देश में 17 करोड़ परिवार सामान्य रेल में सफर करने की ही हिम्मत जुटा पाता है ऐसे में रेलवे का निजीकरण एक बड़ी भयंकर भूल होगी।

## कार्टून वर्ल्ड

बिगड़ता पर्यावरण मौज में...



## लेटर टू एडिटर

### रोजगार की बात

**कांग्रेस** की ऐतिहासिक योजना पर अहम सवाल यह बना हुआ है कि इसके लिए संसाधन कहां से जुटाएगी? रोजगार देने के बजाय भत्ता देकर ये आवाम को और कमजोर और मजबूर बना रही है, जिसका परिणाम आने वाले दिनों में ये होगा कि जनता फिर रोजगार की नहीं, भत्ता की मांग करेगी। इससे हमारी अर्थव्यवस्था तो टूटेगी ही देश का विकास भी दूभर हो जाएगा। चाहे कोई भी सरकार हो, वह रोजगार की बात करे।
**-अनिल सिन्हा, हजारीबाग**

### नफरत क्यों?

**सोशल** साइट्स फेसबुक का प्रयोग जानकारी हासिल करने और प्यार बढाने के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन कुछ लोग इसका दुरु पयोग करते हुए इसे अफवाहें, नफरत फैलाने और फेक आईडी बनाकर या किसी लड़की-महिला की फोटो को किसी सॉफ्टवेयर में एडिट करके इनको बदनाम करने से भी गुरेज नहीं करते। सरकार को इस बारे में यथाशीघ्र सोचने की जरूरत है।
**-सचिन रस्तोगी,जमशेदपुर**

# दुनिया की पहली सीएनजी बाइक लॉन्च करने की तैयारी में बजाज

**अंकित सिंह**

## इनोवेशन

**परीक्षण** खच्चरों की दृष्टि के आधार पर, बाइक को सीएनजी सिलेंडर की अपरंपरागत नियुक्ति मिल सकती है। इसे लम्बी, सपाट सीट के नीचे क्षैतिज रूप से एकीकृत किया जा सकता है, जो इसे बाइक की संरचना में सहजता से मिश्रित करता है।

बजाज ऑटो अपनी आगामी सीएनजी-संचालित बाइक के बारे में खबरों को लेकर सुर्खियों में है। प्रबंध निदेशक और सीईओ राजीव बजाज की हालिया घोषणाएं पुष्टि करती हैं कि सीएनजी-बाइक लॉन्च जून के लिए निर्धारित है। गौरतलब है कि यह कंपनी द्वारा लॉन्च की जाने वाली पहली सीएनजी मोटरसाइकिल होगी। इस आने वाली बाइक को 'ब्रुजर' कहा जा सकता है। परीक्षण खच्चरों की दृष्टि के आधार पर, बाइक को सीएनजी सिलेंडर की अपरंपरागत नियुक्ति मिल सकती है। इसे लम्बी, सपाट सीट के नीचे क्षैतिज रूप से एकीकृत किया जा सकता है, जो इसे बाइक की संरचना में सहजता से मिश्रित करता है।

### यहां जानें खासियत

यह नवोन्मेषी डिजाइन न केवल स्थान को अनुकूलित करता है बल्कि एक चिकना और सुव्यवस्थित लुक में भी योगदान देता है। इसके अलावा, रेंज और सुविधा के मुद्दों से निपटने के लिए, ऐसी अफवाहें हैं कि बाइक में आपातकालीन उपयोग के लिए एक कॉम्पैक्ट पेट्रोल टैंक शामिल होगा। अपने व्हील साइज, डिस्क ब्रेक और राइडर एर्गोनॉमिक्स के साथ कम्यूटर सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत देते हुए, बजाज संभवतः 100-160 रेंज में खरीदारों को लक्षित कर रहा है।



एलईडी लाइट्स, एक संभावित डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, टेलीस्कोपिक फोर्क, मोनोशॉक सस्पेंशन और 17 इंच के अलॉय व्हील जैसी सुविधाओं का समावेश होगा।

सुरक्षा के लिहाज से, बजाज सीएनजी बाइक में आगे डिस्क ब्रेक और पीछे ड्रम ब्रेक होने की उम्मीद है, जिससे पर्याप्त रोक शक्ति और नियंत्रण सुनिश्चित होगा। उद्योग जगत की जानकारी और अटकलों के आधार पर नए मॉडल की

अनुमानित कीमत लगभग 80,000 रुपये (एक्स-शोरूम) होने का अनुमान है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि अंतिम उत्पाद को बाजार में लॉन्च करने से पहले प्री-प्रोडक्शन मॉडल संभावित परिवर्तनों के अधीन होते हैं। जैसे-जैसे बजाज अपनी सीएनजी-संचालित बाइक के लॉन्च की तैयारी कर रहा है, मोटरसाइकिल उत्साही और यात्रियों के बीच प्रत्याशा बढ़ती जा रही है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भाजपा प्रत्याशी ने विष्णुगढ़ में किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का विष्णुगढ़ भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल के जनसंपर्क अभियान को आगे बढ़ाते हुए जमनीजारा,अरजरी, नरकी मोड़, डुबका, गाल्होबार, सिमरबेड़ा, अम्बाटांड, खरकट्टो ,चिरुडीह, नागी,चानो, मंगरो,करगालो, सिरैय, अचलजामु, सिमरिया में लोगों का आपार जन समर्थन और प्यार मिला। जायसवाल ने कहा कि विष्णुगढ की

## जनता को प्यार और सम्मान देने के लिए धन्यवाद : मनीष जायसवाल

जनता को इतना प्यार और सम्मान देने के लिए धन्यवाद। आप सबों के आशीर्वाद से मुझे भी राष्ट्रहित में एक कमल पुष्प चढ़ाने का अवसर मिलेगा। ऐसा कोई परिवार नहीं होगा जिन्हें मोदी द्वारा किये गए कार्य का लाभ ना मिला हो, मोदी सरकार सबका साथ सबके विकास की नीति पर कार्य करती है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, सुशील कुमार मंडल,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, सुनील कुमार वर्मा, सुशील कुमार महतो, संतोष कुमार महतो, गौतम



भारती,राजेश सोनी, जीवन सोनी, रीना बर्मन, अंजू देवी,गायत्री देवी,प्रकाश साव,नुनुगोपाल, तुलसी सिंह रजनी, कन्हाई यादव, नीतीश कुमार बर्णवाल, डुमरचंद महतो,रवि पांडेय,रंजन मोहन लाल, प्रकाश रजवार, दिनेश कुमार मंडल, तुलसी महतो,सतीश पटेल,संजय कसेरा समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण शामिल थे।

# 259 क्विंटल अनाज गबन के आरोप में डीलर पर प्राथमिकी

## दो माह का राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** प्रखंड के कंडसार पंचायत के डीलर संजय सिह पर दो माह के 259 क्विंटल राशन गबन करने के आरोप मे कटकमसांडी थाना मे केश दर्ज किया गया ।प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शौकत सरवर के लिखित शिकायत पर थाना कांड संख्या 55/24 धारा 406,409,420 के तहत केश दर्ज करते हुए नामजद आरोपी बनाया है ।

थाना प्रभारी देवदत्त कुमार सिह ने बताया कि डीलर पर जालसाजी का मामला दर्ज कर लिया गया है ।मामले की जांच पड़ताल की जा रही है ।दोषी को किसी भी हालत मे बख्शा नही जायेगा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि करीब पांच लाख से अधिक का गबन का मामला है। एमओ ने इससे पहले बाझा पंचायत के उरीदीरी गांव के डीलर कुलवेंदर सिह पर भी राशि रिकवरी करने और केश दर्ज करने की अनुशंसा की है । कटकमसांडी प्रखंड मे इन दिनों गरीबों को मिलनेवाले अनाज का कालाबाजारी धडल्ले से जारी है । डीलर उपभोक्ता से अंगुठा लगवाकर अनाज यह कहकर नही देते है कि नेटवर्क फेल रहने के कारण अंगुठा नहीं लगा अब फिर आगे माह आकर अंगुठा लगा लेंगे।

यही कारण है है गरीबों के 888 क्विंटल अनाज का डीलरों ने गबन कर कालाबाजारी कर दिया ।जिसका खुलासा अब एमओ के जांच के दौरान हो रहा है । अभी भी प्रखंड मे राशन गबन का मामला थमने का नाम नही ले रही है। कभी कम राशन तौलने व कभी महीने के राशन गायब करने के लगातार मामले से लाभार्थी क्षुब्ध हैं। ऐसा ही मामला कंडसार पंचायत के पीडीएस दुकान के डीलर संझय सिह पर लगा था। डीलर ने पीछले वर्ष अगस्त और सितंबर माह का राशन उठाव के बाद भी कंडसार पंचायत के डीलर द्वारा राशन नही दिए जाने पर 40 से 50 लाभुकों ने घंटो जमकर हंगामा किया था। हंगामा के दौरान ग्रामीणों ने एमओ शौकत सरवर को बुलाकर डीलर पर कार्रवाई की भी मांग की। राशन से वंचित लाभार्थियों द्वारा एमओ को बताया गया कि डीलर संजय सिंह जून-जुलाई में भी अंगूठा लगवाकर राशन नही दिया था । बताया जाता है कि विभाग द्वारा डीलर संजय सिंह को पूर्व मे भी ब्लैक लिस्टेड किया गया था। डीलर पर बिरहोरों के राशन हड़पने का भी आरोप है जिसपर उन्हें निलंबित किया गया था।

## विष्णुगढ़ में 2.5 टन कोयला के वाहन जब्त

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम बंदखारो के चुहीं टिया मोड़ के पास एक 407 वाहन से लदे 75 से 80 प्लास्टिक के बोरियों लगभग 2.5 टन कोयला को जब्त किया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बोकारो जिला से कोयला तस्करों द्वारा बंदखारो सारू कुदर के रास्ते बगोदर की ओर कोयला लेकर जाने वाले हैं विष्णुगढ़ पुलिस द्वारा सूचना पाकर सूचना पाकर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए त्वरित कार्रवाई कर बंदखारो चुहीं टिया मोड़ के पास पहुचा और तस्करी में प्रयुक्त वाहन का इंतजार करने लगा इसी क्रम में एक 407 वहां आते दिखाई दिया पुलिस की घेराबंदी को देखकर चालक लगभग 200 मीटर पीछे गाड़ी रोक कर भागने में सफल रहा। विष्णुगढ़ थाना में चालक एवं मालिक तथा अज्ञात कोयला तस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

## लोकसभा चुनाव : चेकिंग के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने हजारीबाग जिला अंतर्गत सीमावर्ती इलाकों में गहन जांच पड़ताल व चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए है, सीमावर्ती क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध शराब व अन्य प्रकार के गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बिहार राज्य की सीमा पर स्थित बरही प्रखंड के चोरदाहा चेक पोस्ट पर पूर्व से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के स्थान पर निम्नांकित पदाधिकारी कर्मियों को लोकसभा निर्वाचन की समाप्ति तक (247) तीन पालियों में निम्नवत दंडाधिकारी के रूप में दिनांक 2 अप्रैल से प्रतिनियुक्ति की गई है। जिनमें महेंद्र साव, सीआरपी चौपारण मोबाईल संख्या 9122548572, मो शोएब अंसारी, सीआरपी चौपारण मोबाईल संख्या 9199181984 एवं विश्वनाथ प्रसाद, सीआरपी चौपारण मोबाईल संख्या 9097262478 है। ये सभी पालीवार दंडाधिकारी के रूप में कार्यरत रहेगें। जय प्रकाश सिंह, अनुराग बर्मन, विनोद कुमार सिंह, सनी कसेरा, शेखर सुमन, विशाल शर्मा, अनूप कुमार, अशोक सिंह, संजय कुमार, शशि लहकार, विष्णु कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे। संध्या 4 बजे से श्री राम मंदिर प्रांगण में प्रारंभ होगी। मौके पर निर्मल कुमार, किशोर कुमार मंडल, जय प्रकाश सिंह, अनुराग बर्मन, विनोद कुमार सिंह, सनी कसेरा, शेखर सुमन, विशाल शर्मा, अनूप कुमार, अशोक कुमार सिंह, संजय कुमार, शशि लहकार, विष्णु कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय में किंडर गार्डन के बच्चों का नये सत्र में स्वागत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज स्कूल में किंडर गार्डन के बच्चों का नए सत्र के शुरूआत के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों की उपस्थिति में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए खेल-कूद सहित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। मौके पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य विजंयत कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। इसके लिए विद्यालय सुखद व आनंदित वातावरण प्रदान करता है। विद्यालय क्षेत्र में लगातार कई दशकों से शिक्षा का अलख जगा रहा है। उन्होंने बताया की विद्यालय में किंडर गार्डन के सारे सुविधाओं के साथ-साथ कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, लाइब्रेरी, कराटे, योगा, खेलकूद आदि का आयोजन लगातार कराता रहता है। ताकि बच्चे हर क्षेत्र मे अव्वल बने सकें। किंडर गार्डन की प्राचार्या अंजू पटेल ने कहा कि बच्चे अभी प्रारंभिक अवस्था में होते हैं। माता-पिता को भी विद्यालय के साथ-साथ सहयोग करना चाहिए। किसी प्रकार की असुविधा होने पर विद्यालय प्रबंधन को सूचित करना चाहिए। विद्यालय हमेशा अपने सभी छात्र-छात्राओं के समस्याओं के निवारण के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े बातों के लिए भी अलग से शिक्षिकाओं की व्यवस्था की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रांत कुमार, वैभव कुमार, शीला देवी, ट्विंकल पॉल, सपना मिंज, ललिता यादव, नीतू सिंह, वर्षा टेटे, मोहनलाल बेदिया अन्य का योगदान रहा।

## रामगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल का अभिनंदन



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का होटल मिलन के सभागार में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान व संचालन मुकेश यादव ने किया। जबकि मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी,बजरंग महतो,प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा, धर्मराज राम, वरिष्ठ पार्टी नेता पीसी संतन मौजूद थे। मौके पर पार्टी कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर जयप्रकाश भाई पटेल का स्वागत व अभिनंदन किया। मौके पर कांग्रेस नेता, विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों व बीस सूची अध्यक्षों ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी बातों को रखा। मौके पर जयप्रकाश भाई पटेल को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया गया। पटेल ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए विपरित विचारधारा के बावजूद भी मैंने भाजवा ज्वाइन किया। मैंने विधानसभा चुनाव से पूर्व लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। 2019 के विधानसभा चुनाव में मांडू से जीतकर दिखाया। कहा कि मांडू से भाजपा को कभी भी जीत नही मिली थी।

# वित्तीय वर्ष में मिले लक्ष्य को प्राप्त करने में कुजू क्षेत्र पिछड़ा

- कुजू ने 2023-24 में मिले लक्ष्य को 94 प्रतिशत ही प्राप्त कर सका
- 2024-25 के लिए सारूबेड़ा परियोजना तीन लाख कोयला उत्पादन करने का मिला लक्ष्य
- तोपा परियोजना ने लक्ष्य से अधिक उत्पादन कर रचा इतिहास

**सचिन कुमार**

**कुजू।** सीसीएल मुख्यालय से सीसीएल कुजू वित्तीय वर्ष 2023-24 में मिले लक्ष्य को 94 प्रतिशत ही प्राप्त कर सका। जिसके कारण इस बार सीसीएल कुजू क्षेत्र मात्र 6 प्रतिशत से पीछे रह गया। वर्ष 2023-24 में सीसीएल कुजू क्षेत्र को कोयला उत्पादन के लिए 18 लाख टन मिट्रिक का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन भूमि अधिग्रहण समस्या के कारण सीसीएल कुजू क्षेत्र इस बार 16 लाख 84 हजार 25 मिट्रिक टन कोयला ही उत्पादन किया। जबकि ओबीआर में 2023-24 में 35 लाख क्यूबिक मीटर निकालने का लक्ष्य मिला था। जिसमें क्षेत्र ने मात्र 21 लाख 51 हजार 992 क्यूबिक मीटर ही निकाल पाया। तोपा परियोजना ने कोयला उत्पादन में मिले लक्ष्य को हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है। इस बार तोपा परियोजना को 8 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें तोपा परियोजना ने 8 लाख 23 हजार 525 मिट्रिक टन कोयला का उत्पादन कर लक्ष्य से अधिक प्राप्त किया। जिसमें तोपा परियोजना का ओवर ऑल प्रदर्शन 101 प्रतिशत रहा।

इस बार करमा परियोजना रहा पीछे

सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना 2023-24 में मिले लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहा। करमा परियोजना को 10 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य मिला था। जिसमें से वह 8 लाख 60 हजार 500 टन ही कोयला उत्पादन कर पाया। जिसके कारण उसका ओवर ऑल प्रदर्शन 86 प्रतिशत रहा। हालांकि करमा का लक्ष्य प्राप्ति न कर पाना भूमि अधिग्रहण समस्या रहा। समय पर भूमि



अधिग्रहण समस्या का समाधान नहीं होने से इस बार करमा परियोजना लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाया।

**डिस्पैच करने में भी पीछे रहा सीसीएल कुजू क्षेत्र :** सीसीएल कुजू क्षेत्र 2023-24 में डिस्पैच करने में भी इस बार पीछे रह गया। सीसीएल कुजू क्षेत्र को 18 लाख टन कोयला डिस्पैच करने का लक्ष्य मिला था। जिसमें वह सिर्फ 15 लाख 56 हजार 815 टन ही कोयला डिस्पैच कर पाया।

2024-25 के लिए सीसीएल कुजू क्षेत्र को मिला लक्ष्य

सीसीएल कुजू क्षेत्र को 2024-25 के लिए सीसीएल मुख्यालय द्वारा कोयला उत्पादन में 22 लाख टन मिट्रिक टन दिया गया है। वहीं ओबीआर में 45 लाख क्यूबिक मीटर दिया गया है। कोयला उत्पादन में तोपा परियोजना को 9 लाख, करमा परियोजना को 10 लाख व सारूबेड़ा परियोजना को 3 लाख मीट्रिक टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। वहीं ओबीआर में तोपा परियोजना को 20 लाख, करमा परियोजना को 20 लाख व सारूबेड़ा परियोजना को 5 लाख क्यूबिक मीटर निकानले का लक्ष्य शामिल है।

**क्या कहते हैं एसओ माइनिंग**

इस संबंध में सीसीएल कुजू क्षेत्र के एसओ माइनिंग अजीत सिंह ने कहा कि कुजू क्षेत्र ने इस बार 6 प्रतिशत कम उत्पादन किया है। जिसका मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण समस्या था। लेकिन अभी सारी चीजों का समाधान किया जा चुका है। 2024-25 के लिए मिले लक्ष्य को सभी के सहयोग से पूरा किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### प्राचार्य डा. शर्मा बने झारखंड जोन डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा को डीएवी प्रबंधन समिति नई दिल्ली ने झारखंड जोन डी का सहायक क्षेत्रीय अधिकारी नियुक्त किया है। डॉ. शर्मा 1 मार्च 2024 को डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा के प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इससे पूर्व वे डीएवी पब्लिक स्कूल स्वांग, बोकारो के प्राचार्य के रूप में कार्यरत थे। रजरप्पा झारखंड जोन डी के अंतर्गत डीएवी बरकाकाना, डीएवी आरा कुजू, डीएवी घाटो, डीएवी तापीन नॉर्थ, डीएवी चैनपुर, डीएवी पतरातू और डीएवी केदला सहित कुल 8 विद्यालय उनके दिशा निर्देशन में कार्य करेंगे।

### पूजन के साथ नये सत्र का शुभारंभ



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को हवन पूजन कर नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 का आरंभ किया गया। यजमान के रूप में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद शामिल हुए। पंडित मधुसूदन एवं विद्यालय के संस्कृताचार्य वेदप्रकाश पांडेय द्वारा पूजा अर्चना कर संपन्न कराया। विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या एंव भैया-बहनों ने सस्वर भक्तिपूर्ण वातावरण में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया। विद्यालय की आचार्या ललिता गिरी,गायत्री कुमारी, ज्योति राजहंस, शुक्ला चौधरी,रेखा पाठक,अमृता चौधरी, ममता कुमारी, पूनम सिंह, कुमारी सुमन,मालविका, अंकिता रानी,रिंकी कुमारी,मिथलेश कुमार खन्ना,अमित कुमार झा, इंद्रजीत सिंह,शम्मी राज, शेखर कुमार, अमरदीप, दुर्गा प्रसाद महतो आदि सभी आचार्य-आचार्या ने भी हवन-पूजन में भाग लेकर मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दी।

### रेलवे पटरी के पास से शव बरामद

**कुजू।** कुजू पुलिस ने मंगलवार सुबह टूटी झरना रेलवे पटरी से सिर कटे शव को बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गोमो से बरकाकाना जाने वाली रेलखंड के टूटी झरना स्थित रेलवे ट्रैक के पास सुबह में मॉर्निंग पर निकले लोगों की नजर सर कटे शव पर पड़ी। इसके बाद उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गयी। बाद में इसकी सूचना कुजू पुलिस को दी गयी। कुजू ओपी प्रभारी दिवाकर पांडेय ने कहा कि अभी तक शव का पहचान नहीं हो पाया है। अभी फिलहाल शव को अस्पताल के शव गृह में रखा गया है।

### करमा के कार्मिक प्रबंधक का स्वागत



**कुजू।** जनता मजदूर संघ करमा शाखा अध्यक्ष ललन यादव के नेतृत्व में सदस्यों ने मंगलवार को करमा परियोजना के नव नियुक्त कार्मिक प्रबंधक अविनाश श्रीवास्तव का स्वागत किया। सदस्यों ने कार्मिक प्रबंधक के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक की। श्रीवास्तव ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान आपस में मिलकर किया जायेगा। मौके पर संघ के परियोजना शाखा अध्यक्ष ललन यादव, शाखा सचिव राजकुमार महतो, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, अली मोहम्मद, तरुण कुमार रंजन,नरेश महतो एवं मनोज कुमार, भारती देवी, तिरती देवी, सुनीता देवी, प्रीति देवी आदि शामिल थे।

### रामनवमी को ले नयी कमिटि गठित



कुजू। पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू के मैदान में श्री श्री रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विद्या भूषण त्रिवेदी व संचालन कुलेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। बैठक में गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जयकुमार ओझा उर्फ बुच बाबा, उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता, अमित उपाध्याय उर्फ भोला उपाध्याय, विनोद कुमार मेहता, सचिव पप्पू ठाकुर, सह सचिव झब्बू चौबे, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा का चयन किया गया। वहीं मुख्य संरक्षक अशोक कुमार, विद्या भूषण त्रिवेदी, राकेश कुमार रॉक, शंभू लाल ठाकुर, मनोज सिंह, ज्ञान मिश्रा, मीडिया प्रभारी आशीष कुमार, पूजा व्यवस्थापक इंद्रजीत कुमार शामिल है। बैठक में 16 अप्रैल को भव्य झांकी के साथ शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।

### चुनाव व रामनवमी को ले फ्लैग मार्च



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा चुनाव और रामनवमी के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पतरातू इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह व भुरकुंडा थाना के एसआई निर्भय गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस ने ओपी क्षेत्र के पोडा सयाल आदि क्षेरों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च सयाल जमुरिया बाजार से सयाल कैप्टन होटल, हिल व्यू स्टेडियम, मंगल बाजार, केकेसी हाई स्कूल होते हुए पोडा गेट तक गया। पतरातू इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पुलिस हर बुथ पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुरी तरह सजग और मुस्तैद रहेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता बेखौफ होकर मतदान करें।

### मनीष जायसवाल का कुजू दौरा आज

**कुजू।** भाजपा नगर परिषद क्षेत्र में बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का विभिन्न स्थानों में स्वागत व जन संपर्क अभियान किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी भाजपा नप अध्यक्ष मनोज गिरि ने दी। उन्होंने बताया कि भाजपा रामगढ़ सुबह 9 बजे प्रत्याशी मनीष जायसवाल बोंगावार, अम्बाटांड़ जोगियागढ़ा, सांडी, धनहारा, रामाग्लास, रांची रोड, दिगवार, पोचरा में रात्रि 8:00 बजे तक स्वागत व जन संपर्क अभियान चलेगा।

## एक नजर में

### नयी शिक्षा नीति से ज्ञानवर्धन संभव : डॉ चतुर्वेदी



विष्णुगढ़। बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पाँच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का द्वितीय दिवस में धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एडुकेशन, हजारीबाग की प्राचार्या डॉ. सरिता कुमारी ने कहा कि शिक्षकों को शैक्षिक तकनीकी की जानकारी आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति से प्रशिक्षुओं में सम्पूर्ण कौशल विकास के साथ श्रेष्ठ ज्ञानवर्द्धन संभव होगा। व्याख्यान श्रृंखला के द्वितीय दिवस पर प्रशिक्षण के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य कुमारी स्वर्णा मिश्रा,डॉ. अम्बरीश कुमार दुबे,डॉ. विजयकांत चक्रवर्ती,दिलीप कुमार पाठक,जयपाल राणा,डॉ. सतीश चंद यादव,जितेन्द्र मेहता, बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार,अद्दश मुखर्जी, दिलीप कुमार पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रीति पूनम हेंब्रम,प्रकाश कुमार,नाजरा खातून,आजाद एवं समस्त सत्र के प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

### बड़कागांव के बादम में इफ्तार पार्टी आयोजित



**बड़कागांव।** बादम पंचायत अंतर्गत नीम मोहल्ला में युवाओं के आपसी सहयोग से सोमवार को रमजान-उल-मुबारक के 21 वां रोजा के मौके पर इफ्तार पार्टी हुआ। पार्टी में सैकड़ों रोजेदार उपस्थित हुए। इफ्तारी से पहले सभी रोजेदारों ने अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमनचैन के लिए दुआएं मांगी। इफ्तार में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजूर्ग, नौजवान व बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। रोजेदारों के लिए कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए गए थे। मौके पर नौशाद अहमद, फैजल, शहजाद आलम, असजद, ताहा, जाफरान,शोएब, नसरू, अयान, फैजान, अफजल, फैसल आदि ने इफ्तार के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विष्णुगढ़ में रामनवमी महासमिति की बैठक



**विष्णुगढ़।** बाजारटांड़ स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में सोमवार को रामनवमी को लेकर महासमिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महासमिति पूर्व अध्यक्ष वरुण कुमार एवं संचालन मुखिया निर्मल कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दो प्रस्तावों पर सरसम्मती बनी। सभी अखाड़ों के कार्यकारिणी का चुनाव 4 अप्रैल तक कर लिए जाने को लेकर उपस्थिति सदस्यों के बीच सहमति बनी। यह भी निर्णय लिया गया की सभी अखाड़ों के कार्यकारिणी का चुनाव 5 अप्रैल को किया जाएगा जिसमें सभी की उपस्तिथि अनिवार्य होगी। 5 अप्रैल को होने वाली बैठक संध्या 4 बजे से श्री राम मंदिर प्रांगण में प्रारंभ होगी। मौके पर निर्मल कुमार, किशोर कुमार मंडल, जय प्रकाश सिंह, अनुराग बर्मन, विनोद कुमार सिंह, सनी कसेरा, शेखर सुमन, विशाल शर्मा, अनूप कुमार, अशोक कुमार सिंह, संजय कुमार, शशि लहकार, विष्णु कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### कटकमदाग में बीडीओ ने की डीलरों के साथ बैठक



**कटकमदाग।** बीडीओ एकता वर्मा ने कटकमदाग क्षेत्र के सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक की। उन्होंने अपने अपने क्षेत्रों सभी राशन कार्ड धारियों को सही समय पर अनाज वितरण करें नही तो संबंधित डीलरों के विरुद्ध होगी कार्रवाई। प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संदीप तिर्की ने बताया कि सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदार सही समय पर लाभुकों को अनाज दें। जांच के दौरान गडबडी करनेवाले पर होगी कार्रवाई। बैठक में उपस्थित कटकमदाग डीलर संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार राणा ,मोहम्मद मुकर्रम अंसारी, कृष्ण कुमार गोप,जगदीश गोप, दीपक राम, अनुपम कुमार, महेश प्रसाद, हुलास प्रसाद, रामदेव साव, शंकर यादव, अनवर हुसैन, दिलीप कुमार सिंह, विरेंद्र सिंह, अशोक कुमार सहित कई मौजूद थे।

2 हैज पी 6 : बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य।

### छात्रा पल्लवी रानी का नवोदय में हुआ चयन



**बड़कागांव।** सांढ़ पंचायत के छपेरवा निवासी प्रहलाद कुमार की पुत्री पल्लवी रानी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय साँढ़ से पाँचवीं वर्ग से नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 2024 उतीर्ण होकर गांव व समाज का नाम रोशन किया। वही प्रधानाध्यापिका उचित्रा सिंह ने कहा है कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व की बात है। जो बच्चे ईमानदारी पूर्वक मेहनत करेंगे उन्हें सफलता जरूर मिलेगी इसके लिए बच्चे अभिभावक और शिक्षक के समन्वय की आवश्यकता होती है ।ऐसे लेकर मुखिया सुलेखा कुमारी,पसस उपेंद्र कुमार ,पूर्व मुखिया भीखन महतो,वार्ड सदस्य अंजू कुमारी, टेकलाल कुमार सहित शिक्षक मनोज कुमार नायक, नन्दकिशोर नारायण देव, उमेश प्रसाद दाँगी,परमेश्वर कुमार,सबिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवदयाल कुमार,उपाध्यक्षा रंजु कुमारी,माता समिति की संयोजिका पूनम देवी,गिन्नी वर्मा आदि ने पल्लवी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पुलिस ने महुआ शराब और बाइक बरामद किया

**बड़कागांव।** पुलिस ने थाना अंतर्गत विश्रामपुर चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल में लदा 30 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वाहन चेकिंग में पुलिस को देख चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया । बाइक और अवैध शराब को पुलिस ने बरामद कर थाना ले लाई और वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बाइक हीरो होंडा जेएच 02 ई 8457 है। मामले को लेकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों से अवैध शराब का कारोबार नहीं करने की अपील की है, कहा कि जो भी अवैध शराब कारोबार में पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा सीधे जेल भेजा जाएगा।

# पुलिस 6 घंटे के अंदर किया गोली कांड का उद्भेदन, चार अभियुक्त गिरफ्तार

## सम्पत्ति विवाद को लेकर घटना को दिया गया अंजाम: एसपी

## प्रयुक्त देशी पिस्टल, दो जिन्दा कारतुस, एक पिस्टल का मैगजिन, होण्डा ड्रीम मोटरसाईकिल बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेकोबार में अजय पंडित पिता डेगलाल पंडित बेकोबार, कोडरमा निवासी को सोमवार देर शाम अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना जब एसपी अनुदीप सिंह को मिली तो मामले की गंभीरता को देखते हुए इसके सत्यापन एवं त्वरित उद्भेदन हेतु एसडीपीओ जीतवाहन उरांव एवं थाना प्रभारी कोडरमा सुजित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 घंटे के अन्दर काण्ड का उद्भेदन करते हुए घटना को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें 45 वर्षीय बिनोद पडित पिता प्रभु पंडित बेकोबार वार्ड नं-02 थाना जिला कोडरमा निवासी, 24 वर्षीय प्रवीण पंडित पिता स्व. सुखदेव प्रजापति पंडरिया थाना चौपारण जिला हजारीबाग निवासी, 22 वर्षीय पंकज कुमार पिता सुरेश पंडित भोण्डो थाना चन्दवारा कोडरमा निवासी, सुनिल ठाकुर पिता महादेव ठाकुर बेकेबार वार्ड नं-2 थाना जिला कोडरमा निवासी के नाम शामिल हैं। साथ ही घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल, दो जिन्दा कारतुस, एक पिस्टल का मैगजिन एवं एक होण्डा ड्रीम योगा मोटरसाईकिल को भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व से पीड़ित परिवार और अभियुक्तों के परिवार के बीच चली आ रही सम्पत्ति विवाद के कारण इनके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस सबंध में कोडरमा थाना कांड सं 66/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



### छापेमारी दल में

एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, पु.नि. सह थाना प्रभारी कोडरमा सुजित कुमार, पु.नि. विनय कुमार, पु.नि. सह थाना प्रभारी तिलैया, पु.अ.नि. प्रेम कुमार थाना प्रभारी डोमचांच, पु.अ.नि. अब्दुल्ला खां, तकनिकी शाखा कोडरमा एवं सशस्त्र बल एवं पैंथर कोडरमा थाना के जवान शामिल थे।

वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि इस उद्भेदन में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जायेगा।

## एक नजर में

### चुनाव पूर्व भाजपा की घबराहट दिखने लगी है: कांग्रेस

**कोडरमा।** कांग्रेस ने भाजपा सरकार के इशारे पर आयकर विभाग द्वारा पार्टी का खाता फ्रीज करने के विरोध में तिलैया झंडा चौक पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया तथा मशाल जुलूस निकाला। वहीं जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा भारतीय लोकतंत्र को विफल करने की प्रक्रिया चल रही है। आम चुनाव के पूर्व इस तरह का खेल भाजपा की घबराहट को दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 2024 को आयकर विभाग द्वारा 1823. 01 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस भेजा गया है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के खाते से 135 करोड़ रुपया जबरन निकाल लिया गया है। वहीं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन की मजबूती से भाजपा डर गयी है, जिसके कारण कोडरमा सांसद अनाप शनाप बयान दे रही है। वहीं जिप सदस्य लक्ष्मण यादव ने कहा कि कांग्रेस को पूरी तरह से खत्म करना चाहती है, जो कभी संभव नहीं है। वहीं सईद नसीम ने कहा कि चुनाव में 400 पार का दावा करने वाली भाजपा डर गयी है। वहीं नारायण बर्णवाल, मनोज सहाय पिंकू, निर्मल कुमार ओझा, राम लखन पासवान, बेबी सिन्हा, अर्चना सिंह, सरोज मेहता, सदानंद पाण्डेय, मुन्ना राम, सरवन सिंह, राजू सिंह, विकास सिन्हा, विजय सिंह ने संबोधित किया। मौके पर चांद आलम, कुंदन साहू, अशरफ अली, मो गालिब, देव लखन यादव, अशोक शाह, मोहन साहू, संजय यादव, सुनील साव, मनोज साव, विकास साहू, सुभाष सिंह यादव, महानंद गोस्वामी, दीपक सिंह, दिलीप राम, मंतोष कुमार, दिलीप कुमार साव, पुष्कर कुमार, बसंत कुमार, सूरज राम आदि मौजूद थे।

### लगभग ढाई करोड़ रुपए की अफीम और डोडा जब्त

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि कुन्दा याना अंतर्गत ग्राम टिटही बड़गाँव तथा लावालौंग याना अंतर्गत ग्राम होसिर एवं पसागम में कुछ लोगों द्वारा अवैध अफीम बिक्री करने हेतु अपने घरों में छुपाकर रखे हुए हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल ने ग्राम टिदही बड़गाँव स्थित ब्रहमदेव गंझू, विरेन्द्र गंझू और हरिद्वार कुमार के घर से कुल 14.610 किलोग्राम गिला अफीम, 103.710 किलोग्राम अफीम डोडा और 300 ग्राम अफीम का पट्टा बरामद किया और तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, ग्राम होसिर में रूपन गंझू के घर से 5.885 किलोग्राम गिला अफीम और ग्राम पसागम में चन्द्रदेव गंझू के घर से कुल 24.450 किलोग्राम गिला अफीम बरामद की गई और चन्द्रदेव गंझू को गिरफ्तार किया गया। जप्त किए गए सभी सामानों की अनुमानित कीमत 2,28,99,900 रुपये है। छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों में अजय कुमार केशरी, नितेश कुमार प्रसाद, रूपेश कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी का अंगरक्षक और कुन्दा एवं लावालौंग याना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, दिये गये कई निदेश

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय स्तर के राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधियों को स्वागत करते हुए जानकारी दिया गया कि 19 विधान सभा क्षेत्र के 77 मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण किया गया है। साथ ही सभी राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधियों को जानकारी दिया गया कि 19 विधान सभा क्षेत्र के 3 मतदान केन्द्र भवन के परिवर्तन किया गया है। सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अपील किया गया कि अपने-अपने बी.एल.ए. एवं क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता के माध्यम से आम नागरिकों को उपर्युक्त मतदान केन्द्रों की जानकारी दें और नये भवन में मतदान देने के लिए जागरूक करें। सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से मतदान केन्द्र वार बी.एल.ए. की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को जानकारी दिया गया कि सिंगल विन्डोव के तहत सभी प्रकार की सुविधायें सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध है। इस निमित अनुमंडल पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। इस एप्प के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित सभी प्रकार की अनुमति यथा-सभा, नुक्कड़ आयोजित करना, मंच निर्माण, वैरिकेटिंग, अस्थायी पार्टी कार्यालय निर्माण, परिवहन संबंधी स्वीकृति आदि ऑनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को बताया गया कि प्रचार वाहन की अनुमति हेतु वाहन का निबंधन, बीमा, फिटनेस, पॉल्यूशन प्रमाण-पत्र अद्यतन होना चाहिए। कागजात अद्यतन नहीं रहने पर अनुमति प्रदान नहीं किया जा सकता है। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### माकपा की चतरा, लातेहार और पलामू जिला कमेटी की संयुक्त बैठक हंटरगंज में संपन्न

**चतरा।** माकपा की चतरा, पलामू और लातेहार जिला कमेटियों की संयुक्त बैठक हंटरगंज में संपन्न हुई, जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी खड़ा करने पर विचार-विमर्श किया गया। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र से गोपीन सोरेन को प्रत्याशी घोषित किया है और अब चतरा लोकसभा क्षेत्र से भी प्रत्याशी देने का निर्णय लिया गया है, जिसकी सूचना केंद्रीय कमेटी को दे दी गई है। पार्टी कार्यकर्ता एक वर्ष से चुनाव की तैयारी कर रहे थे और केंद्रीय कमेटी की सहमति मिलते ही इस लोकसभा क्षेत्र में मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, झामुमो और कांग्रेस ने अभी तक सीट शेयरिंग पर कोई बात नहीं की है, जबकि इंडिया गठबंधन में तय हुआ था कि सीट शेयरिंग का काम प्रदेश स्तर पर होगा। बैठक में राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, राज्य कमेटी सदस्य प्रफुल लिंडा, समीर दास, जैनेंद्र सिंह, चतरा जिला सचिव राजकुमार यादव, लातेहार जिला सचिव सुरेंद्र सिंह सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

### अवैध शराब के विरूद्ध चला छापामारी अभियान

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश के आलोक में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को कोडरमा थाना अंतर्गत मेधातरी के करहरिया गांव में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान लगभग 300 किग्रा जावा महुआ शराब एवं शराब बनाने वाला उपकरण विनष्ट किया गया। इस संदर्भ में कोडरमा थाना अन्तर्गत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, थाना प्रभारी कोडरमा सुजीत कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### हमारा वन हमारा दायित्व कार्यक्रम के तहत निकाली जागरूकता रैली



**टंडवा।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेसातु के छात्रों ने मंगलवार को ॽहमारा वन हमारा दायित्वॽ कार्यक्रम के तहत हेसातु, सिदपा और लेम्बोडीह गांव में जागरूकता रैली निकाली। इस रैली में विद्यालय के वर्तमान और पूर्व छात्रों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य ग्रामीणों को जंगलों में महुआ चुनने के लिए आग लगाने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करना था। छात्रों ने ॽहम सब ने ठाना है आज से जंगल को बचाना है, जंगल में आग लगायेंगे तो सांसें कहां से लायेंगेॽ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यालय के शिक्षक विनेश्वर कुमार ने लोगों से जंगल को आग से बचाने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दासो राणा, हीरालाल सिंह, अवधेश राम और अमित सिंह सहित अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सामेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय में एनजीओ एकजुट के माध्यम से सभी सेविका को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे कुपोषित को कम करना, कुपोषित बच्चे को रेफर में सहयोग करना इन सभी विषय पर चर्चा की गयी। मौके पर सीडीपीओ, एलएस माधुरी व विभा, राजकुमार तिवारी, रौनक ऋतुराज, कृष्णा दास, अनिल मुर्मू, ममता कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवशंकर यादव, मौजीम अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

### इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा चला मतदाता जागरूकता अभियान

**कोडरमा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के बैनर तले मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य अपने पकड़ क्षेत्र में अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। वहीं जिला प्रशासन के निर्देश पर अवेयरनेस फार्म का गठन किया गया। मौके पर गणेश स्वर्णकार, अरविंद सेठ, दिनेश प्रसाद, विनोद बर्णवाल, चेतन राम, बल्लू गुप्ता, बाल सिन्हा, आदर्श कुमार, साजन कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### कोयला चोरी के मामले में एक हाइवा का जब्त

**टंडवा।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र से कोयला चोरी के मामले में एक हाइवा को जब्त किया गया है और उसके चालक अनिल भारती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों ने हाइवा को आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला चोरी कर निकलते हुए पकड़ा और परियोजना के हवलदार शौकत हुसैन के बयान पर टंडवा पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में पहले दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी को जिले में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि मोटर वाहन अधिनियम का पालन हो और अवैध खनन से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की जाए।

### प्रजापति भवन में 7 को महासंघ की बैठक

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे प्रजापति समाज की बढ़-चढ़कर सहभागिता सुनिश्चित करने समेत अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श को लेकर झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ जिला इकाई की बैठक 7 अप्रैल को ब्लॉक चिल्ड्रन पार्क के समीप स्थित प्रजापति भवन में रखी गई है। वहीं महासंघ के जिला महामंत्री विजय कुमार पंडित ने कहा कि कोडरमा में हमेशा से राजनीतिक दालों द्वारा प्रजापति समाज की उपेक्षा की जाती रही है। बैठक में उन्होंने स्वजातीय बंधुओं को अधिक संख्या में

## भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिनाथ सिंह ने थामा राष्ट्रीय जनता दल का दामन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** पूर्व भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने राजद का दामन थाम लिया है। वह चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। गिरिनाथ सिंह ने पटना में राजद के मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

उन्होंने कहा कि राजद की दोनों जगहों को लेकर तैयारी पूरी है। जल्द ही टिकट को लेकर पूरी जानकारी साझा किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने पटना में लालू यादव से मुलाकात की और चुनाव को लेकर पूरी चर्चा की। लालू यादव की ओर से टिकट को लेकर हरी झंडी मिलने के बाद गिरिनाथ सिंह ने चतरा लोकसभा सीट पर अपनी दावेदारी पेश की है।

## राजद के युवा नेता कमलेश कुमार ने चुनाव लड़ने की घोषणा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** संसदीय क्षेत्र से राजद के सक्रिय युवा नेता कमलेश कुमार यादव ने चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उनका कहना है कि वे सियासी सफर के साथ-साथ चुनाव लड़ने और जीतने का हुनर भी जानते हैं। वे अपनी पत्नी ममता कुमारी को पंचायत समिति सदस्य के रूप में जिताकर प्रखंड प्रमुख बनाने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा कि जिस संसदीय क्षेत्र में जिसकी संख्या भारी होगी, उसकी उतनी ही हिस्सेदारी होगी।?उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र से उनकी भी प्रबल दावेदारी है। उन्होंने आलाकमान से वार्ता की है और उन्हें टिकट के लिए आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो



पार्टी का सदस्य तक नहीं है और पार्टी को मजबूत बनाने में कोई भूमिका नहीं रही है, ऐसे लोगों को उनके ही पार्टी के लोग टिकट दिलाने के लिए पटना और दिल्ली एक किए हुए हैं। इससे राजद की छवि धूमिल हो रही है और पार्टी के विचारधारा पर बुरा असर पड़ रहा है। राजद नेताओं और कार्यकताओं को समझने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ नेता अपने लॉबी के लोगों को टिकट दिलाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, जो पार्टी हित में नहीं है। कमलेश कुमार यादव ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में अपनी दावेदारी पेश की है और जीत का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा है कि अगर राजद कोटे से टिकट मिलता है तो जीत सुनिश्चित होगी। श्री यादव ने चतरा संसदीय क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों और एतिहासिक पहलुओं को उजागर करते हुए कहा है कि चतरा संसदीय क्षेत्र से राजद का दावा सही है क्योंकि यहां से विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवार जीत चुके हैं। चतरा लोक सभा शुरू से ही हॉट सीट मानी जाती रही है और यहां के वोटर चुनावी समर में अपना मिजाज बदलते रहे हैं। यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए किसी नेता ने कुछ नहीं किया।

## मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में वोट के प्रति अभिभावकों को किया गया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। साथ ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बच्चों तथा अभिभावक को जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधक रजनीश शर्मा ने मतदाता हेल्पलाइन ऐप सभी अभिभावक के मोबाइल में डाउनलोड करवाया और बताया कि मतदाता हेल्पलाइनह्ल ऐप आपको निर्वाचक निमावली में अपना नाम ढूंढने, ऑनलाइन प्ररूप भरने, निर्वाचनों के बारे में जानने और सबसे महत्वपूर्ण शिकायत दर्ज करने की आसान सुविधा उपलब्ध कराता है। वहीं विद्यालय के प्रशासक राम प्रवेश पांडेय ने अभिभावकों अपने बहुमूल्य वोट देने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से एक अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं, इसलिए अपने एक वोट का महत्व को समझें और अपना मत अवश्य दें। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवकुमार साव ने



अभिभावक को संविधान का शपथ दिलाते हुए अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब लोग मतदान करेंगे और सही लोगों का चुनाव कर सकेंगे जिससे हमारा देश उन्नति के शिखर की ओर बढ़ सकेगा। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं रीता कुमारी, प्रीति चौधरी, अंकिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, अमित राय, रिया कुमारी, महिमा कुमारी, कुमुदिनी लकड़ा, मुस्कान परवीन, आरची कुमारी, एहसान अली, राकेश रोशन, राजन मेहता आदि मौजूद थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर में बिरहोर गांव हिंदियाकला गांव में आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। जिला जनसंपर्क विभाग के शशिकांत कुमार के नेतृत्व में नाटक टीम ने कोरठा गीत और नाटक प्रस्तुत किए। नाटक में बताया गया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को पहले मतदान करना चाहिए और उसके बाद जलपान करना चाहिए। वोट हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है और हमारी शक्ति है, इसलिए शत-प्रतिशत मतदान कर अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। सभी युवाओं को अपने गांव-मुहल्ले में लोगों को जागरूक कर वोट के अधिकार के बारे में बताना चाहिए। यह नुक्कड़ नाटक जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाया गया।

## ज्योत मैया मथुरासिनी की हमने जलाई है...

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** माहुरी वैश्य मंडल के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय मां मथुरासिनी महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को पूजा अर्चना के उपरांत संगीतमय भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री माहुरी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न देवी देवताओं का आकर्षक दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम कुलदेवी सिद्धिदात्री मां मथुरासिनी की पूजा अर्चना से हुई। वहीं पंडित अखिलेश्वर पांडेय ने पुरे विधि विधान के साथ मां की पूजा कराई। वहीं यजमान के रूप में राजन भदानी व आरती भदानी शामिल हुए। इसके उपरांत अखंड ज्योत के साथ सवा 11 घंटे का संगीतमय भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। भजनों के कार्यक्रम में स्थानीय एवं बहार के कलाकारों ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति किया। वहीं समाज के अध्यक्ष मुन्ना भदानी व राकेश कपसीमे ने गणेश वंदना के साथ भजनों की कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत भजन गायक बिनोद चौरसिया, सतेंद्र सिन्हा, पूनम सेठ, साक्षी भदानी, राकेश राजपूत सहित अन्य कलाकारों ने चलो बुलावा आया है, मां मथुरासिनी ने बुलाया है..., संकट हरनी मंगल करनी जय मां मथुरासिनी...., ज्योत मैया मथुरासिनी की हमने जलाई है..., मैया मैया मथुरासिनी मैया..., दुर्गा भवानी आई रे..., ईश्वर सत्य है..., बड़ी दूर से आए हैं... जैसे भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर माहुरी वैश्य समाज के अलावा जैन समाज, तैलिक साहू समाज, पंजाबी समाज, अग्रवाल समाज, महेशवरी समाज, ब्राह्मण समाज, सिंदुरिया समाज, मोदी वर्णवाल समाज के अलावा विश्व हिन्दू परिषद, श्री राम संकीर्तन मंडल, श्री हनुमान संकीर्तन मंडल, काली महिला मंडल सहित अन्य संकीर्तन मंडल के प्रतिनिधि और सदस्य शामिल हुए।



### जिला खनन टास्क फोर्स व सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स व सड़क सुरक्षा समिति का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने अवैध रूप से खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, एनएच कार्य में तेजी लाने, एनएच पर अतिक्रमण मुक्त करने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों की जांच करने एवं कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाने का निदेश दिया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीएमओ दारोगा राय, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सभी बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी मौजूद थे।

## अवैध शराब की बिक्री, उत्पादन पर जीरो टोलरेन्स रखना सुनिश्चित करें: उपायुक्त

- स्टेटिक सर्विलांस टीम सभी छोटे-बड़े वाहनों की करें जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर अवैध शराब एवं मादक पद्धार्थो के रोकथाम से संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह ने संयुक्त रूप से समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय प्रर्वतन एजेंसियों, एसएसटी व एफएसटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि कोडरमा-बिहार राज्य का सीमावर्ती जिला है और कोडरमा से सटे बिहार राज्य में भी लोकसभा आम चुनाव निर्धारित है। उत्पाद विभाग की टीम एवं थाना प्रभारी मिलकर संयुक्त रुप से अवैध शराब एवं मादक पद्धार्थो के आवागमन /उत्पादन/ भण्डारण /वितरण एवं बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिये। वहीं कोडरमा जिले के लिए एसएसटी व एफएसटी, उत्पाद विभाग, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निदेश दिया गया कि वे अवैध शराब एवं मादक पद्धार्थो के आवागमन पर रोकथाम हेतु एक टीम के रुप में कार्य करते हुए सक्रिय रुप से सख्त कार्रवाई करें। वहीं उत्पाद अधीक्षक सुजित कुमार को निदेश दिया गया कि वे अवैध शराब अथवा वैध शराब जिसका उपयोग निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने में किया जा सकता है की जब्ती हेतु संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक संख्या में छापेमारी करना सुनिश्चित करें। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सभी बीडीओ, सीओ व एसएसटी व एफएसटी के पदाधिकारी मौजूद थे।



स्पीड न्यूज

## सिंहभूम चेंबर का होली मिलन समारोह आज

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा चैम्बर सदस्यों के लिए होली के शुभ अवसर पर पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन बुधवार, दिनांक 3 अप्रैल, 2024 को संध्या 7 बजे से गुजराती सनातन समाज में आयोजित किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने दी। उपाध्यक्ष जनसंपर्क एवं कल्याण अभिषेक अग्रवाल गोल्डी एवं सचिव सुरेश शर्मा लिपु ने बताया कि चैम्बर प्रत्येक वर्ष अपने सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों के मनोरंजन के लिए होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन चैम्बर भवन में करता रहा है। लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान चैम्बर सदस्यों की चैम्बर के कार्यक्रमों में बढ़ती भागीदारी एवं संख्या को लेकर इस बार होली मिलन समारोह का आयोजन गुजराती सनातन समाज बिष्टुपुर में किया जा रहा है। जिसमें चैम्बर सदस्य अपने परिवार के सदस्यों के साथ अच्छी खासी संख्या में उपस्थित रहेंगे। मानद महासचिव ने जानकारी दी कि इस बार होली मिलन समारोह को भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु कोलकाता से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। तथा स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था भी होगी जिसका लुत्फ सदस्य एवं उनके परिवारजन उठायेंगे।

## संजय सिंह को बेल, सत्य की जीत है : प्रेम कुमार



**जमशेदपुर।** आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रदेश उपसंयोजक प्रेम कुमार ने आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेता संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बेल मिलने पर खुशी व्यक्त की है। अपने बयान में प्रेम कुमार ने कहा कि थोडे समय के लिए सच को छिपाया जा सकता है, झुकाया जा सका है, सामने आने से रोका जा सकता है लेकिन एक न एक दिन सच सबके सामने जरूर आता है। आज हमारे सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दिया है आने वाले समय में श्री सत्येंद्र जैन, श्री मनीष सिसोदिया और हमारे राष्ट्रीय संयोजक करोड़ों लोगों के दिल में बसने बाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी बेल और क्लीन चिट दोनों मिलेगी और जिन षड्यंत्र के तहत हमारे क्रांतिकारी नेताओं को फंसाया गया है वह पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हो कर रहेगा।

## बैंक एकाउंट फ्रीज के खिलाफ कांग्रेसियों ने दिया धरना

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि मोदी सरकार के कुनीति के कारण आयकर विभाग के द्वारा कांग्रेस पार्टी का बैंक अकाउंट विगत महीने से फ्रीज कर दिया गया। साथ ही इनकम टैक्स की राशि 14 लाख 7 हजार की जगह जुमार्ना के तौर पर आज 3500 करोड़ से भी अधिक की राशि जबरन वसूली करने के लिए नोटिस दे दिया। इस विषय को लोकतंत्र में अति गंभीर समझ जाएगा। आज जब भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई है, कई चरणों में चुनाव संपन्न होने हैं प्रथम चरण का नॉमिनेशन का कार्य आगे बढ़ चुका है। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खाता को फ्रीज कर दिया गया है और जुमार्ना पर जुर्माना लगाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी थी, एक विशेष दल को फायदा पहुंचाने के नियत से यह कारवाई की जा रही है। जिस पर अब आम जनता को सोचना पड़ेगा की देश में लोकतंत्र कैसे बचेगा। लोकतंत्र में किसी भी पार्टी का पैसे को फ्रिज करना न्याय हित में नहीं है।

# हिंदू नववर्ष यात्रा के लिए हुई पूजा में शामिल हुए विधायक सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार की शाम बजे हिंदू उत्सव समिति ने 8 अप्रैल को निकलने वाले नववर्ष यात्रा के निमित्त मानगो गांधी मैदान, बड़ा हनुमान मंदिर में भव्य रूप से ध्वज पूजन का कार्यक्रम सनातन विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। ध्वज पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पारडीह काली मंदिर के महंत व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता विद्यानंद सरस्वती, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, मेघानंद सरस्वती की विशेष उपस्थिति रही।

साथ ही पूजा में मस्तान सिंह, धर्मेंद्र सोनकर, शंकर रेड्डी, आरएसएस के संजय सिन्हा, गोपाल यादव, सरवन पासवान, अभय सिंह परमार, बाला प्रसाद, अमित दुबे, चंदन चतुर्वेदी, राजीव सिंह बबलू, अमित शर्मा, पप्पू सिंह, सौरभ मुखर्जी, धीरज सिंह, शक्ति प्रामाणिक, संजीत शर्मा, अक्षय कौड़ा, सोनू ठाकुर, बलवंत सिंह चौहान, अमन ठाकुर, अमृतेश त्रिपाठी, भक्तरंजन महतो, अभिनंदन सिंह, मृत्युंजय सिंह, चंदन झा, अनिशा सिन्हा, कविता देवी, अनिता शर्मा सहित जमशेदपुर शहर के प्रत्येक क्षेत्र के ऊजार्वान युवा एवं प्रबुद्ध जनों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर आगामी हिन्दू नववर्ष यात्रा को ऐतिहासिक रूप देने का संकल्प लिया। साथ ही साथ इस शोभा यात्रा को विशिष्ट बनाने हेतु जमशेदपुर के प्रत्येक क्षेत्र के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का भी प्रयास हो ऐसा कार्य करने की बात कही गई।





ध्वज पूजन कराते महंत विद्यानंद सरस्वती और पूजन के अवसर पर उपस्थित विधायक सरयू राय।

**गांधी मैदान से सुभाष मैदान तक जायेगी विशाल शोभा यात्रा : सरयू राय-** ध्वज पूजन के उपलक्ष पर उपस्थित हिंदू समाज को संबोधित करते हुए श्री सरयू राय जी ने कहा कि इस बार की यात्रा गांधी मैदान मानगो से लेकर सुभाष मैदान साकची तक का जो रुट तय हुआ है ये अच्छा प्रयास है। सभी कोई शांति-सौहार्द को ध्यान में रखते हुए यात्रा निकालें एवं यह यात्रा अपने आप में एक अनोखी और अनदेखी शोभायात्रा है जो प्रत्येक वर्ष अलग अलग स्थान से हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा निकाला जाता है जिसकी भव्यता वर्षों तक जमशेदपुर वासी भूल न पायेंगे। इस यात्रा का केंद्र इस वर्ष मानगो होने के कारण युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**सनातन संस्कार को संरक्षित करना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य : महंत विद्यानंद-** ध्वज पूजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पारडीह काली मंदिर के महंत विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि वर्तमान सामाजिक परिवेश में विराट हिंदू समाज के प्रत्येक सदस्य को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने की जरूरत है। अपने संस्कार और वैचारिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित कर सनातन संस्कृति की सुरक्षा हमें से प्रत्येक का कर्तव्य है। ध्वज पूजन के सफलता में में हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि प्रकाश, सुखदेव व अभिमन्यु का विशेष रूप से योगदान रहा। इस यात्रा में मानगो की सम्पूर्ण जिम्मेदारी दी गयी पप्पू सिंह को 8 अप्रैल को गांधी मैदान से होने वाली यात्रा में मानगो क्षेत्र के सारी जिम्मेदारी हिंदू उत्सव समिति ने मानगो निवासी पप्पू सिंह को प्रदान की गई है। श्री पप्पू सिंह अपने टीम के साथ दिन रात गांधी मैदान से यात्रा को सफल बनाने में लगे हैं।

### बिष्टुपुर आवास पर संवाददाता सम्मेलन में बोले भाजमो सुप्रीमो विधायक सरयू राय

# जमशेदपुर पूर्व की तरह ही धनबाद में भी भाजपा के खिलाफ वोट करेंगे मतदाता

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड की अनारक्षित धनबाद सीट फिलहाल सबसे हॉट सीट बनी हुई है। भाजपा के घोषित प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर दर्ज मामलों ने नया बखेड़ा शुरू कर दिया है। जिसमें भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) प्रमुख सरयू राय ने भी मोर्चा खोल दिया है।

यहां अपने बिष्टुपुर आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक सरयू राय ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को याद दिलाया कि वे कम से कम केंद्र में अपनी सरकार के गृह मंत्रालय से पता कर लें कि ईडी ने ढुल्लू महतो के खिलाफ जो आरोप पत्र दाखिल किया है उसमें उन पर कितने रंगीन मामले दर्ज किये गये हैं। ढुल्लू महतो को टिकट मिलते ही जब भाजपा के एक वरिष्ठ नेता कृष्ण अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखा, तो पत्र मिलने के चार घंटे के भीतर भाजपा प्रत्याशी ने फोन कर कृष्णा अग्रवाल को हर तरह से धमकाया। कृष्णा अग्रवाल मेरे पुराने मित्र हैं और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। ऐसे में उनको जब धमकी दी गयी तो मैं एक शुभचिंतक और मित्र होने के नाते कृष्ण अग्रवाल के धनबाद स्थित घर पर गया और उनसे मिला और अपना समर्थन दिया।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को मालूम होना चाहिए कि एक दागी और सजायाफ्ता को प्रत्याशी बनाये जाने से धनबाद जिले का एक-एक भाजपा कार्यकर्ता और सामान्य नागरिक बेहद नाखुश है। ऐसे में निश्चित रूप से भाजपा के खिलाफ लोग वोट करेंगे जैसा कि जमशेदपुर के मतदाताओं ने जमशेदपुर पूर्व से आतंक का सफाया करने के लिए भाजपा के प्रत्याशी को बुरी तरह हराया और एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मुझे भारी मतों से चुनाव जिताने का काम किया था।

यह पूछे जाने पर कि आप धनबाद से संसदीय चुनाव लड़ने जा रहे हैं? सरयू ने इसका राजनीतिक जवाब दिया और कहा कि मेरी पार्टी और धनबाद की जनता मुझे चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है किंतु मैं इंतजार कर रहा हूं कि कोई मुझसे बेहतर प्रत्याशी वहां विपक्ष से खड़ा हो ताकि वहां के आतंक को बुरी तरह पराजित किया जा सके। मैंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से फोन पर बात की है, झामुमो के लोग भी संपर्क में हैं। हमने कहा है कि आप लोग एक मजबूत प्रत्याशी दीजिए, अगर प्रत्याशी नहीं है तब आप मुझसे संपर्क कर सकते हैं क्योंकि धनबाद सीट को गुंडागर्दी से मुक्ति दिलाने का यह सही अवसर है। मैं धनबाद के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि जब कोई बिल्ली के गले में घंटी बांधने के लिए राजी नहीं होगा तो मैं बिल्ली के गले में घंटी बांधने को तैयार हूं। संवाददाता सम्मेलन में भाजमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष राम नारायण शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

## बिरसानगर : हिन्दू नववर्ष यात्रा धूमधाम से निकालने का निर्णय



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को बिरसानगर जॉन नंबर 11 नियर शिव मिलन के पास आयोजित हिंदू नव वर्ष 8 अप्रैल 2024 शोभायात्रा को भव्य तरीके से सफल बनाने के लिए मीटिंग रखा गया था जिसमें उपस्थित श्री राम सेना के संस्थापक सोनू सिंह अध्यक्ष ब धीरज प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह, बम भोला सिंह, अरुण सिंह, अभय प्रताप सम्मलित हुए। सभा की अध्यक्षता डी पी सिंह जी ने किया। बैठक का संचालन विष्णु नाग और रोहित सिंह ने किया। विनोद सिंह, सुमित, संजीव सिंह, मिट्ठू,, अनीश सिंह, अभय पांडे, नीरज पांडे, धीरज पांडे, सूरज भान सिंग मंटू यादव, हरेंद्र यादव, रवि तिवारी, अभिषेक पांडे, प्रदीप तिवारी राहुल यादव, चंदन यादव, आकाश सिंह, आकाश सिंह, आदित्य राज, आदित्य प्रसाद, मोहन दास, आदर्श सिंह, राणा हिमांशु, प्रीतु सिंह, राम शर्मा, अमन साहू, आनंद, अमन, कुन्दन सिंह, आकाश रंजन, मनीष सिंह, अमन सिंग सत्यम भी थे।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी : एमबीए-फार्मेसी के 13 छात्र मेडिक बाजार टेक फर्स्ट में चयनित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी में देश के सबसे बड़े ऑनलाइन मेडिकल सप्लाई प्लेटफार्म बी 2 बी 'मेडिकबाजार टेक फर्स्ट' की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में यूनिवर्सिटी के एमबीए, बी फर्मा, डी फर्मा और बीएससी बायोटेक्नोलाजी के छात्रों ने हिस्सा लिया। विभिन्न चरण की चयन प्रकिया के पश्चात कंपनी की ओर से यूनिवर्सिटी के 13 छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन किया गया। प्रत्येक छात्र-छात्रा को कंपनी की ओर से 3.15 लाख रुपये सालाना के पैकेज पर लॉक किया गया है। सालाना उक्त राशि के अलावा अन्य भत्ता आदि भी दिया जायेगा। इनका



मेडिका बाजार में चयनित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण।

मार्केट रिसर्च एनालिस्ट के पद पर चयन किया गया है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में यूनिवर्सिटी के एमबीए, बी फर्मा, डी फर्मा और बीएससी बायोटेक्नोलाजी पासिंग ईयर 2024 के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं का जॉब लोकेशन पैन इंडिया दिया गया है। प्लेसमेंट ड्राइव में यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट हेड हिमांशु सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही। यूनिवर्सिटी के निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं की सफलता को उनके परिश्रम और लगन का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही समय-समय पर केंपस ड्राइव के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करने की दिशा में सतत प्रयासरत है। श्री श्रीवास्तव एवं यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ ईश्वरन अय्यर, प्लेसमेंट हेड हिमांशु सिन्हा आदि मौजूद थे।

## मइया थारे हाथ रचावण घनी राचणी मेहंदी लाया... जैसे भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

■ साकची बंगाल क्लब में धूमधाम से मना श्री जीण माता का 18वां वार्षिक महोत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मईया थारी चुदड़ी में कुछ तो बात हैं..., मइया थारे हाथ रचावण घनी राचणी मेहंदी लाया..., तेरे भरोसे मेरा परिवार हैं..., ऊंचो राख निशान मैया को लांबी डोरी खींच..., मेरो हाथ पकड़ ले मइया मेरो मन घबरावे..., जा के सर पर हाथ अपनी कुल देवी का होवे...., भक्तो का चलता जोर तो मंदिर चांद पे हम बनवाते..., माता थारो प्यार बरसो लो बेमुसार..., आदि श्री जीण माता के भजनो पर मंगलवार को देर रात तक भक्त झूमते रहे। धार्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर ने जीण माता का 18वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया।



हवन करतीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की धर्मपत्नी सुधा गुप्ता।

## रास्ते के पेड़ों की होगी छंटाई



■ केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति और जिला प्रशासन के बीच बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति और जिला प्रशासन के बीच बैठक में केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों ने जिला उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए, संभावित समस्याओं की जानकारी दी और प्रशासन ने इन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन मिला, जो निम्नलिखित हैं : झंडा के मार्ग में आने वाले वैसे पेड़ जो अवरोध उत्पन्न करते हैं उनकी छंटाई होगी, जहां-जहां आवश्यकता हो उस समितियों में स्लैग आपूर्ति की जायेगी। चैती छठ को भी ध्यान में रखकर समस्त घाटों की समुचित साफ-सफाई करते हुए कराया जायेगा।

# टीवी नरेंद्रन ने किया जुस्को श्रमिक यूनियन के कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के सीईओ और एमडी श्री टीवी नरेंद्रन ने अध्यक्ष श्री रघुनाथ पांडे के साथ जुस्को श्रमिक यूनियन (जेएसयू) के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सभागार (कांफ्रेंस हॉल) का उद्घाटन बज 1 अप्रैल को किया। उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील यूआईएसएल के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील के मानव संसाधन प्रबंधन की उपाध्यक्ष सुश्री अत्रेयी सान्याल और टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक श्री रितु राज सिन्हा सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम भी शामिल हुई।



उद्घाटन करते बायें से टीवी नरेंद्रन और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय। साथ में टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा।

रघुनाथ पांडे ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और एक आकर्षक और उत्पादक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने समारोह के लिए अपना बहुमूल्य समय निकालने के लिए टाटा स्टील के सीईओ और एमडी श्री टीवी नरेंद्रन को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। साथ ही सीईओ एवं एमडी, टाटा स्टील का एथिक्स एवं सेफ्टी के प्रति समर्पण के बारे में भी सभी को बताया। उन्होंने यह भी बताया की रितु राज सिन्हा एमडी टाटा स्टील यूआईएसएल के परस्पर सहयोग से यह बन पाया है, उन्होने साथ ही कैप्टन धनञ्जय मिश्रा को भी धन्यवाद दिया जिनके समर्थन से यह सफल हो पाया है।

समारोह के एंकर के रूप में जेएसयू के महासचिव श्री सी डी एस कृष्णन थे, जिन्होंने कुशलतापूर्वक कार्यवाही का मार्गदर्शन किया। अमर नाथ तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम में जेएसयू के डेप्युटी प्रेसिडेंट मनीष कुमार दुबे और जेएसयू के अन्य पदाधिकारीगण तथा समिति सदस्यों की उपस्थिति देखी गयी, जो संगठन के भीतर मजबूत सौहार्द और सहयोग को रेखांकित करते हैं। कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन न केवल प्रगति का प्रतीक है, बल्कि अपने कार्यबल के साथ रचनात्मक बातचीत और सहयोग के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## एक नजर में

### इंदरजीत सिंह ने 18वीं बार किया प्लेटलेट्स दान



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था आगाज के संस्थापक अध्यक्ष सह सेंट्रल सिख नौजवान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने 18वीं बार प्लेटलेट्स दान किया। ज्ञात हो कि टीएमएच अस्पताल में एडमिट एक मरीज जिनका इलाज सुचारू रूप से हो सके इसके लिये प्लेटलेट्स की आवश्कता थी, ब्लड बैंक ने इंदरजीत सिंह से संपर्क किया। उन्होंने ब्लड बैंक जाकर प्लेटलेट्स दान किया। उनके साथ संस्था के सुखदीप सिंह, सुखदेव सिंह गोल्डी, राजदीप सिंह भी थे।

### आनंदमार्ग-श्याम सखा मंडल ने जुटाये 70 यूनिट रक्त




**जमशेदपुर।** आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं श्याम सखा मंडल धातकीडीह, राकेश अग्रवाल की स्मृति में जमशेदपुर ब्लड सेंटर में एक दिवसीय 101वा मासिक रक्तदान शिविर जमशेदपुर ब्लड सेंटर में लगाया, जिसमें करीब 70 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इसे सफल बनाने में सुनील आनंद, विनोद डांगबाजिया, मनोज खेमका चेतन अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, खुशवंत उदयनी, राकेश कुमार, सुनील आनंद व अन्य लोगों का भी सहयोग रहा।

### पेयजल समस्या का जल्द करें समाधान : कालिंदी



**जमशेदपुर।** शफीगंज मोहल्ला, जुगसलाई में पानी की आपूर्ति ठप होने के बाद मंगलवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने निरीक्षण कर अधिकारियों को फोन कर फटकार लगायी है। तत्काल पानी उपलब्ध कराने एवं समस्या का समाधान निकालने को लेकर निर्देश दिये गये। विधायक ने विभिन्न जगह ब्लॉकेज का जायजा लिया एवं आम लोगों की समस्या सुनी जहां विधायक ने जुगसलाई चौक में ही पीएचडी विभाग नगर परिषद एवं सफीगंज मोहल्ला के बस्ती वासियों के साथ बैठक की। विधायक ने सभी की समस्याएं सुनी और उन्होंने अधिकारियों को साफ तौर पर समय रहते पानी उपलब्ध कराने को लेकर निर्देश दिये। मोहल्ला के लोगों के साथ पीएचडी विभाग और नगर परिषद के पदाधिकारी के साथ बैठक किया गया। जहां सभी ने अपने-अपने तर्क रखे।

### वरिष्ठ नागरिक समिति का होली मिलन संपन्न



**जमशेदपुर।** झारखड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने मंगलवार को परसुडी थाना अंतर्गत राहरगोड़ा में सभागार में होली मिलन समारोह किया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद ने की। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राम दरस चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में समाज के सम्मानित समाजसेवी राजकुमार सिंह ने भाग लिया एवं सम्मानित अतिथि समाजसेवी चाकुलिया से दुर्गा दत्त लोधा एवं एस एन मेहता ने जमशेदपुर से भाग लिया। गुलाल एवं पुष्प एक दूसरे को देकर मिलन समारोह किया। होली गायन-चैता गायन लोगों ने बड़े उल्लास से गाया और आनंद लिया। अंत में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के संरक्षक डॉ सी के ठाकुर बोकारो से एवं अरविंद विद्रोही के संदेश पढ़कर लोगों को सुनाया गया। कार्यक्रम में से नरेश कुमार सिंह (अध्यक्ष उद्योगों व्यापार विभाग) धीरिक्शन प्रसाद गुप्ता, शत्रुघ्न प्रसाद, रामकृष्ण उपाध्याय, रामलाल पासवान विनय यादव, जयकुमार महतो, सुरेश प्रसाद, दूधनाथ मौर्य (सचिव) वेतन चौधरी (संगठन मंत्री) अशोक सिंह राम सियासन सिंह और अन्य वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

### सुंदरकांड से हुआ जेपी स्कूल के नये सत्र का शुभारंभ



**जमशेदपुर।** संकोसाई मानगो स्थित जेपी स्कूल में मंगलवार को सत्र 2024-25 क्लास शुरू करने से पहले सुंदरकांड पाठ एवं भजन आरती की गयी। जे पी स्कूल की स्थापना 1988 में की गयी थी और आज उसी परंपरा को मानते हुए वर्ष 2024-25 के सत्र की शुरुआत भगवान को याद करते हैं। उसी तरह इस वर्ष भी सुंदरकांड पाठ से विद्यालय का क्लास प्रारंभ किया गया। सुंदरकांड पाठ का भजन मंडली आए पंडित अखलेश पांडे एम उनके ग्रुप के साथ सुंदरकांड पठ का आयोजन किया गया। मौके पर सचिव अर्जुन शर्मा एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी गण इस मौके पर मौजूद थे।

### जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने बांटा नि:शुल्क पेयजल



**जमशेदपुर।** जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा की पहल पर पश्चिम कीताडीह पंचायत अंतर्गत मथुरा सेठ के घर के समीप, अवधपुरी कॉलोनी एवं मुईगुटु में तारापुर एंड कंपनी के 8000 लीटर वाली पानी टैंकर से नि :शुल्क पीने का पानी वितरण करने का कार्य को प्रारंभ किया गया। इस तरह कुल तीन स्थानों पर पानी वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कतार में लगकर बारी-बारी से पीने का पानी भरा। मौके पर पंसस प्रतिनिधि शिवजी सिंह एवं मुखिया प्रतिनिधि गमन ठाकुर ने संयुक्त रूप से कहा कि जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने इस संदर्भ में जिला उपयुक्त अनन्य मित्तल, डीडीसी एवं एसडीओ पारुल सिंह को पत्राचार किये थे। इसी आलोक में जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा के अथक प्रयास से तारापुर एंड कंपनी के टैंकर से पानी मिलने की शुरुआत हुई है जो लगातार गर्मी तक जारी रहेगी। इसके लिए जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, तारापुर एंड कंपनी सहित जिला प्रशासन धन्यवाद के पात्र है। मौके पर पंसस प्रतिनिधि शिवजी सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि गमन ठाकुर, पंसस सुनील गुप्ता, उपमुखिया संतोष ठाकुर, बन्ना गुप्ता फैंस क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### भारी मात्रा में शराब सामग्री बरामद



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन के निर्देश पर झारखंड-बिहार की सीमा से सटे सोन नदी के डीला पर दंगवार ओपी पुलिस और बिहार नबीनगर पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने महुआ जावा करीब 50,000 लीटर, सूखा महुआ-2000 किग्रा, गुड़ -1000 किग्रा, शराब -100 लीटर बरामद किया। साथ ही भट्ठी संख्या- 15 को विनष्ट भी कर दिया।

### अगलगी पीड़ित के घर पहुंचे विधायक



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता होईयो गांव पहुंच बीते दिनों राजकुमार सिंह खरवार के घर अगलगी से हुए नुकसान को लेकर सांत्वना दी। कहा कि वे संकट की घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता दिलायी जायेगी।

### सपा ने तीन नेताओं की करायी घर वापसी

**हरिहरगंज पलामू।** बसपा प्रदेश नेतृत्व ने अपने तीन नेताओं का निष्कासन रद करते हुए उन्हें ससम्मान घर वापसी करायी है। जिसमें प्रदेश सचिव जयदेव मेहरा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि तथा पूर्व छतरपुर क्षेत्र विधानसभा अध्यक्ष रामबाबू शामिल हैं। केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, राम बाबू चिरगाइयां, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रदेश महासचिव मनीष सिंह तथा विद्याधर प्रसाद ने बैठक में आम सहमति से उक्त नेताओं की घर वापसी का निर्णय लिया है।

### यज्ञ का उद्देश्य चेतना का विकास व राष्ट्र का निर्माण है : अविनाश देव



**चैनपुर पलामू।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चार दिवसीय राष्ट जागरण यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। इसका उद्घाटन समाजसेवी अविनाश देव ने झंडोत्तोलन कर एवं पांच कन्याओं को कलश देकर किया। कहा कि 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ क्षेत्र में शांति का पैगाम देगा। इसका उद्देश्य चेतना का विकास व राष्ट्र निर्माण है। कलश यात्रा में कई महिला-पुरुष शामिल थे।

### बालू उठाव जोरों पर, प्रशासन मौन



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद में नहीं रुक रहा बालू का अवैध कारोबार, बालू तस्कर रात्रि में बेखौफ धड़ल्ले से बालू उठाव कर ले जा रहे हैं। सवाल उठता है कि बालू के मामले में आखिर क्यों प्रशासन लाचार दिख रही है? हुसैनाबाद के देवरी ओपी थाना क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा गांव सोन नदी से लगातार ट्रैक्टरों से अवैध बालू का उठाव जोरों पर है।

### विजय राज इंटरनेशनल स्कूल का प्रारंभ



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के बारा में कोरोना काल के समय से बंद पड़े विजय राज इंटरनेशनल स्कूल पुनः उसी स्थान पर इस वर्ष से संचालित कर दी गयी। ज्ञात हो कि शिक्षा के क्षेत्र में छतरपुर शहर के प्रत्येक कोने में नये विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं ताकि हमारा इलाका शिक्षा से परिपूर्ण हों और देश स्तर पर पहचान बना सके। राजन बाबू ने बताया कि हमारे क्षेत्र के बच्चे सभी क्षेत्र में प्रतिभावान हैं। उन्हे सिर्फ अच्छा मार्गदर्शन की आवश्कता है।

### शोक संतप्त परिवार से मिले अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने हैदरनगर के नावाडीह जाकर वरिष्ठ सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह के पिता सुदर्शन सिंह के निधन होने की सूचना पर उनके घर पहुंच ढाढ़स बंधाया और मृत आत्मा की शांति हेतु इश्वर से प्रार्थना की। विदित हो कि भाजपा नेता सह हैदरनगर के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह के पिता का निधन 24 मार्च को हो गया था। उनके पैतृक गांव में जाकर परिजनों से मिलने वालों में श्री वर्मा के साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव दिव्येंदु गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष आनंद कुमार शामिल थे।

### बिरजू साव की मनायी गयी पुण्यतिथि



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम जमुने में समाजसेवी बिरजू साव की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्येष्ठ पुत्र राजा गुप्ता व उनके परिजनों समेत कई समाजसेवियों ने स्व साव की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर वक्ताओं ने उनके साथ बिताये क्षण को याद किया। स्व बिरजू साव के पुत्र राजा गुप्ता ने कहा कि दिवंगत पिता के अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। पिता के पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। उनके पदचिंहों पर चलकर सामाजिक कार्यों में भाग लेते रहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि स्व बिरजू सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लिया करते थे। वे हंसमुख, मिलनसार व शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। मौके पर समाजसेवी बिफन महतो ने कहा कि स्व साहू गरीबों, दलितों व लाचारों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे। मौके पर हजारी गुप्ता, महाराजा गुप्ता, सुनील भगत, नीतिन कुमार,मिथलेश कुमार, पिंकु कुमार, पिंटु कुमार, विनोद ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

# सोना महल में शॉट सर्किट से लगी आग, हुई आंशिक क्षति

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रतिष्ठित स्वर्ण व्यवसायी सोना महल में शॉट सर्किट लग जाने के कारण आग लग गई। इस घटना में किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुए हैं। लेकिन सोना महल दुकान की आंशित क्षति हुई है। आग लगने के साथ ही अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। इसकी सूचना शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार को दी गई। वे सूचना पाते ही अग्नि शमन विभाग को सूचना दिये। अग्निशमन वाहन घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस संबंध में सोना महल के संचालक सह पलामू जिला स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी ने बताया कि आग बाहरी हिस्सा में जैसे ही लगी उसकी धुआं दुकान के अंदर एसी के माध्यम से आना शुरू हुआ। इसके बाद दुकान कर्मियों के माध्यम से अग्निशमन यंत्र के द्वारा काफी हद तक आग पर काबू किया गया। लेकिन आग की लपटे काफी तेज थी इसलिए अग्निशमन विभाग के द्वारा आग पर काबू पाया गया। दुकान के अंदर किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है। जबकि बाहरी हिस्सा में आंशिक क्षति हुई है। श्री सोनी ने बताया कि ग्राहकों के विश्वास व आशीर्वाद एवं दुकान की ईमानदारी के कारण बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। पूर्व की भांति ही ग्राहकों की सेवा अनवरत प्रदान की जायेगी।



# शांतिकुलम को भागमनी स्कूल विश्रामपुर के लिए नामांकन व परामर्श केंद्र खोलने की मिली अनुमति

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** डालटनगंज शांतिकुलम आवासीय विद्यालय को भागमनी चंद्रवंशी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर के सत्र 2024-25 लिए नामांकन व परामर्श केंद्र खोलने की अनुमति प्रदान की गयी है। आरसीआईटी के सभागार में बैठक की गयी। जिसमें बाईपास रोड मेदिनीनगर स्थित शांतिकुलम आवासीय विद्यालय को नामांकन एवं परामर्श केंद्र सत्र 2024-25 के लिए अनुमति निदेशक डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शांतिकुलम स्कूल के निदेशक सतीश अग्रवाल को प्रदान की है। मौके पर दोनों पक्षों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस आयोजन में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, शांतिकुलू आवासीय विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर डी गुप्ता, आरसीडब्लूटी के प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार, रिसर्च हेड डॉ अविनाश कुमार, प्राचार्य बीसीपीएस पीसी मन्ना, प्रमिला शुक्ला, प्रमेंद्र कुमार समेत अन्य लोगों की अहम भूमिका रही। ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य नामांकन व परामर्श हेतू बच्चों को होनेवाली असुविधा को दूर करने का प्रयास करना है।



प्रमाण पत्र दिखाते डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी।

**लोकसभा चुनाव : स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने की बैठक**

# एक माह का शेड्यूल तैयार कर जागरूकता कार्यक्रम पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो, इसे सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने जेएसएलपीएस के डीपीएम, बीपीएम व सभी सामुदायिक समन्वयक संग बैठक कर जिले में स्वीप कार्यक्रम के गतिविधियों पर चर्चा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी से अपने-अपने क्रिएटिव आईडियाज से लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने की बात कही। बैठक में उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम को अगले एक माह का शेड्यूल तैयार करने व उसके अनुरूप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में जहां 50 प्रतिशत से कम वोटिंग हुआ है वहां विशेष रूप से मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलायें।



स्वीप की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**बसों व ऑटो में भी चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान :** स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार ने मंगलवार को बस ऑनर एसोसिएशन व ऑटो ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों संग भी बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों ही वाहनों के जरिए सैकड़ो लोग रोजाना आवागमन करते हैं ऐसे में यह मतदाता जागरूकता का बेहतर प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को प्रचार सामग्री उपलब्ध करवा दी जाएगी ऐसे में आप सभी से अनुरोध है कि आप लोग सभी वाहनों पर जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# कार्यकर्ताओं के बल पर भारी मतों से जीतेंगे लोकसभा चुनाव : सांसद

- एक दिन एक विधानसभा प्रवास के तहत भवनाथपुर में प्रवास कार्यक्रम आयोजित
- कार्यकर्ता बूथ स्तर पर करें मेहनत : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता विधानसभा स्तर पर एक दिन-एक विधानसभा प्रवास कार्यक्रम के निमित्त आज भवनाथपुर विधानसभा में प्रवास किये। इस अवसर पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर विस क्षेत्र के विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, लोकसभा प्रभारी विनय लाल के साथ जिला कार्यसमिति, मंडल कार्यसमिति के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं के साथ आवश्यक बैठक की गई। बैठक में भाजपाईयों ने कहा कि एक बार फिर भारी मतों से पलामू में कमल खिलाना है। अबकि बार 400 पार लक्ष्य को कार्यकर्ता हर हाल में पूरा करेंगे। सांसद ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत होगी। पांकी विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मेहनत करें। बूथ मजबूत होगा तो कोई भी प्रत्याशी चुनाव जीत जायेगा। भानू प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। एक बार फिर पूरे देश में भाजपा का परचम लहरायेगा और नरेंद्र मोदी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



बैठक कर कार्यकर्ताओं में जोश भरते सांसद व उपस्थित अन्य।

### सेमरटांड़ में रखे हथियार समेत दो लोग गिरफ्तार



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ में 24 मार्च को राजेश शाह और सुजीत भुइयां हत्याकांड में आरोपियों का हथियार छुपाने वाले रामकुमार राम और दशरथ चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के पास से तीन देशी कट्टा, एक पिस्टल और एक चाकू बरामद किया है। दोहरे हत्याकांड के आरोपी श्यामा और रामा चौधरी ने पूछताछ के दौरान हथियार के बारे में जानकारी दी थी। जिसके बाद हथियार बरामद हुआ। हत्याकांड के बाद श्यामा और रामा चौधरी ने हथियार को रामकुमार पिता सुकन राम और दशरथ चौधरी पिता रंगबहादुर चौधरी के घर पर छुपाया था। दशरथ रामा और श्यामा चौधरी का बहनोई है।

## अबुआ आवास में लूट के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख से की जांच कराने की मांग

- हुसैनाबाद प्रखंड में भ्रष्टाचार की खुली छूट, नौकरी और सक्षम लोगों को मिल रहा सरकारी पैसा, गरीब व जरूरतमंद काट रहे हैं चक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड सरकार की सबसे महत्वपूर्ण व जनकल्याणकारी योजना में लगातार अनियमितता और जरूरत मन्द व्यक्ति को आवास नही मिलने की शिकायत लगातार जनता और जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जाता रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि हुसैनाबाद में भष्टाचार की खुली छूट मिली हैं, मंगलवार को पोलडीह पंचायत के दर्जनों से ज्यादा महिलाओं ने प्रखण्ड प्रमुख एवं पंसस रूबी देवी, धनंजय यादव, रमेश पासवान, राजवंश यादव अमन कुमार समेत कई प्रतिनिधियों को लिखित शिकायत कर जांच कराने की मांग किया है और पत्र की प्रतिलिपि बीडीओ समेत अन्य वरीय अधिकारियों को दिया हैं, ग्रामीणों का आरोप हैं कि ब्लॉक के पंचायत सेवक एवं अन्य सभी कर्मियों के द्वरा मोटी लेकर जनता को पहले पैसा दो और पहले आवास के तर्ज पर कार्य कर रहे हैं।



## वार्षिक परीक्षा प्रकाशन में प्रसन्नचित दिख रहे अभिभावक : अविनाश देव

- संत मरियम स्कूल का परीक्षाफल घोषित, वर्गवार टॉपर विद्यार्थी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के कजरी परिसर में कजरी और नावाहता प्रांगण का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया । स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने वर्गवार परीक्षा में टॉपर विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया। वास्तव में विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के अथक परिश्रम और अभिभावकों की उम्मीद अपने बच्चो के वार्षिक परीक्षा में संलग्न होता है। छात्रों का बेहतर परिणाम ही अभिभावकों की कुल जमा पूंजी होती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, इसके कारण बच्चे एवं अभिभावक काफी उत्साहित नजर आये। विदित है कि संत मरियम विद्यालय परिवार व विद्यालय में अध्यनरत बच्चे नव वर्ष का उत्सव तब मनाते हैं, जब वह वार्षिक परीक्षा का परिणाम पत्र प्राप्त कर नए सत्र में नई ऊर्जा व उत्साह के साथ नये सिरे से शिक्षा ग्रहण करने की शुरुआत करते हैं।



### रामनवमी की तैयारी शुरू, धन संग्रह शुरू किया



**हरिहरगंज पलामू।** शहर में रामनवमी की तैयारी मंगलवार से शुरू हो गयी है। पूजा समिति के सदस्यों ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर महावीरी झंडे लगाये। वहीं श्रद्धालुओं से धन संग्रह का कार्य भी शुरू कर दिया है। आयोजकों ने बताया कि बिहार सीमा से लेकर शहर से गुजरने वाली एनएच 98 के दोनों ओर हर दुकान व घर पर महावीरी झंडे लगाये जायेंगे। मौके पर सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, पवन कुमार, साकेत कुमार, अमीत कुमार, करन राजीवर, बब्लू सहित समिति से जुड़े युवा लगे हैं।

## अवैध देसी कट्टा और गोली के साथ दो गिरफ्तार, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पंडवा पलामू।** पंडवा थाना क्षेत्र के कठौतिया मध्य विद्यालय के पास से पुलिस ने दो युवक को दौड़ाकर हिरासत में लिया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह पंडवा थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि दो लड़के हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस आधार पर सनहा दर्ज कर वरीय अधिकारी को सूचना से अवगत कराया गया। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन किया गया। जैसे ही छापामारी दल कठौतिया गांव के पास पहुंची कि पुलिस को देखकर दो युवक भागने लगे। जिन्हें दौड़ाकर पकड़ा गया। पकड़े गये युवक की तलाशी ली गई तो प्रवेश सिंह पिता वीरमणि सिंह के कमर से देसी कट्टा एवं एक मोबाईल बरामद किया गया। जबकि दूसरा युवक रितेश सिंह पिता मुंद्रिका सिंह के पैंट से 315 बोर का दो जिंदा गोली बरामद किया गया। इनलोगों से हथियार से संबंधित

### व्यवसायियों को बाजार समिति में व्यवस्थित करने की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखंड सब्जी फल थोक व्यवसाय महासंघ के केंद्रीय संयोजक राकेश कुमार सिंह ने सब्जी फल थाक व्यवसायियों के हित में प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद रांची के कार्यालय में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से श्री सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर स्थित सरकारी बस डिपो में अव्यवस्थित तौर पर संबंधित प्रशासन द्वारा सब्जी एवं शहर के व्यस्ततम सड़कों पर फल के थोक व्यवसाईयों को व्यवस्थित किया गया है।

## दंगवार ओपी प्रभारी प्रतिदिन चला रहे वाहन चेकिंग अभियान

- लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड-बिहार सीमा पर आने जाने वाले लोगों पर पुलिस की है पैनी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड-बिहार सीमा स्थित दंगवार ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव के नेतृत्व में प्रतिदिन चलाया जा रहा है वाहन चेकिंग अभियान। यह अभियान पलामू पुलिस कप्तान रेशमा रमेशन व हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दंगवार पुलिस ने कई दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की डीकी जांच की। साथ ही उन्हें बिना हेलमेट व कागजात के सड़क पर नहीं चलने की हिदायत दी। वाहन जांच के दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट पहने व कागजात नहीं दिखाए।



### सीबीएसई 2024 की 12वीं कक्षा की परीक्षा समाप्त





**मेदिनीनगर।** सीबीएसई द्वारा संचालित परीक्षा 2024 में 12वीं कक्षा की अंतिम परीक्षा थी। आज छात्र परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते हुए निश्चिंत दिखाई दिए। 19 फरवरी से प्रारंभ होकर यह परीक्षा 2 अप्रैल को समाप्त हुई। इस बीच छात्र भारी तनाव में थे, किंतु आज उन्होंने राहत की सांस ली। पलामू प्रमंडल के सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर, सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि यह परीक्षा पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों पलामू, गढ़वा, लातेहार के सभी परीक्षा केंद्रों पर थी। आज कंप्यूटर साइंस तथा इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस विषयों की परीक्षा थी।

# वैद्य बिगहा में महुआ शराब की भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरगंज थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के वैद्य बिगहा मुहल्ला में अवैध शराब के तीन कारोबारियों के घर छापामारी की गयी। जहां से जमीन में गाड़ कर रखा हुआ करीब एक सौ लीटर महुआ शराब तथा पांच क्विंटल जावा महुआ बरामद किया गया। हालांकि पुलिस ने शराब, जावा महुआ तथा शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वैद्य बिगहा मुहल्ला में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी की। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब कारोबारी अपने घरों को बंद कर भाग गये थे। चहारदीवारी फांद कर घर के अंदर जाने पर पक्का जमीन में प्लास्टिक ड्रम गाड़ कर उसमें रखा गया महुआ शराब तथा जावा महुआ बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गृह स्वामी की पहचान कर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। साथ ही अवैध शराब निर्माण तथा व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। छापामारी में एस आई डी के गोप, एएसआई मनोज दास तथा पुलिस बल शामिल थे।





बरामद सामग्री को नष्ट करती हरिहरगंज पुलिस।

# लोइंगा के लाभुकों ने एमओ से की जल्द राशन दिलाने की मांग

- गत वर्ष राशन को लेकर ग्रामीणों ने किया था अनशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम लोइंगा के लगभग सौ लोगों को राशन नहीं मिलने का मामला प्रकाश में आया है। सभी लोगों ने पाटन एमओ संजय कुमार से अविलंब राशन दिलाने की गुहार लगायी है। लोइंगा पंचायत निवासी सह समाज सेवी नरेंद्र दुबे ने पाटन एमओ से मिलकर बताया कि लगभग चार साल पहले ग्राम लोइंगा के ग्रामीणों का राशनकार्ड अपने जिले से बाहर गोड्डा जिला एवं धनबाद में कर दिया गया, जिससे सैकड़ों ग्रामीण राशन से वंचित हो गये। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा 13 मार्च 2023 को पंचायत मुख्यालय पर आमरण अनशन किया था। उस समय तत्कालीन उपायुक्त ए दोड्डे ने मामले को संज्ञान में लेकर पलामू आपूर्ति पदाधिकारी से जांच करायी थी जांचों परांत मामला सही पाया गया था जिसके फलस्वरूप आपूर्ति पदाधिकारी ने दो तीन दिन के अन्दर कार्रवाई करने के लिए आश्वासन दिया था। जिसके बाद लोगों ने अनशन समाप्त किया था। इस अनशन तोड़वाने में पुर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर भी मौजूद थे। समाज सेवी नरेन्द्र दुबे एवं ग्रामीणों ने बताया कि आज तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर हम लोगों को राशन से वंचित रखा जायेगा तो बाध्य होकर पलामू जिला आपूर्ति कार्यालय के सामने आत्मदाह किया जायेगा। वहीं इस मामले पर पाटन एमओ संजय कुमार ने कहा कि समाज सेवी नरेंद्र दुबे के द्वारा मामले की जानकारी दी गयी है। वैसे कार्डधारी जिनका राशनकार्ड से नाम बाहर चला गया है उन सभी लोगों का ऑनलाईन कराकर बीएसओ लौगींग से छोड़ दिया गया है।



# अपने-अपने बूथ पर 10 परसेंट वोट बढ़ाएं कार्यकर्ता, मोदी ने टार्गेट सेट कर दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की 40 की 40 लोकसभा सीट जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर दस परसेंट वोट बढ़ाने का टार्गेट दिया है। मंगलवार की शाम बिहार में भाजपा के बूथ स्तर तक के साढ़े चार लाख कार्यकर्ताओं से मोदी ने वर्चुअल बातचीत की और कुछ लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से चुनाव के मुद्दों, चुनाव प्रचार के तौर-तरीकों की जानकारी ली। मोदी ने कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार से लेकर मुद्दों को उठाने और भुनाने तक के टिप्स दिए जिस पर अमल किया जाए तो एनडीए के लिए यह विजय मंत्र साबित हो सकता है। मोदी से कार्यकर्ताओं की बातचीत में औरंगाबाद, चंपारण, मिथिलांचल, कोसी और नवादा के महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने संवाद किया। मोदी ने कहा कि अपने-अपने बूथ पर दस परसेंट वोट बढ़ाने का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ता काम करें। उन्होंने कहा कि हर आदमी को हर जगह प्रचार करने नहीं जाना है, सब लोग बस अपने-अपने बूथ पर फोकस करें और पूरी ताकत से वहां एक-एक वोट को भाजपा और एनडीए दलों के कैंडिडेट को दिलाने की कोशिश करें। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि बूथ पर हर घर की लिस्ट बनाइए, उस घर में जितने वोटर हैं उनकी लिस्ट बनाइए और फिर देखिए कि उसमें कौन आपको वोट कर रहा है और जो नहीं कर रहा है उसे पार्टी की नीतियों, सरकार की योजना के बारे में बताइए और एनडीए के लिए वोट करने के लिए तैयार करिए। मोदी ने चुनाव में उठाने वालों मुद्दों पर भी कार्यकताओं से बात की। मोदी ने कहा कि पहली बार वोट देने जा रहे युवकों को पता भी नहीं होगा कि बीस साल पहले बिहार में किस तरह का जंगलराज था। पुराने कार्यकर्ता वोटरों को आरजेडी के शासनकाल की याद दिलाएं और बताएं कि उस समय घर से बाहर निकलना तक भी कैसे मुश्किल था। प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं को भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के बयान को भी वोटरों को याद दिलाने का काम सौंपा है। मोदी ने उज्जवला योजना, मुफ्त राशन योजना, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी जैसी योजनाओं का नाम लेकर कहा कि इनके बारे में बताया जाए और जिन लोगों को इनका लाभ नहीं मिला है उन्हें बताया जाए कि आगे उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा।

## संजय सिंह को छह महीने बाद सिर्फ जमानत मिली, दोषमुक्त नहीं हुए : सुशील मोदी

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि दिल्ली सरकार की शराब नीति, भ्रष्टाचार और धन-शोधन मामले में गिरफ्तार सांसद संजय सिंह को छह महीने बाद सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ जमानत दी है, उन्हें दोषमुक्त नहीं किया है। इस पर राजनीतिक बयानबाजी करने से सत्य नहीं बदल जाएगा। सुशील मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि संजय सिंह की जमानत से ज्यादा उत्साहित होकर विपक्ष इस रुटीन न्यायिक प्रक्रिया को सत्य की जीत की तरह प्रचारित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि चारा घोटाला में लालू प्रसाद को भी कई बार जमानत मिली लेकिन अन्तत: उस चर्चित घोटाला के चार मामलों में उन्हें सजा हुई । लालू प्रसाद सजायाफ्ता होने के कारण मुखिया का भी चुनाव नहीं लड़ सकते। सुशील मोदी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और अन्य दागी पूर्व मंत्रियों के खिलाफ ईडी के पास घोटालों के पुष्ट प्रमाण हैं। संजय सिंह के पैसे लेने की कड़ियों (मनी ट्रेल) के संबंध में कोर्ट ने कुछ और जानकारी ईडी से मांगी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के दो मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन अभी भी जेल में हैं।

## ‘हमारा गठबंधन मजबूती से बना रहेगा’ भतीजे प्रिंस के साथ नड्डा से मिले पशुपति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटन/नयी दिल्ली।** हाल ही में मोदी कैबिनेट से इस्तीफा देने वाले आरएलजेपी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने अपने भतीजे प्रिंस राज के साथ बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। जेपी नड्डा के आवास पर हुई इस मुलाकात की तस्वीरें खुद जेपी नड्डा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी की हैं। इस मुलाकात के जरिये बीजेपी अध्यक्ष ने बड़ा सियासी संदेश दिया है और वो ये कि बिहार में एनडीए पूरी तरह एकजुट है। पारस और प्रिंस से मुलाकात के बाद जेपी नड्डा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मुलाकात की तस्वीरें जारी करते हुए लिखा कि एनडीए में हमारे सहयोगी एवं रालोजपा के प्रमुख जी से नई दिल्ली में आवास पर मुलाकात की ।एनडीए सदस्य के नाते पशुपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार अच्छे कार्य किए। आने वाले चुनाव में भी हमारा गठबंधन मजबूती से बना रहेगा। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगे लिखा कि पशुपति कुमार पारस की पार्टी बिहार में एनडीए के सभी 40 उम्मीदवारों का पूर्ण समर्थन करेगी। साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने में हरसंभव सहयोग करेगी। जेपी नड्डा से पशुपति पारस और प्रिंस राज की मुलाकात के के बाद अब ये पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि पारस पूरी तरहएनडीए के साथ हैं। वहीं 3 दिनों पहले भी पशुपति कुमार पारस ने अपने सोशल अकांउट पर पोस्ट कर मोदी परिवार का हिस्सा बताया था।

उन्होंने लिखा था कि हमारी पार्टी रालोजपा, एनडीए का अभिन्न अंग है! मोदी हमारे भी नेता है और उनका निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि है एवं उनके नेतृत्व में एनडीए पूरे देश में 400+ सीट जीतकर तीसरी बार रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। इससे पहले 19 मार्च को पशुपति कुमार पारस ने केंद्रीय कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। पशुपति कुमार पारस बिहार में एनडीए के सीट बंटवारे में तवज्जो नहीं मिलने पर नाराज थे।

## बिहार के नियोजित शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

# सक्षमता परीक्षा में फेल होने पर भी नहीं जाएगी नौकरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** हाईकोर्ट पटना में सक्षमता परीक्षा से संबंधित मामले की सुनवाई हुई, जिसमें न्यायालय ने रूल 4 के प्रोविजन को समाप्त करते हुए यह आदेश दिया है कि अगर शिक्षक सक्षमता परीक्षा में नहीं बैठते है या फेल होते हैं तो उन्हें हटाया नहीं जाएगा। इस फैसले को लेकर शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है। दरअसल पटना हाईकोर्ट ने राज्य के नियोजित शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए कहा कि सक्षमता परीक्षा नहीं पास करने वालों शिक्षक अपने पद पर बने रहेंगे। चीफ जस्टिस के वी चन्द्रन की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई 15 मार्च,2024 को सुरक्षित रखा, जिसे आज सुनाया गया। हाईकोर्ट में नियम 4 के सेकेंड पैरा में हटाने का जो नियम है उसे फिलहाल रोक दिया है। यानी शिक्षकों को हटाया नहीं जाएगा। दूसरी नियमावली 12, जो प्राधिकार को खत्म करने का, सेवा निरंतरता, ऐच्छिक स्थानांतरण सभी मुद्दों की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी। बता दें कि बिहार में शिक्षकों की बड़ी संख्या में भर्ती के बाद राज्य के साढ़े तीन लाख से अधिक नियोजित शिक्षकों ने उनकी सेवा को स्थायी करते हुए बीपीएससी पास शिक्षकों की तरह ही राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग की थी। इसके बाद राज्य सरकार ने तय किया था कि नियोजित शिक्षकों को सरकार राज्यकर्मी का दर्जा देगी, लेकिन उन्हें शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सक्षमता परीक्षा को पास करना होगा। राज्य सरकार के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग ने नियोजित शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा आयोजित करने का फैसला लिया।शिक्षा विभाग की तरफ से नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा के माध्यम से पहले तीन बार मौका देने का निर्णय हुआ, लेकिन इसका विरोध शुरू हो गया। विरोध के बाद शिक्षा विभाग ने नियोजित शिक्षकों को राहत देते हुए सक्षमता परीक्षा को 5 अटैम्पट में कर दिया। सरकार के इस फैसले के खिलाफ नियोजित शिक्षकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसी बीच बिहार शिक्षा विभाग की ओर से नियोजित शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा आयोजित की गई, जिसके परिणाम भी सामने आ चुके हैं। बड़ी संख्या में इस परीक्षा में नियोजित शिक्षक पास हुए तो हजारों शिक्षक फेल भी हुए हैं। मंगलवार को पटना हाईकोर्ट में नियोजित शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई हुई और कोर्ट ने उन्हें बड़ी राहत दी है। कोर्ट का यह फैसला बिहार सरकार और शिक्षा विभाग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

## जदयू ने चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए पार्टी के थीम सान्ग का लोकार्पण एवं एलईडी प्रचार रथ को किया रवाना

**पटना।** 18वीं लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के लिए जदयू ने पार्टी के थीम सॉन्ग का लोकार्पण एवं एलईडी प्रचार रथ को विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में मंगलवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस प्रचार रथ के मध्यम से राज्य के गांव-कस्बों, गली-मोहल्लों में नीतीश सरकार की उपलब्धियों और जन हितैषी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। मौके पर मंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन जिन मुद्दों और उपलब्धियों को आधार बनाकर जनता के बीच जाएगी। उसकी पहली झलक इस थीम सॉन्ग के जरिए प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि नए दौर में चुनाव प्रचार का माध्यम भले ही आधुनिक हुआ हो लेकिन अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने में आकर्षक गानों की भूमिका सबसे प्रभावी है। मौके पर पार्टी के राष्टीय महासचिव सहराज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, मंत्री अशोक चौधरी, राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े, पूर्व मंत्री रंजू गीता सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## औचक निरीक्षण में गायब पुलिसकर्मियों का वेतन बंद

पूर्वी चंपारण,02 अप्रैल(हि.स.)। डीएम व एसपी ने औचक निरीक्षण में गायब पुलिस कर्मियों का वेतन बंद करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की है। दरअसल डीएम सौरभ जोरवाल और एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर के सटे ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो इस दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा के लिए प्रतिनियुक्त तीन पुलिसकर्मी कांस्टेबल नंदन मंडल कांस्टेबल नंबर 822, रंजीत कुमार कांस्टेबल नंबर 1725 एवं बंटी कांस्टेबल नंबर 983 अनुपस्थित मिले। बताया गया है कि इन पुलिसकर्मियों ने बिना किसी वरीय पदाधिकारी को सूचित किये ना ही कोई अवकाश की स्वीकृत लिये ड्यूटी से गायब पाया गया,जिसे निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही मानते हुए तीनों कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से वेतन बंद कर दिया गया एवं स्पष्टीकरण करते हुए निलंबन की कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद पूरे महकमा में हडकंप मचा हुआ है।

## मनरेगा योजना के कूप निर्माण में जेसीबी मशीन से खुदाई मामले में प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत स्थित चंद्रपुरा गांव में मनरेगा योजना से संचालित बिरसा सिंचाई कूप निर्माण (ऑनलाइन वर्क कोड नम्बर 7080903125876) में रविवार को दोपहर में मजदूर के बदले जेसीबी मशीन लगा कर खुदाई करने के मामले की सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शतीस भगत के निर्देश पर जांच की गई। जांच टीम में शामिल सोनपुरवा पंचायत के पंचायत सचिव सुरेश कुमार सिंह एवं रोजगार सेवक(बीएफटी) अमित कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि बिरसा सिंचाई कूप की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि जिओ टैग वाले स्थल पर ही जेसीबी मशीन से खुदाई की गई है। बीडीओ शतीस भगत के निर्देश पर कूप के लाभुक कामोदा देवी पति शिवनाथ राम एवं जेसीबी मशीन के मालिक विष्णुदेव यादव पिता श्याम बिहारी यादव पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया है। वहीं बीडीओ सतीश भगत द्वारा जब्ती सूची दी गई। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि प्रभारी पंचायत सचिव के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 27/24 के तहत जेसीबी मालिक एवं लाभुक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। ज्ञात हो कि रविवार को दोपहर में ग्रामीणों की सूचना पर बीडीओ द्वारा थाना प्रभारी को फोन पर सिंचाई कूप में जेसीबी मशीन चलने की जानकारी देते हुए जाँच करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद उनके निर्देश पर एसआई संजय कुमार द्वारा जप्त कर थाना लाया गया था।

## कंप्रेशर वाहन से दबकर नगर परिषद कर्मी की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद कार्यालय में कार्यरत कर्मी विकास चौधरी 43 वर्ष की मंगलवार को कंप्रेशर वाहन से दब जाने के कारण मौत हो गई। मृतक कर्मी विकास गिरिडीह जिला के राजधनवार थाना अंतर्गत दसियाडी गांव निवास सदानंद चौधरी का पुत्र बताया जाता है। जानकारी के अनुसार मृतक आकांक्षा इंटरप्राइजेज नामक एनजीओ में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। वह गत पांच वर्षो से कचरा प्रबंधन कार्य कराता था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नगर परिषद की ओर से कचरा निस्तारण के लिए हाइड्रोलिक कंप्रेशर का एक नया मशीन मंगाया गया था। उसका प्रशिक्षण देने के लिए मंगलवार को दिल्ली से एक प्रशिक्षक आया था। प्रशिक्षण के दौरान सुपरवाइजर विकास चौधरी खड़ा होकर देख रहा था। इसी बीच वह कंप्रेशर मशीन की चपेट में आ गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में नगर परिषद के कर्मियों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि विकास पिछले 5 वर्षों से आकांक्षा इंटरप्राइजेज नामक एनजीओ की ओर से गढ़वा शहर से कचरा उठाओ का कार्य करता था। मंगलवार की दोपहर में कचरा निस्तारण कंप्रेशर मशीन का प्रशिक्षण हो रहा था। जिसमें वह दब गया। शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों का आने का इंतजार किया जा रहा है। नगर परिषद की ओर से नियमानुसार मुआवजा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। नगर परिषद के कर्मियों ने बताया कि विकास पिछले दिनों ही घर से होली की छुट्टी मना कर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ गढ़वा लौटा था। विकास चौधरी घर का एकलौता कमाऊ सदस्य था। उसके कंधे पर ही परिवार की सारी जिम्मेवारी थी।

## पेज एक का शेष

### चंपई ने दिये बड़े...

तभी से इस बात की चर्चा थी कि कल्पना सोरेन के लिए यह सीट खाली करायी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा, पार्टी की ओर से एक सप्ताह में इस बात पर अंतिम फैसला किया जायेगा कि कल्पना सोरेन को गांडेय सीट से लड़ाया जाये या नहीं। यदि वह लड़ती हैं और जीतते हैं तो मुख्यमंत्री बनाये जाने पर फैसला पार्टी नेताओं की ओर से लिया जायेगा जिनमें शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन और अन्य नेता शामिल हैं।

**सीता की कभी उपेक्षा नहीं हुई :** चंपई सोरेन ने इस बात को खारिज किया कि पार्टी में कभी सीता सोरेन की उपेक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की तीन बार की विधायक रही हैं। शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं। दिवंगत नेता दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता ने पिछले महीने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने उन्हें दुमका सीट से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है।

### पांच राज्यों में...

**जूनियर को प्रभार सौंपे बदले गये अफसर :** आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्थानांतरित किये गये सभी अधिकारियों को तत्काल अपने जूनियर ऑफिसर को प्रभार सौंपने के लिए कहा गया है। बैछक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी शामिल थे। इस दौरान आयोग की ओर से की गयी नियमित समीक्षा के तहत यह फैसला किया गया। आयोग ने कहा कि जिन अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है, उन्हें लोकसभा चुनावों के पूरा होने तक कोई चुनाव ड्यूटी नहीं दी जायेगी।

**भोजपुर व नवादा के डीएम-एसपी बदले :** चुनाव आयोग ने बिहार के भोजपुर और नवादा जिले के डीएम व एसपी का ट्रांसफर किया है। आंध्र प्रदेश में कृष्णा, अनंतपुरामु और तिरुपति जिले के डीएम को बदले गये हैं। इसके अलावा प्रकाशम, पालनाडु, चित्तुर, अनंतपुरामु और नेल्लोर के एसपी का तबादला हुआ है। साथ ही गुंटूर के आइजीपी का भी तबादला कर दिया गया है। ओडिशा सरकार को 2 जिलाधिकारियों, 5 पुलिस अधीक्षकों और एक पुलिस महानिरीक्षक समेत 8 अधिकारियों का तबादला करने का आदेश दिया।

### कई आइपीएस को...

खूंटी- रांची के सिंडिकेट से बालू के नाम पर उगाही के साथ साथ आर्म्स की तस्करी को लेकर भी मीरा इडी के राडार पर पहले से ही थी। मोहित लाल के मोबाइल से मिले साक्ष्य के मुताबिक, इडी को प्रारंभिक साक्ष्य मिले हैं, जिससे आर्म्स तस्करी में उसकी संलिप्तता है। पूछताछ में आये तथ्यों से राज्य की एजेंसियों के साथ-साथ राष्ट्रीय जांच एजेंसी के साथ भी इडी जानकारी शेयर कर सकती है। हथियारों की डील किससे हुई, इससे जुड़े प्रारंभिक साक्ष्यों पर इडी पड़ताल कर रही है।

### तीसरे कार्यकाल में...

**सीसीए पर लोगों को भड़का रही है :** पीएम मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस का तुष्टिकरण का इतिहास रहा है और इसीलिये वह नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) जैसे कानून का विरोध कर रही है। लोगों को भड़का रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा किया है और उसके राज में देश की सीमायें सुरक्षित नहीं थीं। कांग्रेस के राज में ही गुरूनानक देव जी की पवित्र धरती हमसे छिन गयी। उनकी सरकार ने अब करतार कोरिडोर बनाकर लोगों को सहूलियत दी है। उन्होंने कच्चातिवु द्वीप मामले को लेकर भी कांग्रेस पर राजनीतिक हमला बोला। कहा कि कांग्रेस सरकार ने उसे श्रीलंका को सौंप दिया था। अब हमारे लोग उधर झांक भी नहीं सकते हैं। श्री मोदी ने उत्तराखंड को लेकर भी अपनी प्राथमिकता दोहराई और कहा कि उत्तराखंड को विकसित बनाना है और उसे आगे ले जाना है। उन्होंने जनता से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की और भाजपा के पांचों उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताकर संसद भेजने को कहा।


### ट्रैफिक एसपी को ...

ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की रकम भी बढ़ायी गयी है। शहर में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस वजह से जाम की समस्या रहती है। दिसंबर 2024 तक फ्लाईओवर का काम पूरा होने के बाद लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। कोर्ट ने नगर निगम के जवाब पर असंतुष्टि जाहिर की और ट्रैफिक एसपी को इन सवालों पर जवाब बुधवार को देने को कहा है।

## अवैध तरीके से संचालित क्लिनिक को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने किया सील

**अनुप सिंह**

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों अवैध क्लिनिक का धंधा काफी फल-फूल रहा है। जिसका नतीजा यह है कि किसी एक - दो को फायदा तो किसी को बहुत ज्यादा नुक्सान भी पहुंच रहा है। बताते चलें की गुरुवार के दिन कांडी बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक में प्रसव पीड़ा से व्याकुल मझिगवां के शिवड़ी टोला निवासी महिला पुजा कुमारी के असुरक्षित प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई थी। जबकि महिला को गंभीरावस्था में गढ़वा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़िता के परिजनों द्वारा महिला डॉक्टर के खिलाफ कांडी थाना, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी रेफरल अस्पताल मझिआंव व सिवल सर्जन गढ़वा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। जिसको लेकर खबर मंत्र दैनिक समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर दिखाई गई थी। जिसके बाद सोमवार को सिविल सर्जन अशोक सिंह एवं मझिआंव रेफल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ एवं उनकी टीम सोमवार को कांडी पहुंचकर अवैध तरीके से चल रहे क्लिनिक को सील कर दिया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन ने कहा कि अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सिल कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



क्लिनिक को सील करते पदाधिकारी

## अवैध शराब के विरूद्ध चला छापामारी अभियान

**धुरकी।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निदेर्शानुसार धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने सोमवार की रात्रि धुरकी थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान करीब 5 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया गया तथा करीब 60 लीटर महुआ शराब को जप्त कर रक्सी निवासी रामाधार प्रजापति के विरुद्ध कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने कहा कि धुरकी थाना क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध शराब का कारोबार चलने नहीं दिया जायेगा। छापामारी दल में एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव, एएसआई संजय कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

## सदर अस्पताल में महिला का पर्स और मोबाइल चोरी

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में इलाज के लिए आयी महिला का शातिर चोर ने मोबाइल और पर्स चोरी कर ली। महिला ने सदर अस्पताल के गार्ड को सूचना दी, लेकिन गार्ड के नाकामी से शातिर चोर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। महिला ने सदर अस्पताल के सुरक्षा कर्मी पर आरोप लगाया कि अस्पताल कर्मी की मिलीभगत से शातिर चोर पर्स और मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया। सदर अस्पताल में गार्ड की सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। इसके बाद भी चोर अस्पताल के सुरक्षाकर्मी की आंखों में धूल झोंककर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे। झलुआ गांव निवासी गीता देवी ने बताया की सदर अस्पताल में इलाज के लिए आए थे। पर्ची कटने के बाद महिला चिकित्सक से 9 नंबर रूम में दिखाया। जिसके बाद उसी चिकित्सक के द्वारा कुछ जांच लिखा गया उसे कराने के लिए 4 नंबर रूम में गई। उसके बाद जैसे ही बाहर आई तो देखा कि उसके थैले में ब्लेड मारा हुआ है। और उसमे से एंड्रॉयड मोबाइल व पर्स नही है। इस संबंध में सीएस डॉ अशोक कुमार ने कहा कि कुछ सीसीटीवी खराब हो गया था। जिसे अविलंब अस्पताल के मैनेजर को बोलकर ठीक करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ मरीज और उनके परिजन की भी लापरवाही है।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस ने आधा दर्जन स्थानों पर की छापामारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगते ही चुनाव को भयमुक्त, स्वच्छ एवं निष्पक्ष कराने को लेकर जिला प्रशासन कमर कस हो चुकी है। इधर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मझिआंव थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी आकाश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अवैध महुआ शराब निर्माण के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाई जा रही है। इसी दौरान थाना क्षेत्र के करमडीह, दुबे तहले, रजवारी टोला, पृथ्वी चक के टोला गढ़ौटा, खरसोता आदि गांवों में अवैध रूप से महुआ शराब को लेकर कई स्थानों पर छापामारी की गई ।साथ ही शराब बनाने वाला जावा महुआ को विनष्ट किया गया। साथ ही कई उपकरणों को जप्त भी किया गया है ।इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव भयमुक्त एवं स्वच्छ संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध महुआ शराब निर्माण के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाई जा रही है। थाना क्षेत्र के करमडीह गांव के खेत में झाड़िनुमा स्थल से लगभग 5 क्विंटल महुआ शराब बनाने के लिए जावा महुआ को विनष्ट किया गया। लगभग 20 लीटर महुआ शराब जप्त कर थाना लाया गया।

# सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय राणाडीह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल द्विवेदी ने शिक्षक के रूप में अपने नौकरी की शुरूआत 1994 ई. में प्राथमिक विद्यालय चनना खरौंधी से की। एक मई 2017 को मध्य विद्यालय राणाडीह में योगदान किया। वर्तमान विद्यालय में सात साल तक सेवा देकर 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हो गए।



सम्मानित करते संघ के सदस्य व अन्य

अखिल राज्य झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य आलोक कुमार, जिलाध्यक्ष सुनिल दुबे, संगठन सचिव दिलीप श्रीवास्तव, प्रविण दुबे, अंजनी पाण्डेय सहित उपस्थित अन्य शिक्षकों, ग्रामीणों व विद्यालय परिवार ने अंगवस्त्र, बुके व विभिन्न प्रकार का भेंट देकर देकर सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित किया। मौके पर कांडी बीपीओ विरेन्द्र प्रसाद ने सेवानिवृत्त शिक्षक की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि श्री द्विवेदी हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में रहते थे, इनके योगदान को शिक्षा विभाग कभी नहीं भुला सकता है ।सेवानिवृत्त शिक्षक ने कहा कि मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण है, लोगों का जो स्नेह व साथ मिला उसके लिए उन्होंने सबों को धन्यवाद दिया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार पंडित द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का संचालन बुनियादी विद्यालय सेमौरा के प्रधानाध्यापक पुरूषोत्तम कुमार दुबे ने किया। मौके पर बीपीओ विरेन्द्र प्रसाद, मुखिया ललित बैठा, शिक्षक संघ के आलोक कुमार, श्याम बिहारी दुबे, श्याम सुन्दर शर्मा, ब्रजमोहन मिश्रा, धन्नजय मेहता, देवेन्द्र तिवारी, सीआरपी धर्मेंद्र दुबे, अरूण कुमार, सुरेन्द्र राम, लव सिंह, सतीश कुमार, विनोद चंचल, दुर्गा सिंह, अनिल तिवारी, सूर्यदेव मेहता सहित विद्यालय के सभी शिक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## ओड़िशा विस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 112 प्रत्याशियों की सूची

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पहली सूची में 112 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। ओडिशा में विधानसभा की 147 सीटें हैं। पिछले चुनावों में भाजपा को 23 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा राज्य में अकेले विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ रही है। उल्लेखनीय है कि पहले भाजपा और बीजू जनता दल के गठबंधन की चर्चा थी लेकिन आखिरी समय में मामला अटक गया।

## भाजपा सांसद अजय निषाद ने थामा हाथ

**नयी दिल्ली ।** बिहार के मुजफ्फरपुर से पिछले आम चुनाव में लगातार दूसरी बार लोकसभा पहुंचे भाजपा सांसद अजय निषाद मंगलवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार के प्रभारी मोहन प्रकाश, बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह तथा अन्य नेताओं की मौजूदगी में श्री निषाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मंगलवार को कांग्रेस का दामन थामा।

## चीन ने चार देशों में राजदूत नियुक्त किए

**बीजिंग।** चीन ने सिगांपुर, मेडागास्कर, अंगोला और पनामा में अपने नए राजदूत नियुक्त किए हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शीर्ष असेंबली नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के स्थायी समिति के निर्णय पर नई नियुक्तियां की हैं। जिनपिंग ने सिंगापुर में सुन हैयान के स्थान पर काओ झोंग-मिंग, मेडागास्कर में गुओ जियाओमी की जगह जी पिंग, अंगोला में गोंग ताओ के स्थान पर झैंग बिन और पनामा में वेई कियांग की जगह पर जू जुएयुआन को नया राजदूत नियुक्त किया है।

## मप्र में मुठभेड़, दो इनामी नक्सली ढेर

बालाघाट। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में पुलिस मुठभेड़ में दो इनामी नक्सली मारे गए हैं, जबकि अन्य कुछ नक्सली घायल हुए हैं। वहीं कुछ भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने मौके से हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया है कि 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजन्ति उर्फ क्रांति मारी गई है, जोकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेट थी। इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेरसिंह भी मारा गया है।

## गुलाम नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी से लड़ेंगे चुनाव

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। आजाद ने 2022 में कांग्रेस छोड़कर पार्टी के साथ अपने पांच दशक लंबे जुड़ाव को समाप्त कर दिया। डीपीएपी नेता ताज मोहिउद्दीन ने कहा कि आजाद अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि 2014 में उधमपुर से भाजपा नेता जितेंद्र सिंह से हारने के बाद आजाद के लिए यह पहला लोकसभा चुनाव होगा।

## गाजा में 200 से अधिक आतंकी ढेर

**यरुशलम।** इजराइली सेना के ताजा कार्रवाई में 200 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं, जबकि 500 को गिरफ्तार किया गया है। हमास ने अस्पताल के भीतर और आसपास मारे गए लोगों का आंकड़ा 400 बताया है। गाजा के सबसे बड़े अस्पताल को इजरायली सेना ने बर्बाद कर दिया है। सेना ने बताया है कि दो हफ्ते की कार्रवाई में सैकड़ों आतंकियों को मारा गया और गिरफ्तार किया गया है। बड़ी मात्रा में हथियार और खुफिया दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इजराइली के दो जवान भी मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। इस दौरान आमजनों, मरीजों और चिकित्सा कर्मियों को बचाने की अधिकतम कोशिश की गई।

# देश की हर बीमारी की जड़ है कांग्रेस : मोदी

## दस साल में जो किया वह केवल ट्रेलर, अभी बहुत कुछ करना शेष : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में देश की सियासत दो खेमों में बंटी नजर आ रही है। एक तरफ राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है, तो दूसरी तरफ देश को लूटने के मौके तलाशने वाली कांग्रेस है। आज एक तरफ देश को परिवार मानने वाली भाजपा है, तो दूसरी तरफ अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। एक तरफ दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है, तो दूसरी ओर विदेश में जाकर भारत को कोसने वाली कांग्रेस है। ऐसी देश विरोधी परिवारवादी ताकतों के खिलाफ राजस्थान हमेशा ढाल बनकर खड़ा रहा है। भाजपा का मतलब है विकास, समाधान, कांग्रेस का मतलब है देश की हर बीमारी की जड़। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को राजस्थान के कोटपुतली में जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

- एक तरफ दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा और विदेश में जाकर भारत को कोसने वाली कांग्रेस है
- भाजपा सरकार ने दस साल में 25 करोड़ परिवारों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला

कांग्रेस पर देश को लूटने के मौके तलाशने वाली पार्टी बताते हुए कहा है कि उसने हमेशा गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन कुछ नहीं किया जबकि भाजपा की सरकार ने दस साल में 25 करोड़ परिवारों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल दिया और इन दस साल में जो किया वह तो केवल ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना शेष हैं।

मोदी ने कहा कि राजस्थान ने 2014 में भाजपा को 25 की 25 सीटें दी थीं। 2019 में भी एनडीए को सारी सीटें दी थीं। अब 2024 में भी राजस्थान 25 की 25 सीटें देने का फैसला कर चुका है। मोदी ने कहा कि इन लोगों ने डरा कर रखा कि राम मंदिर का नाम भी लोगे तो देश जल जाएगा। आग लग



जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले, लेकिन आग नहीं लगी। दस साल में जो हुआ, वो ट्रेलर है। अभी बहुत कुछ बाकी है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णय वाला होने वाला है। लोग कहते हैं कि मोदीजी अब बहुत हो गया, अब आराम करो, लेकिन मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ। मोदी मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। मोदी ने कहा कि भारत की सफलता के बीच मैंने कभी यह दावा नहीं किया कि दस साल में हमने सब कुछ पूरा कर दिया लेकिन यह भी सत्य है कि जो काम आजादी के बाद पांच-छह दशकों में नहीं हो पाए, वह काम हमने करके दिखाए हैं। देश को जिस गति की जरूरत थी, हमने उस गति से काम किया है। कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया, भाजपा ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाल कर दिखा दिया है। उन्होंने ऐसा डराकर रखा कि अनुच्छेद 370 को कोई छुएगा तो भयंकर करंट लग जाएगा। उन्हें पता नहीं है कि यह मोदी है। मोदी ने कहा कि मैं उनके भ्रष्टाचार पर सवाल उठाता हूं, इसलिए मैं उनके निशाने पर हूं। वे मुझे गालियां देते हैं और कह देते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है, इसलिए भ्रष्टाचार की जरूरत नहीं है। उनका परिवार है तो क्या भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है क्या? मेरा परिवार देश की जनता है। उन्होंने कहा कि ये पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए रैली पर रैली करती जा रही हैं। ये पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें सारे भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। आज कांग्रेस के लोगों ने अपने खतरनाक इरादे जताने शुरू कर दिए हैं, इसलिए देश को बचाने के लिए ये चुनाव बेहद अहम है। आज देश में भाजपा की मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत और बढ़ गई है।

### कांग्रेस के बड़े नेता आग लगने की दे रहें हैं धमकी

उन्होंने कहा कि यह पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता खुद के चुनाव जीतने की बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन वो देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर भाजपा जीती तो देश में आग लग जाएगी। मोदी ने कहा कि वे 10 साल से कांग्रेस की लगाई हुई आग को बुझा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र से सटी सीकर और अलवर लोकसभा क्षेत्रों को भी साधा। उन्होंने कहा कि बहुत कुछ हुआ होगा, लेकिन दस साल में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों वाला होने वाला है। कांग्रेस ने देश को डराकर रखा कि राम मंदिर का नाम लिया तो देश जल जाएगा, आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले और कहीं आग भी नहीं लगी।

## राहुल गांधी आज केरल के वायनाड से करेंगे नामांकन




**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। यहां से वह दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन से पहले वह निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे और शाम तक दिल्ली लौट आएंगे। केरल में चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन से है। सुरेंद्रन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अच्छा है कि गांधी आखिरकार अपना नामांकन दाखिल करने के लिए वायनाड आ रहे हैं। राज्य भाजपा प्रमुख ने कांग्रेस नेता पर निर्वाचन क्षेत्र में कुछ भी काम नहीं करने का आरोप लगाया है।

# आप सांसद संजय सिंह को जमानत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने श्री सिंह की जमानत अर्जी मंजूर की। श्री सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर (उच्च न्यायालय के उस आदेश को) शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम संजय सिंह को जमानत दे रहे हैं। मुकदमे के लंबित रहने के दौरान उन्हें रिहा किया जाएगा। वह अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं। न्यायालय ने हालांकि श्री सिंह को सावधान करते हुए कहा कि वह अपनी भूमिका या दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़ी किसी भी मुद्दे पर



कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पक्ष रखने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी एस राजू ने अपना (केंद्रीय जांच एजेंसी का) रुख नरम करते हुए कहा कि आप नेता श्री सिंह को जमानत दी जाती है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि बयान (ईडी के) के मद्देनजर हम वर्तमान अपील (जमानत याचिका) को स्वीकार करते हैं और निर्देश देते हैं कि संजय सिंह को ट्रायल कोर्ट द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों पर मुकदमे के लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा किया जाए।' पीठ ने आप नेता की अपील स्वीकार करते हुए यह भी कहा कि छह महीने से वह (संजय सिंह) हिरासत में है, लेकिन कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। कोई पैसा

### दिल्ली शराब घोटाला

- राजनीति गतिविधि जारी रखेंगे और घोटाले से जुड़ी किसी भी मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे : कोर्ट

बरामद नहीं हुआ है। पैसों का नामोनिशान नहीं है। इसके बाद अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल श्री राजू ने पैसे के निशान न होने की बात की व्याख्या करने की कोशिश की। इस पर पीठ ने स्पष्ट किया कि न्यायालय इस स्तर पर उस प्रश्न पर विचार नहीं कर रहा है, लेकिन मामले का तथ्य यह है कि पैसा बरामद नहीं किया गया है। सुनवाई के दौरान ईडी ने यह भी दावा किया कि श्री सिंह के सहयोगियों, विवेक त्यागी, अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के मुख्य आरोपी दिनेश अरोड़ा के साथ (इस मामले में) घनिष्ठ संबंध थे। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया गया है कि श्री सिंह को कथित तौर पर दो मौकों पर दो करोड़ रुपये गलत तरीके से प्राप्त हुए थे।

## महुआ मोइत्रा पर पीएमएलए केस दर्ज

**घूस लेकर सवाल पूछने के मामले में टीएमसी के पूर्व सांसद पर इडी का शिकंजा**



**कोलकाता।** घूस लेकर सवाल पूछने के मामले में संसद से निष्कासित तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को उनके खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है।

इडी की टीम ने मोइत्रा पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह एफआईआर मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज की गई है। आरोप है कि मोइत्रा ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) नियमों का उल्लंघन किया है। दरअसल, ईडी फेमा के प्रावधानों के तहत महुआ मोइत्रा का बयान दर्ज करना चाहती है। उनके खिलाफ एनआरआई खाते से जुड़े लेनदेन की जांच की जा रही है। इसके अलावा विदेश में पैसे भेजने के कुछ अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

# हीट वेब को ले स्वास्थ्य मंत्रालय की बैठक आज

**एजेंसी**


**नयी दिल्ली।** आने वाले दिनों में बढ़ती गर्मी को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कार्ययोजना तैयार करने के लिए बैठक बुलाई है। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया मौजूद रहेंगे। दोपहर करीब तीन बजे होने वाली इस बैठक में नीति आयोग, डीजीएचएस, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के डीजी, निदेशक एम्स, सफदरजंग के चिकित्सा अधिक्षक(एमएस), आरएमएल के एमएस भी मौजूद रहेंगे। बैठक में गर्मी से संबंधित बीमारी से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ साथ आगामी गर्मी के मौसम के लिए एक कार्य योजना तैयार की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस बार मौसम विभाग ने तीन महीने के लिए बहुत गर्मी पड़ने की संभावना जताई है। इसको देखते हुए अस्पताल की

- बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया, नीति आयोग, डीजीएचएस आइसीएमआर के डीजी व एम्स निदेशक रहेंगे मौजूद
- बीमारी से निपटने के साथ साथ गर्मी के मौसम के लिए एक कार्य योजना होगी तैयार

तैयारियों और इससे निपटने के लिए उपायों पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने इस बार ग्रीष्म ऋतु में अप्रैल से जून के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने और ज्यादा दिन लू चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने सोमवार को अगले तीन महीनों को पूवार्नुमान जारी किया। इसमें कहा गया है कि गर्मी के मौसम के दौरान दक्षिण प्रायद्वीप, मध्य भारत, पूर्वी भारत और उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक उष्ण लहर वाले दिन होने की संभावना है।

# प्रियंका चोपड़ा की फिल्म टाइगर 22 को होगी रिलीज

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने आने वाले प्रोजेक्ट टाइगर की घोषणा की है। फिल्म टाइगर 22 अप्रैल को अर्थ डे पर रिलीज होगी। डिज्नी प्लस हॉटस्टार की टाइगर भारत में जंगल और बाघों के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में प्रियंका ने अंबा नाम की बाघिन की आवाज दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर इस बात की जानकारी भी दी है। इस फिल्म की शूटिंग पिछले 8 सालों से हो रही है। भारत के जंगलों में भ्रमण, जहां छोटे-बड़े



जीव-जंतुओं की बड़ी संख्या है, कई विशाल जानवर भी हैं। इस बीच अंबा नाम की बाघिन अपने बच्चों की देखभाल कर रही है।




मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर लांच करते चुनाव आयुक्त।

# चुनाव में फेक न्यूज से निपटने के लिए मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर लांच

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान फेक न्यूज से निपटने के लिए मंगलवार को मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाना और मतदाताओं को सटीक जानकारी देने के लिए चुनाव आयोग के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ

**इवीएम, वीवीपीएटी, मतदाता सूची, चुनावों के संचालन, मिथकों और गलत सूचनाओं के क्षेत्रों को कवर करेगा**

निर्वाचन सदन, नई दिल्ली में लॉन्च किया गया। मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध है। मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर चुनाव के दौरान प्रसारित मिथकों और झूठ को दूर करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी के एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करता है। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल डिजाइन किया गया है। यह ईवीएम, वीवीपीएटी, मतदाता सूची, मतदाता सेवाओं, चुनावों के संचालन आदि को लेकर मिथकों और गलत सूचनाओं के क्षेत्रों को कवर करता है। यह रजिस्टर पहले से ही उजागर चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले संभावित मिथक, महत्वपूर्ण विषयों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न की सटीक जानकारी उपलब्ध कराता है।

# हावड़ा में टीएमसी के ही दो दिग्गजों के बीच मुकाबला

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की 42 सीटों में से हावड़ा लोकसभा सीट पर इस बार दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। भाजपा ने रथीन चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाया है जो हावड़ा नगर निगम के पूर्व मेयर रहे हैं और 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए थे। इससे पहले वे तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे। उनके खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने मौजूदा सांसद और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी प्रसून बनर्जी को टिकट दिया है। लंबे समय तक एक ही पार्टी में रहे दोनों नेता इस बार एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। वामदलों ने इस सीट पर सब्यसाची चट्टोपाध्याय को टिकट दिया है।

हावड़ा बंगाल का एक जिला और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है।



हावड़ा राज्य के व्यस्त शहरों में से एक है। कोलकाता और कलिम्पोंग के बाद हावड़ा तीसरा सबसे छोटा जिला है। जिले का मुख्यालय हावड़ा ही है। इसे कोलकाता का जुड़वा शहर भी कहा जाता है। जिला हुगली नदी और पूर्व में उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलों से, उत्तर में हुगली जिला (आरामबाग और श्रीरामपुर उप-विभाग) से और दक्षिण में मिदनापुर पूर्वी जिले से घिरा हुआ है। हावड़ा जिले का कुल क्षेत्रफल 1,467 वर्ग किमी है। दर्शनीय स्थलों में कैंटिलीवर हावड़ा ब्रिज है। यह दुनिया में अपनी तरह का छठा सबसे लंबा पुल है जिसकी कुल लंबाई 2,150 फीट है। भारतीय वनस्पति उद्यान और संतरागाछी झील हावड़ा के कुछ आकर्षणों में से है। हावड़ा जिले की आबादी 21 लाख 12 हजार 447 है। इसमें से 92.96 फीसदी आबादी शहरी है बाकी 7.04 फीसदी ग्रामीण। अनुसूचित जाति और जनजाति का रेश्यो यहां पर 9.04 और 0.3 पर्सेंट है। यहां पर 15 लाख 90 हजार 414 वोटर हैं। यहां की आबादी के घनत्व 2913 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। हावड़ा का सेक्स रेश्यो 935 है।

### लोकसभा चुनाव

- भाजपा ने टीएमसी रथीन चक्रवर्ती को दिया टिकट
- ममता बनर्जी ने पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी प्रसून बनर्जी मैदान में उतारा

यहां की साक्षरता दर 83.85 है। पुरुषों की साक्षरता दर 81 फीसदी है जबकि 73 फीसदी महिलाएं साक्षर हैं। यहां की आधिकारिक भाषा बंगाली है जबकि हिंदी और इंग्लिश भी खूब बोली जाती है। तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी पांच लाख 76 हजार 711 वोटों से जीते थे। भाजपा के रंतिदेव सेनगुप्ता चार लाख 73 हजार 016 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। माकपा के सौमित्र अधिकारी एक लाख 05 हजार 547 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस के शुभ्र घोष 32 हजार 107 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहे।

## भ्रामक विज्ञापन मामले में बालकृष्ण व रामदेव का माफीनामा खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एलोपैथ को लेकर भ्रामक विज्ञापन मामले में पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण और बाबा रामदेव के माफीनामा को अस्वीकार कर दिया है। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि आपकी ओर से आश्वासन दिया गया और उसके बाद उल्लंघन किया गया। यह देश की सबसे बड़ी अदालत की तौहीन है और अब आप माफी मांग रहे हैं। यह हमें स्वीकार नहीं है। आप बेहतर हलफनामा दाखिल करें। मामले की सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान मंगलवार को रामदेव और बालकृष्ण कोर्ट में पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत के आदेशों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि देश की किसी भी अदालत के आदेशों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!